हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 01 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 292 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00



## संक्षिप्त समाचार

### अब तक 2025 का निःशुल्क इलाज

**गया**। आदर्श बुद्धा वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले राणा इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल लखीबाग मानपुर द्वारा पितृपक्ष मेला में अक्षयवट के निकट माड़नपुर में लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर में अब तक कुल 2025 पिंडदानियों की निःशुल्क सेवा की गई है। एक ही पंडाल में आदर्श बुद्धा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से दो काउंटर लगाए गए हैं जिसमें एक पर होम्योपैथिक दवा से चिकित्सा की जा रही है जबकि दूसरे पर इलेक्ट्रो होमियोपैथी दवाओं से चिकित्सक मरीजों का इलाज कर रहे है। शिविर के संचालक डॉ. राणा प्रताप शर्मा ने बताया कि चिकित्सा शिविर में होमियोपैथी से 890 रोगियों का इलाज तथा इलेक्ट्रो होम्योपैथिक दवाओं से 1135 रोगियों का सफल इलाज अब तक किया जा चुका है। होम्योपैथिक शिविर का निर्देशन डॉ राणा प्रताप शर्मा तथा इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा का निर्देशन डॉ लीलाधर कुमार मिश्रा कर रहे हैं। शिविर में डॉ. सूर्य देव पांडेय, डॉ. सैयद मुस्तफा कमाल, डॉ. लीलाधर कुमार मिश्रा, डॉ. वेद प्रकाश पांडेय,डॉ. राकेश , डॉ.अजित कुमार मिश्रा, डॉ. बेलाल अहमद खान, डॉ. इंद्र कुमार, डॉ. अर्चना, डॉ. अभिजीत आदि मौजूद थे।

### सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी 17 पूजा पंडालों में पुलिस अफसरों की तैनाती

**पंडालों में सुरक्षा और शांति बनाए रखने में मदद मिलेगी**

**एकंगरसराय**। थाना क्षेत्र में बनने वाले सभी 17 पूजा पंडालों में पुलिस अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। यह तैनाती शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गापूजा और विसर्जन के लिए की गई है। इन पुलिस अधिकारियों की तैनाती से पूजा पंडालों में सुरक्षा और शांति बनाए रखने में मदद मिलेगी। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि प्रत्येक पूजा पंडाल में एक पुलिस निरीक्षक या उप-निरीक्षक की तैनाती की गई है, जो असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे और समिति के सदस्यों को भी मदद करेंगे। एसपी ने इस आशय के निर्देश दिए थे। किस पूजा पंडाल में किनकी तैनाती - काली पूजा समिति एकं. - पुलिस उप-निरीक्षक सूर्य देवनारायण सिंह। - भारत माता पूजा समिति एकंगरसराय - सब-इंस्पेक्टर अनिल कुमार। - दुर्गा पूजा समिति दुखहरण स्थान एकंगरसराय - सब-इंस्पेक्टर सुरेंद्र महतो। - शंकर पूजा समिति एकंगरसराय - परि. पुलिस उप-निरीक्षक चंदा कुमारी। - दुर्गा पूजा समिति बिहार रोड - परि. पुलिस उप-निरीक्षक कंचन कुमारी। - रामजानकी पूजा समिति - पीटीसी सत्येंद्र राम। - दुर्गा पूजा समिति हिलसा रोड एकंगरसराय - सब-इंस्पेक्टर प्रमोद शर्मा। - काली पूजा समिति एकंगरडीह - सब-इंस्पेक्टर राजकुमार पासवान। -दुर्गा पूजा समिति एकंगरडीह - ओम किशोर सिंह। - दुर्गा पूजा समिति निश्चलगंज - पुलिस उप-निरीक्षक हरेंद्र कुमार सिंह। - दुर्गा पूजा समिति कोशियांवा बाजार - सब-इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार। - काली पूजा समिति निश्चलगंज - सब-इंस्पेक्टर अकील अहमद खां। - दुर्गा पूजा समिति अमनार खाश - पुलिस उप-निरीक्षक निर्मल सिंह। - दुर्गा पूजा समिति अत्तरामचक - सब-इंस्पेक्टर ज्ञान प्रकाश पासवान। - भारत माता पूजा समिति पसंघी - पुलिस उप-निरीक्षक सोनाजीत तिवारी। - काली पूजा समिति रामचंद्रपुर (करणगंज) - सब-इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार। - दुर्गापूजा समिति (करणगंज) - सब-इंस्पेक्टर सतीश सिंह।

**ऑनलाइन गेम और ब्राउन शुगर ने ली युवक की जान**

### नालंदा में फांसी लगाकर की खुदकुशी, 3 लाख के कर्ज में डूबा था मृतक

**नालंदा**। नालंदा में चण्डी थाना क्षेत्र के बाजार इलाके में रविवार को युवक ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान स्वर्ण व्यवसायी संतोष कुमार के (24) वर्षीय पुत्र गौरव कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजन शव को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना को लेकर मृतक के परिजन ने बताया कि युवक अपने पिता के साथ सोने चांदी का दुकान चलाता था। उसने ब्राउन शुगर और ऑनलाइन गेम की लत की वजह से खुद को कैमरे में बंद करके फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इसकी सूचना चण्डी थाना पुलिस को दी गई है। **ऑनलाइन गेम और नशे की लत से कर्ज में डूबा था मृतकः** पूरी जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि गौरव कुमार पिछले कुछ समय से ऑनलाइन गेम और ब्रॉउन शुगर की लत में डूबा हुआ था। इस वजह से उसके ऊपर 3 लाख रुपया कर्ज भी हो गया था। इसी वजह से उसकी पत्नी भी छोड़कर मायके चली गई थी। रविवार की सुबह गौरव खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगा खुदकुशी कर ली। मामले को लेकर चण्डी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्ति हुई कि एक युवक ने घर में फांसी लगा खुदकुशी कर ली है। इसके उपरांत तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### सन्दिग्ध अवस्था में मां-बेटे की मौत

**नालंदा**। नालंदा में रविवार को मां-बेटे की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई। मृतकों की पहचान पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र के अठनवा गांव निवासी टुनटुन पासवान की पत्नी सुधा देवी और उसका बेटा करण कुमार(3) के रूप में की गई है। सुधा देवी के परिजन ने बताया कि सोई अवस्था में किसी विषैले जीव ने काट लिया। इसके बाद झाड़फूंक और इलाज को लेकर बिहारशरीफ पहुंचे। जहां झाड़फुंक के क्रम में सुधा देवी की मौत हो गई। इसके बाद जब बच्चे की तबीयत बिगड़ी तो उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अहले सुबह सोई अवस्था में ही विषैला जीव के काटने की वजह से यह हादसा हुआ। मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवारवालों की चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। इसके बाद परिजन बिना शव के पोस्टमॉर्टम कराए ही अपने साथ लेकर चले गए। परिजनों ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि किसी विषैले सांप ने सोई अवस्था में मां-बेटे को डस लिया। इसके कारण दोनों की मौत हो गई। नगर थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मंत्री से बोले बागेश्वर बाबा- कहां है मोटकु राम, यहां आओ



**♦ मखाने की माला पहनाने पर कहा- बुन्देलखण्ड में मरने पर पहनाते हैं, तुमने जीते जी पहना दी**

निज संवाददाता। गया

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का रविवार को बोधगया में दूसरा दिन था। यहां उन्होंने अपने भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान करवाया साथ ही भागवत कथा सुनाई। इसी बीच उनसे मिलने प्रदेश के वन मंत्री डॉ.प्रेम कुमार पहुंचे। उन्होंने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को मखाना की माला पहनाई। इसको लेकर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि 'बुरा मत मानना। हमारे यहां बुंदेलखंड में तो मरने पर मखाना की माला पहनाई जाती है। मरने वालों के ऊपर फेंका जाता है। तुमने तो जीते जी हमें पहना दी। हमने सोचा अब तो हो गया गुरु मेरा काम...चलो कोई बात नहीं।' बागेश्वर धाम के पीठाधीश ने पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार को मोटकु राम कह कर भी संबोधित किया। गया में बोधगया के एक रिट्रीट रिसॉर्ट में बाबा बागेश्वर धाम सरकार के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 27 सितंबर की रात पहुंचे। वे 3 दिन के लिए यहां रुके हैं। इसके लिए पूरे होटल को 3 दिन के लिए बुक किया गया है। रविवार को उनकी कथा का दूसरा दिन था। इस दौरान वह अपने 200 विशेष भक्तों को पूर्वजों का पिंडदान और भागवत कथा सुना रहे थे। इस बीच धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से आशीर्वाद लेने पर्यावरण मंत्री डॉ.प्रेम कुमार भी पहुंचे। पर्यावरण मंत्री ने उन्हें मखाने की माला पहना कर उनका स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। लेकिन उस वक्त बाबा बागेश्वर अपने भक्तों को पितृपक्ष की महिमा की जानकारी दे रहे थे। इसी कारण मंत्री साइड में जाकर बैठ गए। कथा खत्म होने के बाद सभी भक्तों के सामने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पर्यावरण मंत्री को कहा कि 'कहां है मोटकु राम आगे आओ। यह बहुत प्यारे हैं, सीधे और सरल हैं, यहां के वन मंत्री भी हैं। आपका हम कथा में स्वागत कर रहे हैं। बिहार है तो बाहर है।

# किसान गोष्ठी को सफल बनाने के लिए की बैठक



निज संवाददाता। करायपरसुराय

अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव और अध्यक्ष विजय यादव ने गांधी जयंती पर आयोजित होने वाली प्रखंड स्तरीय किसान गोष्ठी को सफल बनाने के लिए विभिन्न गांवों में बैठक की गई।बाहापर, रूपसपुर और कमरथु में आयोजित बैठक में दर्जनों किसानों ने भाग लिया। प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव ने अध्यक्षता की। बैठक में कहा गया कि मोदी और नीतीश कुमार की सरकार किसानों की हित की बात नहीं करती। किसान महासभा नालंदा को खेत खेती और किसानी को विकसित करने के लिए लोकायन नदी में तटबंध और सुखाड़ से निजात दिलाने के लिए पंचायत स्तर पर नलकूपों को चालू करने की मांग करती है।उन्होंने सरकार से किसानों और बटाईदार किसानों को प्रति एकड़ 25,000 रुपये की सहायता राशि और बाढ़ पीड़ित परिवारों को पांच-पांच क्विंटल राशन और 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की।पूर्व मुखिया उमेश जमादार और महासभा के जिला कमेटी सदस्य अखिलेश प्रसाद ने भी बैठक को संबोधित किया।

## कराजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन



पटना। सोमवार को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता डॉ. राजेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री वीरेंद्र कुमार यादव, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद, भारत, उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में राजभाषा हिन्दी के महत्व पर गहन विचार प्रस्तुत करते हुए राजभाषा नियम एवं अधिनियम के कई पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अस्पताल के सभी अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यालय कार्य हिन्दी में ही करें, जिससे हिन्दी भाषा को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके। डॉ. राजेश कुमार ने भी अपने अध्यक्षीय भाषण में इसी विषय पर जोर देते हुए सभी कर्मचारियों को हिन्दी भाषा में कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, "हिन्दी हमारी मातृभाषा है, और इसका उपयोग बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। इससे न केवल हमारी भाषा का सम्मान होगा, बल्कि कार्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता भी दिखाई देगी।" समारोह के दूसरे सत्र में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में श्रीमती ज्योति प्रसाद, उप निदेशक (राजभाषा), डॉ. शंकर प्रसाद और डॉ. एन. पी. सिंह, चिकित्सा अधिकारी, तथा श्री सत्यजीत कुमार, सहायक निदेशक (वित्त) भी मंच पर उपस्थित थे। इन सभी ने हिन्दी भाषा के महत्व को रेखांकित किया और इसे प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर अनिल कुमार, निजी सचिव ने हास्य कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं का मनोरंजन किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ हुआ, जिससे सभी उपस्थित लोगों में एकजुटता का भाव उत्पन्न हुआ। समारोह के समापन के बाद, मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार यादव और अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने अस्पताल के परिसर में पौधारोपण भी किया। इस गतिविधि के माध्यम से उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस समारोह का मंच संचालन अनिल कुमार, निजी सचिव द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किया। राजभाषा पखवाड़ा का यह समापन समारोह न केवल हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर था, बल्कि यह सभी कर्मचारियों को अपनी मातृभाषा को अपनाने और इसे बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करने का भी एक प्रयास था।

### गया में सड़क हादसा, बेलगाम ट्रैक्टर ने 2 को कुचला

**गया**। गया के फतेहपुर थाना क्षेत्र के डुमरीचट्टी के सामने एक बेलगाम ट्रैक्टर ने दो लोगों को कुचल दिया। कुचले गए दो में से एक युवक हैं, तो वहीं दूसरा अधेड़ है। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर लाया गया। जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया है। वहीं, ट्रैक्टर ड्राइवर घटनास्थल पर वाहन छोड़कर फरार हो गया है। फतेहपुर पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक गया के फतेहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत डुमरीचट्टी-फतेहपुर के बीच नरेश शाह के पेट्रोल पंप के सामने प्रमोद वेल्डिंग दुकान में तेज गति से आ रहे एक बेलगाम महिंद्रा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दो व्यक्ति को कुचलते हुए दुकान में घुस गया।

# पुरखों की याद में विदेशी पहुंचे गया जी धाम

निज संवाददाता। गया

गयाजी धाम में सनातनियों का पितृपक्ष मेला अब अपने चरम पर है। बीती 17 सितंबर से भगवान विष्णु की मोक्ष नगरी गयाजी में मेले की धूम है। देश-दुनिया के कोने-कोने से प्रतिदिन भारी संख्या में सनातनी अपने पुरखों का पिंडदान करने के लिए गया धाम आ रहे हैं। इस बीच सात समुंदर पार से विदेशी तीर्थयात्री भी अपने पुरखों का पिंडदान किया है। विदेशी तीर्थयात्री भगवान शिव की नगरी वाराणसी से होते हुए भगवान विष्णु की नगरी मोक्ष धाम गयाजी में आए हैं। उन्होंने सोमवार की सुबह देव वैदिक शास्त्रों के अनुसार अपने पुरखों का किया। विदेश से कुल 12 की संख्या में तीर्थ यात्री गयाजी आए हैं। सभी विदेशी तीर्थ यात्री अलग-अलग अलग देश के हैं। गयाजी पहुंचने के बाद विदेशी तीर्थयात्रियों ने शनिवार की रात विष्णुपद, देवघाट और सीताकुंड परिसर का भ्रमण किया था।

**डीएम ने विदेशी श्रद्धालु का किया स्वागतः** विदेशी तीर्थ यात्रियों के समूह में रूस, रसिया, उज्बेकिस्तान, नाइजेरिया, जर्मनी, घाना और अफ्रीका के लोग हैं। सभी ने अपने पुरखों का पिंडदान किया। खास बात यह भी कि सभी विदेशी श्रद्धालु का स्वागत डीएम डॉ० त्यागराजन ने संवाद सदन कार्यालय में किया। इस मौके पर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गंगा जल भेंट किया। सोमवार को विदेशी पिंडदानी देवघाट पर पूर्वजों के निमित्त कर्मकांड किया। इसके बाद सोमवार को भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों में नतमस्तक होने के लिए रवाना हुए। इन विदेशी तीर्थ यात्रियों के पूर्वजों का अर्पण तर्पण और श्राद्ध से जुड़े कर्मकांड को आचार्य लोकनाथ गौड़ से कराया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पो.ऑ.-झलझलिया, जिला : मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) (निविदा आयोजित करने वाले अधिकारी) द्वारा **मालदा मंडल में विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग (चाय) स्टॉल का अनुबंध प्रदान करने के लिए www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी कैटेलॉग आमंत्रित की जाती है। **नीलामी कैटेलॉग संख्या: केटरिंग-2024-1। नीलामी शुरू :** 05.10.2024 एवं 07.10.2024 को सुबह 10.00 बजे। मालदा मंडल में केटरिंग (चाय) स्टॉल के लिए ई-नीलामी। **क्रम संख्या; एसईक्यू. संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी एवं विवरण [केटरिंग (चाय) स्टॉल स्थल]** निम्नानुसार हैं : **1**; एए/1; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एमपीवाई-जीएमयू-63-22-1** एवं मुरारपुर। **2**; एए/2; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केकेटीए-जीएमयू-87-23-1** एवं कोइली खुटाहा। **3**; एए/3; **सीएटीजी-एमएलडीटी-जीजीए-जीएमयू-71-23-1** एवं घोघा। **4**; एए/4; **सीएटीजी-एमएलडीटी-जीआईएफ-जीएमयू-60-22-1** एवं गरफि। **5**; एए/5; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एमआरएचए-जीएमयू-19-22-1** एवं मुरहरा। **6**; एए/6; **सीएटीजी-एमएलडीटी-जीआईबीपी-जीएमयू-35-22-1** एवं घोघी बरियारपुर। **7**; एए/7; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एनएनएचटी-जीएमयू-64-24-3** एवं नोनीहाट। **8**; एए/8; **सीएटीजी-एमएलडीटी-जेएमक्यू-जीएमयू-41-22-1** एवं जमीरघाटा। **9**; एए/9; **सीएटीजी-एमएलडीटी-टीडीएलई-जीएमयू-39-22-1** एवं तिलडांगा। **10**; एए/10; **सीएटीजी-एमएलडीटी-टीएलजे-जीएमयू-100-23-1** एवं तालझारी। **11**; एए/11; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एमजेपी-जीएमयू-82-23-1** एवं महाराजपुर। **12**; एए/12; **सीएटीजी-एमएलडीटी-बीईएलटी-जीएमयू-74-23-1** एवं बेला हाल्ट। **13**; एए/13; **सीएटीजी-एमएलडीटी-टीईएलवाई-जीएमयू-99-23-1** एवं तेलिया हाल्ट। **14**; एए/14; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केपीआरडी-जीएमयू-12-22-1** एवं कल्याणपुर रोड। **15**; एए/15; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केटीजे-जीएमयू-68-22-1** एवं खालतिपुर। **16**; एए/16; **सीएटीजी-एमएलडीटी-आरजेएल-जीएमयू-1-22-1** एवं राजमहल। **17**; एए/17; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एसवीआरपी-जीएमयू-72-23-1** एवं शिवनारायणपुर। **18**; एए/18; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एचपीएलई-जीएमयू-59-22-1** एवं हाटपुरैनी हाल्ट। **19**; एए/19; **सीएटीजी-एमएलडीटी-पीएटीएम-जीएमयू-48-22-1** एवं पाटम हाल्ट। **20**; एए/20; **सीएटीजी-एमएलडीटी-बीडीबीएस-जीएमयू-62-22-1** एवं बिन्दुबासिनी। **21**; एए/21; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एमएसडीएन-जीएमयू-3-22-1** एवं मसुदन। **22**; एए/22; **सीएटीजी-एमएलडीटी-पीईटीए-जीएमयू-95-23-1** एवं पाण्डे टोला हाल्ट। **23**; एए/23; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केपीटीओ-जीएमयू-90-23-1** एवं करणपुरातो। **24**; एए/24; **सीएटीजी-एमएलडीटी-टीएलजे-जीएमयू-101-23-1** एवं तालझारी। **25**; एए/25; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एकेएन-जीएमयू-79-23-1** एवं अकबरनगर। **26**; एए/26; **सीएटीजी-एमएलडीटी-पीजेएलई-जीएमयू-56-22-1** एवं पंजवारा रोड। **27**; एए/27; **सीएटीजी-एमएलडीटी-डीआरटीपी-जीएमयू-5-22-1** एवं दशरथपुर। **28**; एए/28; **सीएटीजी-एमएलडीटी-पीडब्ल्यूबीएच-जीएमयू-45-22-1** एवं पवई ब्रह्मस्थान हाल्ट। **29**; एए/29; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एमआरएचए-जीएमयू-81-23-1** एवं मुरहरा। **30**; एए/30; **सीएटीजी-एमएलडीटी-जीजेडएम-जीएमयू-43-22-1** एवं गौड़ मालदा। **31**; एए/31; **सीएटीजी-एमएलडीटी-बीकेएलई-जीएमयू-77-23-1** एवं बाकुडीह। **32**; एए/32; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एसआरवी-जीएमयू-47-22-1** एवं सरोबाग। **33**; एबी/1; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केआरएमए-एसएमयू-84-24-1** एवं करमटोला। **34**; एबी/2; **सीएटीजी-एमएलडीटी-जेडीपीटी-एसएमयू-85-24-1** एवं झापटेढाल। **35**; एबी/3; **सीएटीजी-एमएलडीटी-जीएनएन-एसएमयू-11-24-1** एवं गनगनियाँ। **36**; एबी/4; **सीएटीजी-एमएलडीटी-आरएमपीआर-एसएमयू-33-24-1** एवं रामपुर हाल्ट। **37**; एबी/5; **सीएटीजी-एमएलडीटी-बीडीएजी-एसएमयू-37-24-1** एवं बोनीडांगा। **38**; एबी/6; **सीएटीजी-एमएलडीटी-सीटीएमपी-एसएमयू-55-24-1** एवं छोट मकंदपुर। **39**; एबी/7; **सीएटीजी-एमएलडीटी-पीपीडीआई-एसएमयू-97-24-1** एवं पिपराडीह। **40**; एबी/8; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केयूएमटी-एसएमयू-89-24-1** एवं कुमराहाट। **41**; एबी/9; **सीएटीजी-एमएलडीटी-आरआईकेडी-एसएमयू-98-24-1** एवं ऋषिकुंड। **42**; एबी/10; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एमजेपी-एसएमयू-38-24-1** एवं महाराजपुर। **43**; एबी/11; **सीएटीजी-एमएलडीटी-पीएनएसए-एसएमयू-57-24-1** एवं पुनसिया। **44**; एबी/12; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केएपी-एसएमयू-51-24-1** एवं खड़िया पीपरा। **45**; एबी/13; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केएक्सई-एसएमयू-91-24-1** एवं कल्याणचक। **46**; एबी/14; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एमवीवी-एसएमयू-54-24-1** एवं महेशी। **47**; एबी/15; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केएडीएल-एसएमयू-86-24-1** एवं कुमराडोल। **48**; एबी/16; **सीएटीजी-एमएलडीटी-सीएमएक्स-एसएमयू-40-24-1** एवं चामाग्राम। **49**; एबी/17; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एसजेजे-एसएमयू-58-24-1** एवं साँझा हाल्ट। **50**; एबी/18; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केएमजीएच-एसएमयू-88-24-1** एवं कमरगंज। **51**; एबी/19; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एसएलजे-एसएमयू-24-24-1** एवं सकरीगली। **52**; एबी/20; **सीएटीजी-एमएलडीटी-जीओजी-एसएमयू-50-24-1** एवं घोघाघाट। **53**; एबी/21; **सीएटीजी-एमएलडीटी-बीकेएलई-एसएमयू-78-24-1** एवं बाकुडीह। **54**; एबी/22; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एमजीएलई-एसएमयू-94-24-1** एवं मणिग्राम। **55**; एबी/23; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एसबीओ-एसएमयू-102-24-1** एवं सबौर। **56**; एबी/24; **सीएटीजी-एमएलडीटी-टीपीएच-एसएमयू-69-22-1** एवं तीनपहाड़। **57**; एबी/25; **सीएटीजी-एमएलडीटी-बीकेएसएल-एसएमयू-49-24-1** एवं बिक्रमशिला। **58**; एबी/26; **सीएटीजी-एमएलडीटी-केटीजे-एसएमयू-67-24-1** एवं खालतिपुर। **59**; एबी/27; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एमडीवीबी-एसएमयू-93-24-1** एवं मंदार विद्यापीठ। **60**; एबी/28; **सीएटीजी-एमएलडीटी-आरपीयूआर-एसएमयू-10-24-1** एवं रतनपुर। **61**; एबी/29; **सीएटीजी-एमएलडीटी-डीएनई-एसएमयू-80-24-1** एवं डाँड़े। **62**; एबी/30; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एजेयूजी-एसएमयू-52-24-1** एवं अबजूगंज। **63**; एबी/31; **सीएटीजी-एमएलडीटी-एलएमएम-एसएमयू-22-24-1** एवं लैलख ममलखा। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे तत्पश्चात विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी मॉड्यूल देखें।

(MLD-105/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**सरायगढ़–देवघर–सरायगढ़ स्पेशल का आवागमन जारी रहेगा**

यात्रियों की अतिरिक्त भारी भीड़ को संभालने के लिए, 05573/05574 **सरायगढ़–देवघर–सरायगढ़ स्पेशल** ट्रेन का आवागमन निम्न उल्लिखित अवधि के दौरान और अधिक ट्रिप के लिए जारी रहेगा: (1) 05573 **सरायगढ़–देवघर स्पेशल (दैनिक):** दिनांक 01.10.2024 से 15.10.2024 तक=15 ट्रिप। (2) 05574 **देवघर–सरायगढ़ स्पेशल (दैनिक):** दिनांक 01.10.2024 से 15.10.2024 तक=15 ट्रिप। अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)**

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–23.09.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– **8/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 919** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 337059 Road(24-25)_D** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 337628 District(24-25)#D



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधीन] ई-निविदा संख्या: 196_2024-25, दिनांक: 27.09.2024। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/मुख्यालय/ हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में (i) हावड़ा में जोनल नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर कम ईपीसी बिल्डिंग के निर्माण सहित हावड़ा यार्ड रिमॉडलिंग के सम्बन्ध में सेवा भवन का निर्माण। (ii) सहायक अभियंता/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन हावड़ा में रबिन्द्र रेल म्यूजियम का विकास। **अनुमानित लागत:** ₹22,22,30,392.78। **बयाना राशि:** ₹ 12,61,200। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 21.10.2024 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत तथा जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये ही स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए जमा बयाना राशि के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-316/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### नालंदा के सदर अस्पताल में मानवता शर्मसार

**नालंदा**। सदर अस्पताल में एक बार फिर स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही का मामला सामने आया है। रविवार को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को 112 नंबर की पुलिस वाहन द्वारा अस्पताल लाया गया, लेकिन प्राथमिक इलाज के बाद उसे 8 घंटे से अधिक समय तक इमरजेंसी वार्ड के बाहर ही छोड़ दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा चोर समझकर पीटा गया था।


**पूर्व मध्य रेल**

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आने वाले त्योहारों के अवसर पर यात्रियों की अधिक भीड़ के मद्देनजर निम्नलिखित विशेष गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–



**गाड़ी संख्या 03309/03310 धनबाद–जम्मू तवी एक्सप्रेस**

**समय एवं ठहराव**

| 03309 धनबाद–जम्मू तवी | | | 03310 जम्मू तवी–धनबाद | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10.10 | धनबाद | 14.00 | --- |
| 21.30 | --- | जम्मू तवी | --- | 23.30 |

**ठहरावः** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमोह, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभूआ रोड, पं० दीन दयाल उपाध्याय, बनारस, प्रयागराज, गोविन्दपुरी, टूण्डला, दिल्ली, सोनीपत, पानीपत, अम्बाला कैंट, सरहिंद, लुधियाना, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट

**परिचालन का दिन: 03309 धनबाद से (मंगलवार)**–01.10.2024 से 31.12.2024 तक = 14 फेरे,
**03310 जम्मू तवी से (बुधवार)**–02.10.2024 से 01.01.2025 तक = 14 फेरे

**संरचना:** एसी–3 टीयर–22

विस्तृत जानकारी के लिए–**www.enquiry.indianrail.gov.in/ NTES APP**

पीआर/01243/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/24–25/56 **मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर**



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू।**
**Email – dddopalamu@gmail.com**

**–:पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना:–**

पलामू जिला के वैसे दुधारू मवेशी पशुपालकों जो कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग) द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना / गव्य विकास द्वारा संचालित दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम से लाभान्वित अथवा स्वयं से दुधारू पशुओं को पालते हैं, को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) से आच्छादित करने हेतु इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पशुपालकों को दुधारू पशुओं के लिए चारा–दाना, पशु आहार, हरा चारा उत्पादन आदि कार्य हेतु बैंको द्वारा कार्यकारी पूँजी के रूप से KCC की सुविधा प्रदत्त की जायेगी।

KCC से संबंधित आवेदन पत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु इच्छुक ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालक मूल आधार कार्ड के साथ स्वयं कार्यालय पहुँचकर आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे एवं यथाशीघ्र पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, कार्यालय में समर्पित करेंगे ताकि आवेदन पत्र जाँचोपरान्त शीघ्र बैंको को अग्रसारित किया जा सके।

विशेष जानकारी एवं आवेदन पत्र हेतु कार्यालय अवधि में जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू से संपर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू।

PR 337598 (Palamu) 24-25 (D)

Page 11 Page 10

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**रोहित और जायसवाल ने कानपुर के ग्रीनपार्क में रचा इतिहास, 3 ओवर में ही 50 रन**

**नवरात्रि के शुभारंभ पर 3 अक्टूबर को 10 साल पूरे कर रहा प्रधानमंत्री का 'मन की बात'...**

देश



कृष्ण पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 01 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 292 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹77,240 | ₹95,000 |



## आज का इतिहास

- 1847 : भारत के स्वाधीनता आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाली थियोसोफिकल सोसायटी की सदस्य ऐनी बेसेंट का लंदन में जन्म हुआ।
- 1978 : भारत में विवाह के लिये लड़कियों की न्यूनतम उम्र 14 से बढ़ाकर 18 और लड़कों की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष कर दी गई।

### महाराष्ट्र में गाय को मिला 'राज्य माता' का दर्जा

**मुंबई (ए.)।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने गाय को 'राज्य माता' का दर्जा दिया है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले लिए गए इस फैसले को हिंदुत्व के नाम पर लोगों को लुभाने वाला माना जा रहा है। सरकार का कहना है कि भारत की संस्कृति और हिंदुत्व में गाय की बड़ी महिमा है।

राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

## अधिकारियों को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किया गया निर्देशित

- नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी सूचना प्रणाली का विकास आवश्यक बताया गया



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने जन-संपर्क और सूचना योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इस बैठक की अध्यक्षता सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की विकास योजनाओं और कल्याणकारी नीतियों को आम जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाना था।

मंत्री महेश्वर हजारी ने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को प्रचार-प्रसार के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें, ताकि लोग समय पर योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है, और इसकी झलक राज्य की सड़कों की स्थिति में सुधार और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में देखी जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं ने प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद की है। मंत्री ने जोर दिया कि राज्य सरकार नागरिकों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए लगातार प्रयासरत है, और इसके लिए एक मजबूत प्रचार-प्रसार व्यवस्था की आवश्यकता है।

इस समीक्षा बैठक में विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव ने विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने सोशल मीडिया के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह राज्य सरकार के प्रयासों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिला स्तर पर 'फेसबुक लाइव' जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ाया जाए, ताकि लोग सीधे जुड़ सकें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। निदेशक ने पारंपरिक माध्यमों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों के उपयोग को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों और शिकायतों का तुरंत निष्पादन किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान मिल सके। इसके साथ ही, पारंपरिक माध्यमों जैसे रेडियो, टीवी और प्रिंट मीडिया के जरिए भी राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुँचाने पर जोर दिया गया। इस बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार अपने नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए एक समग्र और प्रभावी सूचना प्रणाली का विकास आवश्यक है। मंत्री महेश्वर हजारी ने सभी विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस दिशा में सक्रियता से कार्य करें, ताकि बिहार में विकास और समृद्धि की यात्रा को और भी तेज किया जा सके।

## पिंडदान करने राजस्थान से बिहार आए तीन लोगों की मौत, 12 से अधिक लोग घायल

- हादसा सोमवार सुबह करीब 5 बजे हुआ, जब बस ड्राइवर को नींद आने से बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई



**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

बिहार में अलग-अलग हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। रोहतास में जहां राजस्थान से गया जा रहे लोगों से भरी बस ट्रक से टकरा गई और इसमें 3 लोगों की जान चली गई। वहीं बेगूसराय में काम से लौट रहे 3 युवकों को ट्रक ने रौंद दिया, जिसमें एक ने मौके पर और बाकी दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

रोहतास के चेनारी थाना क्षेत्र में जीटी रोड फोरलेन पर सोमवार सुबह करीब 5 बजे एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी यात्री राजस्थान के झालावड़ जिले के रहने वाले है और पिंडदान के लिए गया जा रहे थे। बस ड्राइवर को नींद आने से ये हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस ट्रक में पीछे से फंस गई।

मौके पर जुटे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जिसके बाद पुलिस ने क्रेन को बुलाकर बस को ट्रक से निकाला। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जाते हैं। मृतकों की पहचान बालू सिंह (61), नरेंद्र सिंह (50) और गोरधन सिंह (52) के रूप में हुई हैं। जबकि घायलों में जालिम सिंह, नुम्मू कुंअर, फतेह सिंह, नारायण सिंह, ब्रजराज सिंह, नेपाल सिंह, राजेंद्र सिंह और कई महिलाएं शामिल हैं।

### चालक को नींद आने के कारण हुआ हादसा

चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि सबराबाद में जीटी रोड फोरलेन पर टाटा मोटर्स के ठीक सामने ट्रक और बस की टक्कर में तीन की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन लोग घायल हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। एनएचएआई की क्रेन की मदद से बस को हटाया गया है। पुलिस ने बस और ट्रक दोनों को जब्त कर लिया है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की मुलाकात, सौंपा पत्र, कहा

## बाढ़ से बचाव के लिए कोसी नदी पर नया बराज बनाने की जरूरत

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में भारी बाढ़ के बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कोसी नदी पर हाई डैम बनाने की मांग है। इस सिलसिले में सोमवार को केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की है। उच्च क्षमता वाले बराज को लेकर एक पत्र भी सौंपा है। आपको बता दें कोसी में अत्यधिक पानी डिस्चार्ज के चलते आसपास के कई जिलों में बाढ़ आ गई है। नेपाल में हुई लगातार बारिश के चलते कोसी और गंडक नदी में 6 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। जिससे राज्य के 22 जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। कोशी की विनाशकारी बाढ़ से बचाने के लिए भारत- नेपाल सीमा पर हाय डैम की जरूरत 1950 में ही महसूस की गई थी। अभी तक किसी तरह का कोई समाधान नहीं निकल पाया है।



## एयर चीफ मार्शल सिंह ने वायु सेना के नये प्रमुख का कार्यभार संभाला



**नयी दिल्ली (ए.)।** एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने वायु सेना के नये प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वायु सेना के अनुसार एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्हें वायु सेना मुख्यालय वायु सेना भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने नये वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल सिंह को कार्यभार सौंपा। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वायु सेना के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



# 127वां अंतर्राष्ट्रीय मगही चौपाल सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न

**निज संवाददाता | नवादा।**

विश्व मगही परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में 30 सितंबर 2024 को 127वां अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्देश्य मगही भाषा और साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ दिवंगत मगही साहित्यकारों के कार्यों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना था। यह सम्मेलन शाम 6 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें 'मगही साहित्यकार तर्पण व कवि सम्मेलन' मुख्य विषय रहा। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख साहित्यकारों, कवियों और समाजसेवियों ने मगही साहित्य को नई दिशा देने पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मगही साहित्य की धरोहर के रूप में पांच दिवंगत साहित्यकारों—डॉ. श्रीकांत शास्त्री, डॉ. सम्पत्ति अर्याणी, परमेश्वरी सिंह 'अनपढ़', किशोर मिश्रा और महात्मा मनोज कुमार 'कमल' के साहित्यिक योगदान को स्मरण करना और उनके कार्यों पर प्रकाश डालना था। इन साहित्यकारों के द्वारा मगही भाषा और साहित्य में जो योगदान दिया गया, उसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी और मगही के प्रतिष्ठित साहित्यकार लालमणि विक्रांत ने की, जबकि मंच संचालन और तकनीकी सहयोग की जिम्मेदारी विश्व मगही परिषद् के अंतरराष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने निभाई। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की महत्ता पर प्रकाश डाला और मगही साहित्य के प्रति प्रेम और समर्पण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मगही भाषा का संरक्षण और विकास तभी संभव है, जब इसे सभी मिलकर एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि नवादा जिले के प्रसिद्ध साहित्यकार और 'मगही रत्न' राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' रहे। उन्होंने अपने संबोधन में दिवंगत साहित्यकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विशेष रूप से डॉ. श्रीकांत शास्त्री पर प्रकाश डाला। रत्नाकर ने बताया कि डॉ. श्रीकांत शास्त्री ने 1957 में एंकगर सराय में विराट मगही सम्मेलन का आयोजन किया था, जिसमें बिहार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री भी उपस्थित थे। उन्होंने श्रीकांत शास्त्री को मगही का सच्चा नायक बताते हुए उनके योगदान की प्रशंसा की और कहा कि शास्त्री जी का काम मगही भाषा के उत्थान में मील का पत्थर साबित हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आर्किटेक्ट गजानंद राम, वाइस प्रेजिडेंट, कौंसिल ऑफ आर्किटेक्चर, नई दिल्ली, ने अपने विचार साझा करते हुए मगही भाषा को सिर्फ एक साहित्यिक भाषा नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन की भाषा बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मगही भाषा की प्राचीनता और सांस्कृतिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इसे एक व्यापक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना चाहिए। गजानंद राम ने मगही भाषा की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे शिक्षा और सरकारी कामकाज में भी शामिल करने का सुझाव दिया। इस सम्मेलन में देश-विदेश से आए कई साहित्यकार, कवि, पत्रकार और मगही प्रेमी शामिल हुए। पटना से ललन प्रसाद नलिन, हेमांशु शेखर, राजकुमार कवि, राजेंद्र राज, चितरंजन चैनपुरा, डॉ. रविशंकर शर्मा, राजीव रंजन (चीन), सुजीत कुमार कौशल (गया), जयराम देवसपुरी (नालंदा), डॉ. दिलीप कुमार, शेखपुरा से जयनंदन सिंह, गोपाल जी और चुनचुन पांडेय, गया से पूनम कुमारी, और रवि कमल जैसे प्रमुख साहित्यकारों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इन साहित्यकारों ने मगही भाषा के विकास में अपने विचार प्रस्तुत किए और कविताओं व साहित्यिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। सम्मेलन के दौरान पांच दिवंगत साहित्यकारों को उनके अद्वितीय साहित्यिक योगदान के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, मगध के नौ प्रमुख साहित्यकारों को उनके साहित्यिक योगदान के लिए 'स्मृति सम्मान' से नवाजा गया। इस सम्मानित सूची में शामिल प्रमुख साहित्यकार थेः पूजा ऋतुराज को 'युगल किशोर मिश्रा-स्मृति-सम्मान'। ममता कुमारी को 'मनोज कुमार 'कमल'-स्मृति-सम्मान। प्रो. डॉ. रविशंकर शर्मा को 'डॉ. श्रीकांत शास्त्री-स्मृति-सम्मान'। राजेश मंझवेकर को 'परमेश्वरी सिंह 'अनपढ़'-स्मृति-सम्मान'। प्रो. डॉ. राजेंद्र राज को 'डॉ. सम्पत्ति अर्याणी-स्मृति-सम्मान' सत्येंद्र संगीत को 'जयराम सिंह- स्मृति-सम्मान परमानंद सिंह को 'योगेश्वर सिंह 'योगेश'-स्मृति-सम्मान' मिथलेश कुमार सिंह को 'केशरी नंदन-स्मृति-सम्मान' जयराम देवसपुरी को 'डॉ. राम प्रसाद सिंह-स्मृति-सम्मान'

कविता पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँः सम्मेलन के दौरान कविता पाठ, साहित्यिक चर्चा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। मगही भाषा के प्रति अपने प्रेम को प्रकट करते हुए कई कवियों और कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें मगही साहित्य की समृद्धि और उसकी सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाया गया। लोकगायकों और कवियों की प्रस्तुतियों ने इस ऐतिहासिक अवसर को और भी विशेष बना दिया। समापन पर प्रो. डॉ. नागेंद्र नारायण ने सभी उपस्थितों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सम्मेलन मगही भाषा और साहित्य के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विश्व मगही परिषद् भविष्य में भी 'मगही रत्न', 'मगही विभूषण', 'मगही भूषण', 'मगही श्री', और 'स्मृति-सम्मान' जैसे प्रतिष्ठित सम्मान अपने मगही प्रेमियों को प्रदान करता रहेगा। प्रो. नारायण ने सभी उपस्थित साहित्यकारों और मगही प्रेमियों से आग्रह किया कि वे इस सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस प्रकार, 127वां अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल सम्मेलन न केवल मगही भाषा के संवर्धन का एक प्रमुख मंच साबित हुआ, बल्कि यह मगही साहित्यकारों को सम्मानित करने और उनके योगदान को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी रहा। इस आयोजन ने मगही भाषा और साहित्य की धरोहर को सुरक्षित रखने के प्रति समाज के सभी वर्गों में जागरूकता फैलाने का काम किया, जिससे मगही भाषा को आने वाले समय में और अधिक सशक्त किया जा सके।

## प्रखंड की समस्या को उपमुख्यमंत्री से कराया गया अवगत

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** विधानसभा दिनारा से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह दिनारा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर विधानसभा दिनारा सहित दावथ एवं सुर्यपूरा सहित दिनारा प्रखंड की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से दावथ बाइपास के लिए अधिग्रहित जमीन के उचित आवासीय मुआवजे के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया, जिसके लिए यहां की जनता संघर्ष कर रही है। दावथ गांव से गुजरने वाले एन एच एक सौ बीस की दावथ में गड्ढे में हुई तब्दीली की ओर भी उनका ध्यान आकृष्ट कराया, जहां आए दिन कोई न कोई व्यक्ति गिरकर घायल हो जाता है एवं वाहन बुरी तरह फंस जाते हैं। अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे कई अवसर पर पूर्व राजेंद्र सिंह के द्वारा इस विधानसभा की समस्याओं को समय-समय पर उठाया जाता रहा है एवं लोगों के समूह के साथ बातें रखते रहे हैं। वहीं पूर्व मुखिया सीता सिंह है बतलाया किआरा मलिया बाग के रास्ते दिनारा की ओर जाने वाली नेशनल हाईवे रोड का पुनरूद्धार कराने में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस मौके पर दावथ भारतीय जनता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सुर्यपूरा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं पूर्व मुखिया सीता सिंह कुशवाहा मौजूद रहे।

## न्यूज बाइट्स

### मछली मारने को लेकर हुआ हिंसक झड़प, पांच जख्मी

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** थाना क्षेत्र के कहुआरा गांव में रविवार के रात्रि लगभग नौ बजे मछली मारने को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प हो गया। इस घटना में पांच लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। जिसे 112 की पुलिस के सहयोग से उपचार के लिए सीएचसी नारदीगंज लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। बताया गया कि कहुआरा गांव के टोला माया बिगहा निवासी उमेश मांझी, दीपक मांझी, राजेश मांझी, रवि मांझी, सुगनी देवी गांव के बधार में मछली मार रहा था। उसी समय कहुआरा गांव के कुछ लोग गए और उन लोगों से जबरदस्ती मछली छीनने लगे। जिसका विरोध करने पर उपर्युक्त पांचों व्यक्ति को मार पीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया और मछली मारने का जाल और चिलौंग को भी तोड़ दिया। मारपीट की घटना होते देख गांव के किसी व्यक्ति ने नारदीगंज थाने को दूरभाष पर सूचना दे दिया। घटना की सूचना मिलते ही 112 की टीम गांव पहुंच गई और सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नारदीगंज में दाखिल करवाया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि मछली को लेकर दो गुटों में मारपीट की घटना हुई है, जिसमे पांच लोग जख्मी है। सभी का उपचार सदर अस्पताल नवादा में हो रहा है। घटना की प्रथिमिकी दर्ज कर ली गई है। जिसका कांड संख्या 342/24 है। घटना में 10 लोगों को नामजद और 10 अज्ञात को आरोपित किया गया है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दुर्गेश महतो, सुबोध महतो, शशि भूषण प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। शेष अभियुक्तों को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है।

### थाना परिसर में डीजे संचालकों के साथ हुई बैठक

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना परिसर नारदीगंज में सोमवार को डीजे संचालकों की बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी नारदीगंज ने किया। बैठक में सभी डीजे संचालकों को निर्देश दिया गया कि दुर्गा पुजा के अवसर पर किसी भी डीजे संचालक को डीजे का सट्टा नहीं करना है। ऐसा करने पर डीजे को जप्त कर संचालक के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

### भीम आर्मी पीड़ित परिवार मुलाकात से मिल कर की मातम पुरसी

**रोहतास (सासाराम) (नि.सं.)।** थाना के क्षेत्र के नागा टोली के मृत उमेश पासवान के घर भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष अमित पासवान ने पहुंच कर परिवार को ढाढस बंधाते हुए मार्तमपोशी किया। बताया गया बौलिया के खिड़की घाट के समीप गत 10 दिन पूर्व अज्ञात अपराधियों द्वारा नागटोली निवासी उमेश पासवान की पत्थर से कुचल कर निर्मम हत्या कर दी थी,जिसकी जानकारी मिलते भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष और उसके सैकड़ों कार्यकर्ता मृतक उमेश पासवन को न्याय दिलाने के मुहिम शामिल हो गए थे। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष अमित पासवान ने कहा की बिहार में लगातर दलितों की हत्या और उत्पीड़न की घटनाएं घटित हो रही है वर्तमान में बिहार की नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार घटनाओं पर अंकुश लगने में विफल है,विधि व्यवस्था पूरी तरह से विफल है अपराधी बेलगाम हो चुके है ,इस जघन्य घटना की जितनी निदा की जाए वह कम है। मैंने इस विषय में एसपी, डीआइजी समेत पुलिस के वरीय अधिकारियों को अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने को कहा है। पुलिस अपना काम कर रही है। अपराधी शीघ्र ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। मैं इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ हूं। हर संभव मदद के लिए तैयार हूं। यह घटना असहनीय है। इस तरह का अपराध करने वाले को बख्शा नहीं जा सकता है। मृतक के आश्रितो को सरकारी नौकरी और भरण पोषण के लिए मासिक पेंशन दी जाए जिसमे प्रशासन की पहल भी दिख रही है घटना इतना जल्द मुआवेजी की राशि की एक किस्त परिजनों की मिल गई।

## भारतीय डाक कर्मचारी संघ बिहार सर्किल के निर्विरोध सचिव चुने जाने पर दर्जनों शुभचिंतकों ने दी बधाई

**» डाक विभाग में डाक पर्यवेक्षक के पद पर केंद्रीय अनुमंडल शाखा बांकीपुर पटना में कार्यरत है। इन्होंने बताया कि अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ फाउंडेशन का 30वां अधिवेशन का का आयोजन किया गया।**




**निज संवाददाता | नवादा**

अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ के बिहार सर्किल का डुमरामा निवासी कुंदन कुमार सिन्हा को निर्विरोध सचिब चुने जाने पर चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार सहित संघ के संजय कुमार कृष्ण कुमार अवध किशोर राजीव कुमार दर्जनों सहकर्मी ग्रामीण नरेंद्र सिंह अरुण कुमार डॉक्टर अरविंद कुमार साही उदय शंकर सहित कई लोगों ने नव चयनित सचिव कुंदन कुमार को बधाई एवं शुभकामना देकर खुशी व्यक्त किया है। सिंह डाक विभाग में डाक पर्यवेक्षक के पद पर केंद्रीय अनुमंडल शाखा बांकीपुर पटना में कार्यरत है। इन्होंने बताया कि अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ फाउंडेशन का 30वां अधिवेशन का का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अधिवेशन संचालन के उपरांत अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ का बिहार सर्किल कार्यकारिणी 15 सदस्यी कमेटी का गठन किया गया जिसमें कुंदन कुमार सिन्हा को निर्विरोध सचिव एवं रामनरेश राय हाजीपुर कोअध्यक्ष पद के लिए चुना गया।

## खराब स्ट्रीट लाइट के जवाब देने का सिलसिला जारी

**दावथ (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र में लगे महीने भर के भीतर लगे स्ट्रीट लाइट की रौशनी बुझने लगी। कुछ स्ट्रीट लाइट तो बिगड़े हुए ही लगाए गए हैं, जो अभी तक प्रकाशित ही नहीं हो सके और इसकी शिकायत सांसद से लेकर जिलाधिकारी तक की हुई, लेकिन अभी तक कहीं कोई कार्रवाई धरातल पर नहीं नहीं। कई लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए आश्चर्य व्यक्त किया है। समाज सेवी मनोज कुमार सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कार्रवाई नहीं हो रही है।

## चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय में अनुदान वितरण को ले विवाद गहराया

**» प्राचार्य ने कहा कि अनुदान राशि वितरण के लिए कॉलेज के लेखापाल राम प्यारे यादव ने एक मार्च 2024 को जो सूची तैयार किया है।**

**निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)**

चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय में कर्मियों को आंतरिक श्रोत से वेतन व सरकार से प्राप्त अनुदान वितरण का विवाद गहरा गया है। कालेज कर्मियों का अपनी मांग को लेकर विगत शुक्रवार से शुरू किया गया हड़ताल सोमवार को भी जारी रहा। एक तरफ जहां कॉलेज कर्मी सरकार से प्राप्त अनुदान व आंतरिक श्रोत वेतन की मांग को लेकर कॉलेज परिसर में विगत चार दिनों से धरना पर बैठे हैं, वहीं कॉलेज की प्राचार्या सुनीता कुमारी कहती हैं कि कर्मी अपनी गलत मांग को लेकर धरना व हड़ताल से महाविद्यालय का शिक्षण कार्य बाधित कर रहे है। सभी कर्मियों को सरकार से प्राप्त अनुदान की राशि दे दिया गया है। प्राचार्य ने कहा कि अनुदान राशि वितरण के लिए कॉलेज के लेखापाल राम प्यारे यादव ने एक मार्च 2024 को जो सूची तैयार किया है। उसी पर अनुदान वितरण किया गया ह। लेखापाल रामप्यारे यादव हीं सबको अनुदान राशि दिए हैं। मैने कोई चेक से निकासी नहीं किया है। सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को चेक दिया गया है। जो अनुदान राशि निकासी किए हैं। तथा झूठा आरोप मुझ पर लगा रहे है। लेखापाल राम प्यारे यादव ने बताया कि विगत वितीय वर्ष में महाविद्यालय के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनिधि दुसरे थे। उस वितीय वर्ष में प्राचार्या के निर्दश पर हमारे हस्ताक्षर से जो सूची तैयार कराया गया है। उन सभी लोगो को अनुदान राशि व आंतरिक श्रोत से वेतन का भुगतान नहीं दिया गया है। मामले को ले वर्तमान यूनिवर्सिटी रिप्रेजेंटेटिव राजेश वर्मा ने बताया कि अनुदान राशि वितरण के लिए विगत वितीय वर्ष के शिक्षक व कर्मियों की सूची में सांइस विषय के शिक्षकों का नाम शामिल नहीं है। जिस कारण वह सूची एक्सेप्टेड नहीं है। मौके पर प्रधान लिपिक राजेन्द्र प्रसाद सिंह, हिन्दी विभाग के अवधेश सिंह, हरिकेश यादव, रामजी राय,सुनिल शर्मा, महावीर सिंह, विमल कुमार सिंह, अशोक कुमार अनिल कुमार राउत, लखन लाल साह समेत अन्य

## निर्देशक रितेश एस कुमार की फिल्म 'लछमिनिया' का पटना में उपमुख्यमंत्री के समक्ष विशेष स्क्रीनिंग संपन्न

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के उपमुख्यमंत्री सह कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति में आज हिंदी फिल्म 'लछमिनिया' की विशेष स्क्रीनिंग पटना में आयोजित की गई। फिल्म का निर्माण फिल्मेनिया फिल्म फैक्ट्री और नटरंग एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इस मौके पर मंत्री ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि 'लछमिनिया' बिहार की जातिगत संरचना और समाज में व्याप्त असमानता पर गहरे सवाल उठाती है। उन्होंने फिल्म की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह फिल्म बिहार की समृद्धि और संस्कारों को बढ़ाने वाली है, और इसकी कहानी समाज को जाति और धर्म से ऊपर उठकर एकता के साथ आगे बढ़ने का संदेश देती है। मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने फिल्म को लेकर अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा, 'फिल्म का निर्माण लखीसराय के मेकर अजिताभ तिवारी और निर्देशन लखीसराय के हीं रितेश एस कुमार ने किया है, जो इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। फिल्म का उद्देश्य जातिगत भेदभाव को समाप्त कर एक समान समाज की स्थापना करना है, जो बिहार के विकास के लिए आवश्यक है।' उन्होंने बिहार में कलाकारों और कला को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। फिल्म 'लछमिनिया' का निर्माण अजिताभ तिवारी द्वारा किया गया है, और इसमें प्रमुख भूमिकाओं में तनुश्री चटर्जी और सिंटू सिंह सागर नजर आएंगे। निर्देशक रितेश एस कुमार ने फिल्म के सामाजिक संदेश पर जोर देते हुए कहा, 'बिहार के विकास के लिए समाज के हर वर्ग को एक साथ आना होगा। यह फिल्म समानता और सामाजिक विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।' अभिनेत्री तन्नुश्री चटर्जी ने कहा की पहली बार आर्ट फिल्म करके बहुत मजा आया। मैं डायरेक्टर सर का आभारी हूं जो मुझे 18 साल काम करने के बाद आर्ट फिल्म करने का मौका दिया। फिल्म दशकों को सामाजिक गतिविधियों से रूबरू कराएगी। अभिनेता सिंटू सिंह सागर ने कहा की रितेश सर ने जब फिल्म की कहानी सुनाई तो मुझे लगा की फिल्म की कहानी लोगों के दैनिक जीवन के आस पास से हीं गुजरती है। मुझे पूरी उम्मीद है की फिल्म लोगों को जरूर कनेक्ट करेगी। फिल्म की टीम ने बिहार सरकार से 'लछमिनिया' को टैक्स फ्री करने की मांग की है, ताकि इसका महत्वपूर्ण संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंच सके।

## सहकारी समिति की आम बैठक आयोजित

**निज संवाददाता | पकरीबरवां (नवादा)**



जीवन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड पकरीबरावां का सोमवार को जीविका कार्यालय परिसर में जीविका बीपीएम पूनम प्रजापति की अध्यक्षता में आम बैठक आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी पकरीबरामा मृत्युंजय कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक पूनम प्रजापति, जीवका प्रबंधक, संचार राजीव रंजन, ज्योति प्रकाश, सहकारी समिति लिमिटेड का अध्यक्ष संगीता देवी, सचिव पूनम देवी एवं कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें संकुल संघ से सम्बद्ध ग्राम संगठनों के दीदियों ने हिस्सा लिया। इस वार्षिक आम सभा में संकुल संघ की अध्यक्ष संगीता देवी ने जीवन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि जीवन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का कार्य क्षेत्र पकरीबरावां प्रखंड के पोकसी, डुमरावां,दक्षिणी पकरीबरावां, एरूरी और देवधा पंचायत है। इससे 49 ग्राम संगठन सम्बद्ध है। 647 समूहों का गठन किया गया है जिसमें 7755 परिवार शामिल हैं। समिति हिस्सा धारकों की संख्या 1428 है।सचिव पूनम देवी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान आय-व्यय का ब्यौरा के अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना को प्रस्तुत की। वहीं कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया। वार्षिक आम सभा में जीवन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के निदेशक मंडल के 12 सदस्य उपस्थित हुए। इस वार्षिक आम सभा के दौरान दीदियों ने कई प्रमुख मुद्दों पर विचार विमर्श किया। इस दौरान पिछले वित्तीय वर्ष में संकुल संघ के आय-व्यय पर विस्तृत चर्चा करने के साथ-साथ अगले वित्तीय वर्ष में किए जाने वाले प्रमुख कार्यों पर चर्चा की गई। बेहतर कार्य करने वाले ग्राम संगठनों एवं कैडरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई दीदियों एवं कैडरों ने जीविका के माध्यम से अपने जीवन में आये बदलाव को साझा किया। इस वार्षिक आम सभा का प्रबंधक- संचार राजीव रंजन, प्रबंधक रोजगार -ज्योत कार्यक्रम का संचालन कलस्टर फैसिलिटेटर संतोष कुमार एवं मास्टर बुक कीपर रिंकी कुमारी ने किया। इस अवसर पर जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक ऋषिता कुमारी, सामुदायिक समन्वयक कुसुमलता सिन्हा, दीनदयाल प्रसाद, रीना कुमारी जीवन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की 250 सदस्य दीदियां और कैडर उपस्थित हुए।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर एक दिवसीय धरना

**निज संवाददाता | विक्रमगंज /राजपुर**




प्रखंड मुख्यालय बिक्रम गंज में हक दो वादा निभाओ कार्यक्रम के तहत भा क पा माले द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना की अध्यक्षता कामरेड शिव कुमार बैठा ने की।धरना में उपस्थित प्रखंड सचिव कामरेड कृष्ण मेहता ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का धरना हक दो वादा निभाओ सिर्फ दो नारों पर पूरे बिहार में यह कार्यक्रम चल रहा है। आम लोगों को रहने, जीने का मौलिक अधिकार है, लेकिन बिहार में डबल इंजन की सरकार हक देने के बजाए गरीबों को जीने का अधिकार छीन रही है। राज्य में वर्षों से बसें गरीबों को हक न देकर उसे उजाड़ने का काम कर रही है। आम जनमानस तथा गरीबों के बहुतेरे सवाल हैं, जिसको लेकर आज धरना दिया जा रहा है। सरकार खूद कबूल कर रही है कि बिहार राज्य में पनचानबे लाख से ज्यादा गरीब परिवार हैं,उन गरीब परिवारों को उद्यमी योजना के तहत दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी, लेकिन अभी तक पूरे राज्य में कहीं भी किसी गरीब को दो लाख रुपये नहीं मिले। गरीबों को 5-5डिसमल बसने हेतु जमीन देने का वादा भी कर चुकी है लेकिन अभी तक गरीबों को जमीन नहीं मिला है,बिना जमीन दिए ग़रीबों को उजाड़ा जा रहा है। इन्हीं सब सवालों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को नौ-सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। राजपुर रोहतास -हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रखण्ड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। माले सचिव जवाहरलाल यादव के नेतृत्व में माले कार्यकर्ताओं ने पार्टी के वैनर तले बक्स बाबा मंदिर परिसर से जूलूस के शक्ल में निकले जो पुरानी बाजार, पोस्ट आफिस मोड़, चौक तथा डिहरी रोड होते प्रखण्ड कार्यालय पहुच बिहार सरकार के विरूद्ध नारेबाजी कर धरना पर बैठ गए।धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिहार की नीतीश सरकार गरीब, मजदूर, व महिलाओं के साथ वादा खिलाफी कर रही है। सुबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गरीबों पाच डिसमिल जमीन तथा दो लाख रुपए देने का वादा किया था। लेकिन आज तक पुरा नही किया। भाकपा माले की मांगों में हर गरीब को पांच डिसमिल जमीन, दो लाख रुपए, हर माह पच्चास किलो अनाज, 200 यूनिट बिजली फ्री, हरगरीव को पका मकान सहित अन्य शामिल। माले नेताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम अपने दस सूत्री मांगों का ज्ञापन बीडीओ रवि राज को दी। मौके पर कैसर नेहाल, मदन शर्मा, जितेन्द्र तिवारी, अरविंद सिंह, जितेन्द्र सिंह, दशरथ राम, पनपातो देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

**» इस दौरान उन्होंने रेल मार्ग में स्थित स्टेशनों, पुलों, रेलवे ट्रैक, ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन), सिग्नलिंग सिस्टम समेत यात्री सुविधाओं और संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन निरीक्षण किया।**



**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)।**

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने 30 सितंबर 2024 को मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल मार्ग में स्थित स्टेशनों, पुलों, रेलवे ट्रैक, ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन), सिग्नलिंग सिस्टम समेत यात्री सुविधाओं और संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिकारियों को हर समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने बेतिया-नरकटियागंज रेलखंड पर प्रजापति हाल्ट के निकट समपार सं. 2बी/3ई पर निर्माणाधीन आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## न्यूज बाइट्स

### थैले में शराब लेकर महिला पार कर रही थी चेकपोस्ट, उत्पाद बलों ने किया गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर सोमवार की शाम लगभग 4:30 बजे उत्पाद विभाग के एएसआई पंचम लाल धीरज ने पैदल जा रही एक महिला के थैले से 15 बोतल शराब बरामद किया। साथ ही महिला को गिरफ्तार किया गया। शराबबंदी के बाद से शराब की खेंप को बिहार में लाने के लिए शराब धंधेबाजों ने तहखाना से लेकर सब्जी और फल के वाहनों का उपयोग कर रहे थे। किन्तु अब शराब धंधेबाजों द्वारा महिला के मासूमियत का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जांच चौकी के सीमावर्ती झारखण्ड के कोडरमा से नवादा व बिहार के लिए अनेकों बसें प्रतिदिन जांच चौकी से गुजरती है। यात्री बसों के चालक एवं कंडक्टर द्वारा शराब आदि रखने को मना भी किया जाता है। किंतु शराब धंधे में जुड़े लोग जांच चौकी से पहले बस से उतर जाते हैं और पैदल ही जांच चौकी को पार करने को प्रयासरत रहते हैं। ऐसा करने वालों में शराबी और शराब धंधेबाज दोनों शामिल हैं। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने हेतु उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी के नेतृव में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। सोमवार की शाम को हाथ मे एक थैला लेकर पैदल पार कर रही महिला पर जांच में जुटे कर्मियों को संदेह हुआ। जब उत्पाद कर्मियों द्वारा महिला बल की उपस्थिति में जांच किया गया, तो महिला के थैले से 375 एमएल के इम्पेरियल ब्लू नामक 15 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। शराब बरामदगी के बाद महिला शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार महिला की पहचान नरहट थाना क्षेत्र निवासी सुनील चौधरी की पत्नी सोनू देवी के रूप में हुई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार महिला एवं जब्त शराब के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मंगलवार को गिरफ्तार महिला शराब धंधेबाज को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### वार्ड सदस्य का तीसरे दिन भी आमरण अनशन रहा जारी

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के ननौरा पंचायत के विभिन्न वार्डों में मुखिया व पंचायत सचिव के द्वारा अवैध राशि निकासी के विरुद्ध अनिश्चित कालीन आमरण अनशन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा है। यह अनिश्चित कालीन आमरण अनशन में इस पंचायत के वार्ड संख्या आठ के वार्ड सदस्य जितेन्द्र कुमार कर रहे हैं,वे पंचायती राज कार्यालय, नारदीगंज के बाहरी परिसर में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।तीसरे दिन भी स्लाइन हुआ। कहा कि हालत सामान्य है। वार्ड सदस्य ने कहा जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक जारी रखें।

### प्रशिक्षण के लिए प्रधानाध्यापकों का दल औरंगाबाद के लिए रवाना

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का एक दल सोमवार कि सुबह प्रशिक्षण लेने के लिए औरंगाबाद रवाना हुआ।प्रधानाध्यापक बीरेंद्र सिंह एवं दिनेश प्रसाद ने बताया कि ये सभी प्रधानाध्यापक 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक छः दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जिसमें नये नियमों के तहत विद्यालय कों संचालित करना तथा नयी शिक्षा नीति के गुणवतापूर्ण शिक्षा बच्चों कों कैसे दे इसके गुण सीखेंगे। दल में डीडीओ विनोद सिंह, प्रधानाध्यापक शेषनाथ कुमार, अजय सिंह, मनोज कुमार, भरत सिंह, बुद्धिबल धनराव, मोहम्मद अंसारी, ओपी गुप्ता,जयराम पाल, संजय सिंह, प्रमोद तिवारी समेत दो दर्जन से अधिक प्रधानाध्यापक शामिल थे।

### नवादा के 40 जनसुराजी प्रदेश कार्यवाह समिति के सदस्य बनाए गए

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के 38 लोगों को प्रदेश कार्यवाह समिति में स्थान मिला है। यह सभी लोग जिले के अलग-अलग प्रखंडों से नामित किए गए हैं। सोमवार को आरएल पैलेस के सभागार में प्रेस वार्ता कर इनके नामों की घोषणा की गई। प्रेस वार्ता के दौरान जनसुराज संविधान सभा के तीन नामित सदस्य उदय शंकर, मसीह उद्दीन और इंद्रदेव कुशवाहा ने शेखपुरा जिले के जन सुराजी साथी डॉक्टर मधुकर की उपस्थिति में संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने ऐसी घोषणा कर रखी थी कि पार्टी स्थापना के पूर्व प्रदेश भर के अलग-अलग जिलों में जन सुराज की कमेटी बन जाएगी। यह एक ऐतिहासिक राजनीतिक घटनाक्रम है। जिसके तहत किसी भी राजनीतिक दल के गठन के पूर्व इसके कमेटी गठन की प्रक्रिया पूरी की गई है। इसी घोषणा के अनुरूप आज जिले के 40 लोगों को प्रदेश कार्यवाह समिति में शामिल किया गया है। इन्होंने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर को जन सुराज राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हो जाएगा। इसके साथ ही इन 40 लोगों के जरिए जन सुराज जिले में अपनी राजनीति साधने का प्रयास करेगी। प्रखंडों को प्रदेश कार्यवाहक समिति में प्रतिनिधित्व का अवसर दिया गया है। इनमें जिला पार्षद रणजीत कुमार चुन्नू, जिला पार्षद सूर्यदेव प्रसाद, इंजीनियर गोपाल कृष्ण, राजेंद्र मांझी, सरला कर्ण, रानी पांडे, कुमारी दीपमाला, युगल किशोर राम आदि शामिल रहे। जन सुराज विचार मंच के जिला प्रभारी अजय कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान जन सुराज के सभी 38 प्रदेश कार्यवाह समिति सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और प्रेस प्रतिनिधियों से इनका परिचय कराया।

### 24 घण्टे का अखंड कीर्तन शुरू



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के कोसला गांव में आयोजित अखंड कीर्तन सोमवार को सम्पन्न हो गया। उसके बाद बाबा भोलेनाथ का 90 किलो दूध से रुद्राभिषेक, हवन पूजा हुआ। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। कहा गया यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष अशिवन माह में हस्त नक्षत्र में कई दशकों से हो रहा है। यह कार्यक्रम रविवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन गांव में स्थित शिव मंदिर परिसर में किया गया है, जहां श्रदालुओं ने श्रद्धाभाव व उत्साह के साथ किये। उसके बाद पुरोहित गौरव झा व चंदन झा ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर बाबा भोलेनाथ का रूद्राभिषेक, हवन पूजा अर्चना कराये। मुख्य यजमान रवि रंजन कुमार, शैलेंद्र कुमार, बमबम कुमार, पंकज कुमार समेत अन्य रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे का उद्घोष कर भजन कीर्तन में लगे रहे। छह टोली बनाकर अखंड कीर्तन होता रहा। मौके पर योगेंद्र कुमार, राजेश कुमार, दिनेश कुमार समेत अन्य शामिल हुऐ हैं।

### भगवत प्राप्ति का एक मात्र साधन भक्ति है : स्वामी रंगनाथाचार्य

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंडक्षेत्र के नंदपुर ग्राम में चल रहे चातुर्मास यज्ञ के दौरान अपने प्रवचन में भक्तों से स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन का चरम एवं परम लक्ष्य भगवत प्राप्ति है। कलयुग में भक्ति और प्रपत्ति हीं भगवत प्राप्ति का उपाय है। कर्म योग ज्ञानयोग का पर्यवसान भक्ति योग में ही है। भगवत भक्ति का अधिकारी प्रत्येक प्राणी है। अधम से अधम प्राणी भी भगवान के भक्ति कर भगवद् लाभ ले सकता है। भक्ति के नव विधा का वर्णन हमारे धर्मग्रंथो में आया।

# दुर्गा पूजा को लेकर विधि-व्यवस्था के मद्देनजर बैठक का आयोजन कल

निज संवाददाता | नवादा




आगामी दुर्गा पूजा को लेकर विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों का आयोजन थानावार तथा जिला शांति समिति के तहत निम्नलिखित तिथियों और समय पर किया जाएगा। सबसे पहले, 02 अक्टूबर 2024 को शाम 04:00 बजे जिला शांति समिति की बैठक होगी। इसके बाद 04 अक्टूबर 2024 को सुबह 11:00 बजे पकरीबरावां थाना परिसर में पकरीबरावां, धमौल, कौआकोल, रोह और रूपौ थाना की बैठक होगी। उसी दिन दोपहर 01:00 बजे वारिसलीगंज थाना परिसर में वारिसलीगंज, काशीचक और शाहपुर थाना की बैठक आयोजित की जाएगी। 04 अक्टूबर 2024 को शाम 04:00 बजे मुफस्सिल थाना परिसर में मुफस्सिल, नगर, बुन्देलखण्ड, कादिरगंज, हिसुआ और नारदीगंज थाना की बैठक होगी। इसके बाद, 05 अक्टूबर 2024 को सुबह 11:00 बजे अकबरपुर थाना परिसर में अकबरपुर, नेमदारगंज, गोविंदपुर, थाली और रजौली थाना की बैठक होगी। अंत में, 05 अक्टूबर 2024 को दोपहर 01:00 बजे सिरदला थाना परिसर में सिरदला, परनाडाबर, मेसकौर, सीतामढ़ी और रजौली थाना की बैठक होगी। इन बैठकों के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों, थानाध्यक्षों और ओपी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के शांति समिति सदस्यों को समय पर बैठक में आमंत्रित करें। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर और रजौली को यह सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है कि वे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ थानावार शांति समिति की बैठक निर्धारित तिथि से पहले आयोजित करें।

## जिलाधिकारी द्वारा आश्रय गृह और पर्यवेक्षण गृह का औचक निरीक्षण



निज संवाददाता | नवादा

जिलाधिकारी ने आज वृहद आश्रय गृह बुधौल और पर्यवेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जिला निरीक्षण समिति ने नवादा के बाल देख-रेख संस्थान, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान और वृहद आश्रय गृह का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान आवासन, स्वास्थ्य, सुरक्षा और खान-पान की व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय और अन्य संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान बच्चों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

## नदी में डूबकर युवक की मौत, परिजनों में मची चीख पुकार

**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)** धमौल थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव के समीप कौड़ीहारी नदी में डूबकर एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार की दोपहर की बताई जा रही है, जहां बच्चों संग नहाने गए युवक गहरे पानी में डूब गया। साथ गए दूसरे बच्चें जबतक लोगों को बुला लाते तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। लोगो द्वारा कुछ देर की मशक्कत के बाद गहरे पानी से शव ढूंढकर निकाला गया। मृतक की पहचान पड़रिया के टोला चुनुकबीघा निवासी दिनेश रविदास के पुत्र अजय कुमार के रूप में की गई। मृतक अपने नानीघर रैतर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। दो दिन पूर्व ही वह अपनी मां के पास आया था। वह बच्चों संग नहाने गया था, परंतु होनी को कुछ और ही मंजूर था। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त स्थान पर पूर्व में जेसीबी से मिट्टी उठाई गई थी, जिससे वहां पर गहरा गड्ढा हो गया था। युवक को गहराई का अंदाजा नहीं था। उसने नहाने के लिए जैसे ही छलांग लगाई, गहरे पानी में उतरता चला गया, जहां डूबकर उसकी मौत हो गई। पानी में डूबने की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।

## नावाडीह के नीमडीह टोला में डायरिया का कहर, कई आक्रांत



निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखण्ड के नावाडीह पंचायत के नीमडीह टोला में डायरिया के कहर से कई ग्रामीण आक्रांत हैं। जिनका ईलाज गांव में ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नावाडीह पंचायत के नीमडीह मुस्लिम टोला में लगभग पिछले एक-दो दिनों में लगभग 15 घर डायरिया की चपेट में आ गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना विधायक मो० कामरान को दी गई। जिसके बाद विधायक मो० कामरान ने तत्परता दिखाते हुए अविलम्ब मेडिकल टीम को भेजा। जहां सभी प्रभावित लोगों का ईलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है।

## दुर्गा पूजा को लेकर एसडीओ के नेतृत्व में बैठक हुई आयोजित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना परिसर में सोमवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान सीओ मो. गुफरान मजहरी, सर्किल इंस्पेक्टर मो. अब्दुल गफ्फार, थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं एसआई पिंकी कुमारी के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में रजौली क्षेत्र में पुरानी बस स्टैंड, संगत चौक, राज शिवलाय मंदिर एवं बजरंगबली चौक, हरदिया व अमावां के अलावे कुल 15 जगहों पर आयोजित होने वाले पूजा के आयोजकगण भी मौजूद रहे।एसडीओ के द्वारा शांति समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि बगैर लाइसेंस लिए कोई भी दुर्गा पूजा समिति मूर्ति स्थापित नहीं करेंगे। इसके साथ ही डीजे नहीं बजाना है। पूजा समितियों को लॉडस्पिकर बजाने को लेकर उन्हें लाइसेंस लेना पड़ेगा। पूरे पंडाल में मात्र दो लॉडस्पिकर बजाने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि दो लॉडस्पिकर से ज्यादा बजाकर डीजे बना देना है। सभी पूजा समितियों को पूजा पंडालों में तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश अनिवार्य रूप से दिया गया है। सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने को लेकर महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग लाइन लगाने की व्यवस्था करने को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राप्त दिशा निर्देशों के अंदर रहकर दुर्गा पूजा त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से बनाएं।उन्होंने यह भी कहा कि सभी पूजा पंडाल समिति के द्वारा अपने-अपने वॉलिंटियर्स बनाकर पूजा पंडालों के तैनात समीप तैनात रखें और आपसी सामाजिक सौहार्द के साथ इस त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। इसके अलावा उन्होंने सभी रजौली वासियों को दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर शुभकामनाएं दी। एसडीओ ने अनुमण्डल क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा के लाइसेंसधारियों से अपील किया कि वे 5 अक्टूबर को सिरदला थाना में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में होने वाले शांति समिति की बैठक में अवश्य रूप से भाग लें। वहीं थानाध्यक्ष ने शांति समिति की बैठक में मौजूद पूजा समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि मेरी पदस्थापना के बाद से आप लोगों का पूरा सहयोग हमें मिला है। उन्होंने कहा कि नवरात्रा बुराई पर अच्छाई की जीत है। इसलिए हम लोगों को सामाजिक सौहार्द्र के साथ दुर्गा पूजा त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाना है। अगर आप लोगों को कहीं ऐसा लगे कि असामाजिक तत्व के लोग किसी प्रकार का अनैतिक कार्य कर रहे हैं, तो हमें सूचना दीजिए। हम लोग त्वरित कार्रवाई करते हुए किसी भी घटना से निपटने को तैयार हैं। आप लोग विश्वास करें कि यहां की पुलिस प्रशासन निष्पक्ष रूप से काम कर रही है। इसलिए आप लोग कानून पर भरोसा रखते हुए कोई भी ऐसी अनैतिक कार्य ना करें, जिससे हम लोगों को कार्यवाई करने पर विवश हो जाना पड़े। उन्होंने पूजा समितियों से अनुरोध किया है कि जिस तरह से पुरुष वॉलिंटियर्स आप लोग रहते हैं। उसी प्रकार दो चार महिलाओं को भी वॉलिंटियर के रूप में तैनात करें।जिससे पूजा व्यवस्था में किसी प्रकार का विघ्न उत्पन्न ना हो।

## सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतिम दिन की गई गोदभराई व अन्नप्राशन, पोषणयुक्त भोजन के बारे में दी गई जानकारी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र में सातवां राष्ट्रीय पोषण माह 1 से 30 सितंबर 2024 तक मनाया गया। पोषण माह के अंतिम दिन प्रखण्ड परिसर स्थित सीडीपीओ कार्यालय के समीप गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, डीपीओ निरुपमा शंकर एवं सीडीपीओ सीता कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छोटे बच्चों अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं ने प्रदर्शनी लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली देकर गोदभराई की और छः माह की आयु पूरी कर चुके बच्चों का अन्न प्राशन कराया। वहीं सैम श्रेणी से सामान्य श्रेणी में आए बच्चों और उनकी माताओं को उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीडीपीओ सीता कुजूर ने उपस्थित लाभार्थी महिलाओं को एनीमिया, टीकाकरण, बच्चो को छः माह तक अनिवार्य स्तनपान, नियमित टीकाकरण, संस्थावत प्रसव, छह माह से ऊपर के बच्चों को ऊपरी आहार और गर्भवतियों को मोटे अनाज के प्रयोग का परामर्श दिया। बीते 23 सितम्बर को एसडीओ के नेतृत्व में अनुमण्डल सभागार में अनुमण्डल क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना एवं जीविका के साथ बैठक कर राष्ट्रीय पोषण माह के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक की गई थी। इस पोषण माह के दौरान बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ-साथ एनीमिया, विकास संबंधी निगरानी, पूरक आहार और 'पोषण भी पढ़ाई भी' पर केंद्रित रहा। महीने भर चलने वाले इस अभियान में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के जरिए पर्यावरण पर जोर दिया गया। इस क्रम में प्रखण्ड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वृक्षारोपण किया गया।साथ ही स्कूलों में बाल संसद में पोषण सम्बंधित बातों की जानकारी दी गई। इस मौके पर पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला, पीएचसी मैनेजर मो. इरशाद अहमद आंगनबाड़ी सेविका पम्मी कुमारी, सरोज देवी, संगीता कुमारी, मुन्नी देवी, ममता कुमारी, समीदा परवीन, निशा कुमारी के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रही।

## प्रोन्नति नहीं मिलने से नियोजित शिक्षकों में रोष, लगाई गुहार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने सभी योग्य प्रोन्नति पाने के योग्य नियोजित शिक्षकों से 2022 में ही फाइल में सभी कागजात दक्षता प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र आदि जमा लिया गया। परन्तु सभी नियमित शिक्षकों को प्रोन्तति खोज-खोज कर शिक्षा विभाग ने दिया, जबकि नियोजित शिक्षकों का प्रोन्तति आज तक पेंडिंग है। रजौली प्रखंड के कुछ शिक्षक आज तक अपना अधिकार प्रोन्तति हेतु इधर-उधर हाथ-पैर मार रहें है। सभी अपने नियोजन इकाई से मांग कर रहें है कि अन्य जिला में प्रोन्तति दिये जाने से नवादा जिला के नियोजित शिक्षक ठगा महसूस कर रहें है। नियोजित शिक्षक बताते हैं कि प्रोन्नति हमारा अधिकार है। परन्तु सभी शिक्षक को विद्यालय और शिक्षा विभाग के निर्देशों के पालन में ही समय लग जाता है। समय नही रहने के कारण हमसभी शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। सक्षमता परीक्षा पास करने वाले और सक्षमता परीक्षा देकर परिणाम का इन्तेजार करने वाले दोनो तरह के शिक्षकों को महसूस हो रहा है कि हमे विभाग नए जॉइनिंग होने पर हमारा प्रोन्नति अधिकार का हत्या हो जाएगा। रजौली प्रखंड के शिक्षक नेता अजित कुमार ने पुनः जिला पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी से विनती करते हुए मांग किया है कि अन्य जिले की तरह नवादा जिला में भी 12 वर्ष सेवा करने वाले प्रशिक्षित शिक्षकों को जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्रांक 2682, दिनांक 15 नवंबर 2022 के निर्देश से हम सभी नियोजित शिक्षकों को भी प्रोन्तति देने दिलाने की कृपा करें।

## जन सुराज के युवा साथियों ने निकाली बाइक रैली, पटना चलने का किया आह्वान




» इन्होंने लोगों को सत्ता शासन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि इससे निजात पाने के लिए आगामी 2 अक्टूबर को 2 साल की पदयात्रा के बाद प्रशांत किशोर जन सुराज की स्थापना कर रहे हैं।

निज संवाददाता | नवादा

जन सुराज के उद्देश्यों की जानकारी देने और 2 अक्टूबर को पटना चलने के आह्वान के साथ ही जन सुराज के युवा साथियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय में एक बाइक रैली का आयोजन किया। रैली का आयोजन युवा कार्यकर्ता ललन कुमार और मोहम्मद कलाम की देखरेख में की गई। जन सुराज संविधान सभा के सदस्य मसीहुद्दीन इंद्रदेव कुशवाहा और विचार मंच के अजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। स्थानीय प्रशासन के द्वारा स्वीकृत मार्गो से होकर जन सुराज की बाइक रैली शहर का भ्रमण किया। बाइक रैली में शामिल जनसुराज पदयात्रा के साथी राजकुमार ने पूरे रास्ते विभिन्न नारों के जरिए बिहार की दुर्दशा का चित्रण करते रहे। इन्होंने लोगों को सत्ता शासन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि इससे निजात पाने के लिए आगामी 2 अक्टूबर को 2 साल की पदयात्रा के बाद प्रशांत किशोर जन सुराज की स्थापना कर रहे हैं। इसकी सफलता के लिए आमजनों को सामने आने की जरूरत है। इन्होंने लोगों से 2 अक्टूबर को पटना चलने का आह्वान किया है। बाइक रैली शहर के पुराना रेलवे स्टेशन मैदान से निकालकर अस्पताल रोड, मेन रोड होते हुए मस्तान गंज तक और वहां से वापसी करते हुए सद्भावना चौक के रास्ते कलाली रोड, नया पुल व पुरानी कचहरी रोड होते हुए भगत सिंह चौक तक पहुंची। बाइक रैली में नितेश कपूर,कुंदन कुमार सिंह, गणेश कुमार, आशुतोष कुमार, मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद नसीम, विकास कुमार आदि शामिल रहे।

## नवादा में ग्यारह वर्ष बाद पुनः वृहत पैमाने पर आयोजित होंगे डाक महोत्सव : डाक महाध्यक्ष

निज संवाददाता | नवादा




**"डाक टिकट का संकलन करने से विभिन्न प्रकार की जानकारी तो मिलती है साथ ही साथ यह एक आमदनी का भी बेहतरीन जरिया है। इस कार्यक्रम में नवादा के लगभग 50 स्कूल शामिल हो रहे हैं जिसके 1000 बच्चे चित्रकला नृत्य गायकी क्विज प्रतियोगिता पत्र लेखन इत्यादि प्रतियोगिता शामिल है। डीपीएस पवन कुमार ने कहा कि स्वतंत्र भारत का पहला डाक टिकट 21 नवंबर 1947 को जारी किया गया था। इसमें भारतीय ध्वज के साथ देशभक्तों का नारा, जय हिंद (भारत अमर रहे) लिखा हुआ है। डाक टिकट की कीमत साढ़े तीन आना थी। स्वतंत्रता की पहली वर्षगांठ पर 15 अगस्त 1948 को महात्मा गांधी के लिए एक स्मारक जारी किया गया था। डाक टिकटों का जीवन में अहम महत्व रखता है। इस महोत्सव की विशेषता यह है कि आयोजन में बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे भी भाग ले रहे हैं।"**

नवादा में ग्यारह वर्षों के बाद एक बार फिर से डाक टिकट महोत्सव की शुरुआत वृहत पैमाने पर नवादा के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर किया जा रहा है, जिसमें बिहार के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार और सांसद विवेक ठाकुर, विधायक बिहार देवी नीतू देवी, विधायक विभा देवी, अरुणा देवी मोहम्मद कामरान प्रकाश वीर बिहार विधानसभा सदस्य अशोक यादव समेत कई उच्च अधिकारी जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक जिला विकास आयुक्त एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस मौके पर सोमवार को मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार ने प्रेस कॉन्फ़्रेंस आयोजित कर तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि इस डाक महोत्सव में कई फिलाटेलीस्ट अपने डाक टिकटों के संकलन को प्रदर्शित करेंगे। बताते चलें कि डाक टिकटों का संकलन एक बेहतरीन शौक है। फिलाटेली को राजाओं का शौक, शौकों का राजा भी कहा जाता है। डाक टिकट का संकलन करने से विभिन्न प्रकार की जानकारी तो मिलती है साथ ही साथ यह एक आमदनी का भी बेहतरीन जरिया है। इस कार्यक्रम में नवादा के लगभग 50 स्कूल शामिल हो रहे हैं जिसके 1000 बच्चे चित्रकला नृत्य गायकी क्विज प्रतियोगिता पत्र लेखन इत्यादि प्रतियोगिता शामिल है डीपीएस पवन कुमार ने कहा कि स्वतंत्र भारत का पहला डाक टिकट 21 नवंबर 1947 को जारी किया गया था। इसमें भारतीय ध्वज के साथ देशभक्तों का नारा, जय हिंद (भारत अमर रहे) लिखा हुआ है। डाक टिकट की कीमत साढ़े तीन आना थी। स्वतंत्रता की पहली वर्षगांठ पर 15 अगस्त 1948 को महात्मा गांधी के लिए एक स्मारक जारी किया गया था। डाक टिकटों का जीवन में अहम महत्व रखता है। इस महोत्सव की विशेषता यह है कि आयोजन में बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे भी भाग ले रहे है। इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए अनिल कुमार, डाक महाध्यक्ष बिहार के निर्देशन पर अत्याधुनिक एवं सुसज्जित सांसद के द्वारा तैयार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, जो नवादा शहर के साथ -साथ नवादा के विभिन्न गांव एवं स्कूल में वीडियो संदेश एवं ऑडियो संदेश के माध्यम से नवादा डाक टिकट महोत्सव विषय में बता रहे हैं एवं जागरूकता फैला रहे हैं। इस महोत्सव में जिले के सभी 14 प्रखंडों के साथ-साथ पड़ोसी जिलों के भी डाकघर से इस प्रदर्शनी में लोगों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने कहा दो दिवसीय कार्यक्रम में डाक टिकट प्रदर्शनी, पत्र लेखन और अन्य कई कार्यक्रम प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता को लेकर डाक विभाग के सारे कर्मचारी जुट गए हैं तथा सफल बनाने के लिए अपने स्तर से हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तमाम डाककर्मी लगे हुए हैं। कार्यक्रम कार्यक्रम में मंच का संचालन सरवन वर्णवाल के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मार्केटिंग एक्सक्यूटिव जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, प्रणाली प्रबंधक मुकेश कुमार, मनीष कुमार, दिनेश्वर शाह, रवि प्रकाश, राहुल कुमार, सुभाष कुमार, अभिषेक कुमार, रामाशीष कुमार, सत्येंद्र कुमार, पोस्ट मास्टर अजय कुमार, गौरी शंकर अरविंद कुमार, रवि राज, राजेश खुशबू कुमारी स्वीटी कुमारी कुमार, राजेश्वर कुमार इत्यादि लोग लगे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भोजपुर में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना

**आरा**। भोजपुर जिले में उदवंतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़पोखर गांव में अवैध हथियार रखने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार की है। जिसकी सूचना भोजपुर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दी। गिरफ्तार हुए व्यक्ति की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़पोखर गांव के स्वर्गीय प्रभु सिंह के पुत्र तुलसी सिंह के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान एक दोनाली बंदूक, एक देसी कट्टा, बंदूक का 7 जिंदा कारतूस और कट्टा का 3 गोली बरामद किया गया है। इस मामले को लेकर भोजपुर पुलिस अधीक्षकश्री राज ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि इसको लेकर गुप्त सूचना मिली थी कि किसी व्यक्ति के पास अवैध हथियार है। जिसके बाद एएसपी परिचय कुमार और उदवंतनगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित करके छापेमारी की गई। जिस दौरान तुलसी सिंह की गिरफ़्तारी की गई। गिरफ़्तारी के बाद तुलसी सिंह को जेल भेज दिया है। वहीं, गिरफ्तार किए गए युवक का पुलिस अपराधिक इतिहास खंगाल रही है। एसपी ने बताया कि लगातार जिले में अवैध हथियार की छापेमारी को लेकर लगातार भोजपुर पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। अगर किसी व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलती है तो सूचित करें उनकी पहचान को गुप्त रखा जाएगा।

### जयंती पर महाराजा के कार्यों को किया याद



**डुमरांव**। नगर के राज +2 उच्च विद्यालय के प्रेक्षागृह में पुराने शाहाबाद जिले के डुमरांव रियासत के 15 वें महाराजा तथा शाहाबाद नॉर्थ-वेस्ट (बक्सर) के प्रथम सांसद रहे महाराज कमल सिंह की 98 वीं जन्म-जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई । जिसमें डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोगों व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्रा तथा संचालन सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन सिंह ने किया । कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित गणमान्य लोगों द्वारा महाराज के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया । तत्पश्चात उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महाराजा बहादुर कमल सिंह को शाहाबाद का कोहिनूर बताते हुए कहा कि उन्होंने पूरे शाहाबाद क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा तथा कृषि के क्षेत्र में अनेक महान कार्य किए । जो आज के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है । साथ ही उनके और उनके पूर्वजों द्वारा दिए गए दान की जमीन पर अनेक सरकारी कार्यालय एवं संस्थान कार्यरत हैं । जो महाराज के दरियादिली व समाज के समग्र विकास के प्रति उनके वृहद सोच को दर्शाता है । जिसमें डुमरांव का वर्तमान राज +2 उच्च विद्यालय, महारानी उषा रानी बालिका मध्य विद्यालय व +2 उच्च विद्यालय, राज प्रयाग संस्कृत उच्च विद्यालय, महाजनी मध्य विद्यालय, डुमरांव तथा बिक्रमगंज का राज अस्पताल, प्रताप सागर स्थित टीबी अस्पताल, बलिया का डिग्री कॉलेज, बक्सर का एम वी कॉलेज, आरा का महाराजा कॉलेज व जैन कॉलेज का छात्रावास आदि शामिल है । वहीं महाराज कमल सिंह की धर्मपत्नी स्व महारानी उषा रानी ने वर्षों पहले शाहाबाद में प्रथम बालिका विद्यालय की स्थापना की । जो सरकार की सोच के अनुरूप बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाओ की अवधारणा को दशकों पहले जमीन पर उतारकर एक मिसाल कायम किया था । कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत महाराज के सम्मान में एक मिनट का मौन रहकर उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त किया । इस अवसर पर उपस्थित लोगों में वरीय शिक्षक गुड्डू सिंह, समाजसेवी संजय कुमार पाण्डेय, पंकज सिंह, संजीत केशरी, हिमांशु पाण्डेय, शिक्षिका निहाइका कुमारी, काजल सिंह, आरुषि कुमारी, राजू रंजन, युवराज सिंह सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### बक्सर सांसद का CM और मंत्री गिरिराज सिंह पर निशाना

**बक्सर**। बक्सर नगर भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह में सांसद सुधाकर सिंह भी पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मंत्री गिरिराज सिंह पर निशाना साधते हुए उनके कामों को लेकर पलटवार किया। इसके साथ ही हिन्दू और सनातनी को लेकर भी बात किया। सांसद ने शिक्षकों की छुट्टी को लेकर कहा कि भाजपा और जदयू दोनों छुट्टी के नाम पर नूरा कुश्ती कर रहे हैं। शिक्षक की छुट्टी वाले फाइल पर भाजपा के मंत्री भी साइन किए होंगे। गिरिराज सिंह अपने मंत्रियों से इस्तीफा मांगे क्योंकि छुट्टी देने का अधिकार राज्य सरकार का है। सुधाकर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार में भाजपा के दो- दो उपमुख्यमंत्री बैठते हैं। गिरिराज सिंह को उनसे इस्तीफा लेना चाहिए तब माना जायेगा कि उनका लड़ाई सही है। नहीं तो ऐसा माना जाएगा कि वो दिखावे की लड़ाई कर रहे हैं। बाद बाकि उनकी बातों में दम नहीं है। इसके अलावा उन्होंने गिरिराज सिंह द्वारा सनातनी बोलने पर कहा कि ये हिन्दू हो सकते हैं लेकिन सनातनी नहीं हो सकते हैं। सनातन का अर्थ गिरिराज दादा को मालूम नहीं है। मुर्गा मछली खाने वाले लोग अगर अपने को सनातनी बोलने लगे तो यह आश्चर्य की बात है।ऋगवेद में लिखा है कि सनातनी मुर्गा मछली नहीं खाते है लेकिन आप तो मुर्गा मछली खाते हैं तो सनातनी कहां से हो गए। वहीं, सुधाकर सिंह ने स्मार्ट मीटर पर निशाना साधते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगाना अगर उतना ही जरूरत था तो पहले ऊर्जा मंत्री के यह क्यों नही लगाया। स्मार्ट मीटर लगाना लोगों का खून चूसने के बराबर है। ऊर्जा मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि ऊर्जा मंत्री के आवास पर एवं उनके पैतृक गांव में स्मार्ट मीटर क्यों नहीं लगाया गया। जब राजद ने विरोध किया तो ऊर्जा मंत्री के यहां स्मार्ट मीटर लगाया गया। जो पहले के अपेक्षा अधिक बिल आ रहा है। जिसका दस्तावेज हमारे पास है।

# करंट की चपेट में आने से 4 लोग झुलसे, टूटे तार को हटा रहा था बेटा

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर में सोमवार की सुबह करंट की चपेट में आने से 4 लोग झुलस गए। घर के सामने टूटे तार को हटाने के दौरान चंद्र किशोर सिंह करंट की चपेट में आ गए। इन्हें बचाने गई मां और पत्नी भी झुलस गए। जबकि, पड़ोसी की इस हादसे में मौत हो गई है। घटना चांदी थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर गांव की है। मृतक चांदी थाना क्षेत्र अंतर्गत समेलपुर गांव के वार्ड नंबर दो के निवासी स्वर्गीय चांद केश्वर सिंह के बेटा मुन्ना यादव (35) है। अन्य जख्मियों में स्व कालेश्वर सिंह के बेटा चंद्र किशोर सिंह (37), पत्नी देव कुमारो देवी (58) और चंद्र किशोर की पत्नी रेणु (30) देवी शामिल है। तीनों एक ही परिवार के रहने वाले है। तीनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

**टूट कर रास्ते में गिरा था तार:** मिली जानकारी के मुताबिक जख्मी चंद्र किशोर सिंह के घर के सामने 11 हजार वोल्ट का तार टूट कर रास्ते में गिरा हुआ था। चंद्र किशोर उस तार को डंडा से हटाने लगे। लेकिन अचानक चंद्र किशोर करंट के चपेट में आ गए और उसी तार में सट गए। चंद्र किशोर की मां देव कुमारो देवी की नजर चंद्र किशोर पर पड़ी। चिल्लाते हुए देव कुमारो देवी अपने बेटे चंद्र किशोर को बचाने गई, लेकिन वो भी इस करंट की चपेट में आ गई है।

**पड़ोसी भी बचाने के दौरान झुलसे:** घर में रही चंद्र किशोर सिंह की पत्नी रेणु देवी ने दोनों को तार से छुड़ाने की कोशिश की। 11 हजार वोट के झटके से वो भी बुरी तरह जख्मी हो गई। घर के बगल में रह रहे पड़ोसी मुन्ना यादव ने तीनों व्यक्तियों को झुलसे हुए देखा, तो बचाने के लिए पहुंच गए। मुन्ना यादव ने अपने गमछे की मदद से 11 हजार वोल्ट के तार को हटाने की कोशिश की। इस दौरान वो भी चपेट में आ गया। लेकिन मुन्ना यादव बुरी तरह इस तार के चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने लाठी डंडे की मदद से सबको बचाया और फौरन इलाज के लिए सभी को आरा सदर अस्पताल ले आए।

**मां-पत्नी भी सटी, तीनों को बचाने में पड़ोसी की मौत**

**बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप:** जांच कर डॉक्टर ने मुन्ना यादव को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीनों जख्मियों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। दूसरी तरफ ग्रामीण गुड्डु यादव ने बताया कि इस घटना के पीछे सरासर बिजली विभाग की लापरवाही है। कई बार बिजली विभाग को कहा गया है कि सलेमपुर वार्ड नंबर दो का तार एक दम जर्जर हालत में है। लेकिन, बिजली विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बिजली के खंभे लगाने की भी बात कई बार कहीं गई है। लेकिन, कुछ भी अब तक नहीं हुआ है। इसलिए इस घटना के पीछे बिजली विभाग की लापरवाही है। बिजली विभाग पर जिला प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए।

## अवैध वसूली मामले में कार्रवाई, महिला SI समेत चार सस्पेंड

निज संवाददाता | बक्सर




**मवेशी से लदे वाहन से वसूली का मामला, जांच में पुष्टि के बाद तुरंत एक्शन**

बक्सर नगर थाना क्षेत्र के ठोरा पुल के पास मवेशी से लदे वाहन से पुलिस द्वारा गश्ती गाड़ी में वसूली का वीडियो सामने आया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वीडियो के आधार पर जांच-पड़ताल की जा रही थी। वहीं, एसडीपीओ की जांच में यह मामला सही पाया गया है। मामले की पुष्टि के बाद महिला सब इंस्पेक्टर जूही कुमारी, दो होमगार्ड और गाड़ी ड्राइवर पर नगर थाना में एफआईआर दर्ज कर किया गया है। इसके साथ सभी लोगों को तत्काल ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया है।

**अवैध वसूली में शामिल लोग ड्यूटी से निलंबित:** वीडियो सामने आने के बाद एसपी शुभम आर्य ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गश्ती दल में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किया। सदर एसडीपीओ धीरज कुमार को मामले की जांच के निर्देश दिया। मामले को लेकर की गई छानबीन में अवैध वसूली का वीडियो सही पाया गया। सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वीडियो की जांच की गई थी और उसे सही पाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को ठोरा पुल के पास से इस घटना का वीडियो सामने आया, जिसमें गश्ती गाड़ी द्वारा अवैध वसूली की जा रही थी।

**वीडियो देख अधिकारियों ने लिया एक्शन:** बता दें कि शुक्रवार को नगर थाना पुलिस द्वारा ठोरा पुल पर चौसा की तरफ जा रही मवेशी से लदी वाहनों से पैसा लिया जा रहा था। जिसका विडियो बना लिया गया। वहीं, गश्ती गाड़ी द्वारा एक आगे भाग रहे मवेशी वाहन को कृतपूरा नहर के पास घेरने का भी विडियो बना लिया गया। जब यह विडियो अधिकारियों के पास गया तो अधिकारियों ने इस पर तुरंत एक्शन लेने का काम किया है।

## ट्रेन से गिरकर कटिहार निवासी युवक की मौत

निज संवाददाता | आरा



आरा में ट्रेन से गिर कर कटिहार निवासी युवक की मौत हो गई है। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन के पूरब साइड स्थित डाउन लाइन पर रविवार को गाड़ी संख्या (05289) पुणे- मुजफ्फरपुर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर कटिहार निवासी युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक कटिहार जिला के आजमनगर थाना क्षेत्र के मंगतपुर गांव वार्ड नंबर-12 निवासी राखल शर्मा का 29 वर्षीय बेटा सुमन कुमार है। वह पेशे से मजदूर था। पुणे स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। जीआरपी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भाई मनीष कुमार ने बताया कि वह पुणे जाने के लिए शुक्रवार को घर से खाना खाकर कैपिटल एक्सप्रेस से को पटना पहुंचे। मुजफ्फरपुर–पुणे स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर पुणे जा रहे थे। इसी बीच आरा रेलवे स्टेशन के पूरब साइड स्थित डाउन लाइन पर वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़ा। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## 2 ननद ने भाभी की बेरहमी से पिटाई की, पीड़िता ने कहा- पति ने न्यूड फोटो सोशल मीडिया पर किया वायरल

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर में 2 ननदों ने अपनी भाभी की पिटाई कर दी। बताया जाता है कि सोशल मीडिया पर न्यूड फोटो डालने को लेकर विवाद हुआ था। पीड़िता का कहना है कि पति का दूसरी महिला से अफेयर चल रहा है। इस कारण उसने अपनी बहनों से मेरी पिटाई करवा दी। मेरी तस्वीर अश्लील तस्वीर के साथ एडिट कर सोशल सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया है। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र का है। यहां रविवार को दो ननद ने अपनी भाभी की लात-घूंसे और लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान जख्मी महिला की सास समेत कई लोग मौके पर मौजूद थे। फिलहाल, सभी आरोपी घर छोड़ कर फरार है।

**अस्पताल में महिला का इलाज जारी:** जख्मी महिला ने इस घटना की जानकारी अपने मायके वालों को दी। आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी महिला शाहपुर थाना क्षेत्र के निवासी की पत्नी है। घटना की जानकारी देते हुए जख्मी महिला पूजा ने बताया कि उनकी शादी साल 2011 मे हिंदू-रिवाज से हुई थी।उनके दो 12 और 8 साल के बच्चे है।

**पति का दूसरी महिला के साथ है अफेयर:** पीड़िता ने बताया कि शादी के कुछ तक पति से सब ठीक ठाक चल रहा था। वो ड्राइविंग करने के लिए दिल्ली चले गए। पति का किसी दूसरी महिला के साथ अफेयर चलने लगा। इसके बारे में मुझे पता लगा तब हमने अपने पति से बोला कि मेरे रहते हुए आपको दूसरी औरत की आवश्यकता कैसी पड़ गई। अगर आपको और भी की जरूरत है मैं आपको दूंगी। कुछ दिन तक ठीक रहे। फिर दोबारा दूसरी महिला से बात करने लगे। फिर मैंने मना करने की कोशिश की, तो पति ने गाली–गलौज करना शुरू कर दिया गया। मेरी फोटो दूसरी लड़की की न्यूड फोटो को एक साथ एडिट कर और गंदा–गंदा वर्ड लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल कर देते है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस:** पीड़िता ने बताया कि मेरी मां, बहन समेत मेरे घर कि अन्य महिलाओं का भी फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर गलत लिखकर वायरल कर देते है। इसी बात को लेकर हमने उनसे बात भी की थी। लेकिन वो नहीं माने। अपनी दो बहन को रविवार की शाम घर भेजा और देर शाम मेरी जमकर पिटाई कर दी। इसकी जानकारी शाहपुर थाना पुलिस को दी है। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रहे है।

## नदी में डूबने से बॉलीवुड एक्टर की मौत, अक्षय कुमार के साथ कई फिल्मों में कर चुके थे काम

निज संवाददाता | आरा



बॉलीवुड में छोटे-छोटे किरदार निभाने वाले अजय कुमार साह (56) की नदी में डूबने से मौत हो गई। रविवार को उनका शव टाउन थाना क्षेत्र के गंगी पुल से आधा किलोमीटर दूर मिला है। अजय साह मूल रूप से भोजपुर के टाउन थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला के निवासी स्वर्गीय अशोक कुमार साह के बेटे थे। घटना को लेकर अजय कुमार साह के भाई अरुण कुमार साह ने बताया कि जिउतिया के दिन (25 सितंबर) वो घर से निकले थे। जाते समय कहा था कि पूजा करके आते हैं, लेकिन रात में वापस नहीं लौटे। 26 सितंबर की सुबह हम लोगों ने काफी खोजबीन की। इस दौरान उनका चप्पल पुल के पास मिला। इसके बाद हम लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। सूचना के बाद SDRF की टीम मौके पर पहुंची। 27 और 28 सितंबर को SDRF की टीम शव को ढूंढते रही। 29 सितंबर को बॉडी नदी में फंसी हुई दिखाई दी। इसके बाद आज शव को बाहर निकाला गया। अरुण कुमार साह ने बताया कि अजय पहले फिल्मों में एक्टिंग करते थे। उन्होंने दस से बारह फिल्मों में साइड रोल किया था। लेकिन, उनका मुख्य काम एक्टिंग पढ़ाना था। वे बच्चों को एक्टिंग सिखाते और पढ़ाते थे। मिली जानकारी के मुताबिक, अजय कुमार साह दिमागी तौर पर परेशान रहते थे। 56 साल के हो चुके अजय ने शादी नहीं की थी। अजय के भाई अरुण कुमार साह, राज कुमार साह और एक बहन बबिता देवी है। बता दें कि अजय बॉलीवुड के बड़े-बड़े कलाकारों के साथ कई फिल्मों में साइड रोल कर चुके हैं। वे भागम भाग, हेरा फेरी, खट्टा मीठा और चुपके चुपके में एक्टिंग किए थे। वहीं, अजय कुमार साह ने बॉलीवुड के नामी कलाकार राजपाल यादव के साथ ज्यादातर फिल्मों में काम किया था। जानकारी के मुताबिक, राजपाल यादव और अजय कुमार साह दोनों एक जमाने में रूम मेट भी हुआ करते थे। लेकिन, अजय 10 साल पहले किसी कारणवश मुंबई से वापस अपने घर आ गए। पिछले 10 सालों से अपने घर आरा में ही रहने लगे थे। बच्चों को एक्टिंग सिखाया करते थे।

## मामूली विवाद में बदमाश ने अधेड़ को मारा चाकू

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में रविवार की रात मामूली विवाद को लेकर एक अधेड़ को चाकू मार दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी राज कुमार यादव के 45 वर्ष का बेटा वकील यादव है। वह पेशे से ट्रैक्टर चालक है। वकील यादव ने बताया कि रविवार की देर शाम वह दौलतपुर गांव स्थित चाय के दुकान पर चाय पीने गया था। उन्होंने चाय दुकानदार से नशीला पदार्थ मांगा। जिसको लेकर दोनों के बीच गाली-गलौज हुआ। दुकानदार ने उन्हें चाकू मार दिया। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। दूसरी ओर जख्मी चालाक वकील यादव ने दौलतपुर गांव निवासी और राकेश यादव पर खुद को चाकू मारने का आरोप लगाया है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस:** ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि जख्मी को चाकू पीठ के बीचों बीच लगी है। जिससे काफी खून बह गया है। प्राथमिकी उपचार कर दिया गया है। ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है। इस घटना के बाद जख्मी ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। हालांकि, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## शुरू हुआ बंदर पकड़ने का अभियान, नगर परिषद के टोल फ्री नंबर पर SDM ने की थी शिकायत

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर सदर अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा पिछले दिनों नगर परिषद से बंदरों के आतंक से परेशानी को लेकर शिकायत की गई थी। जिसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी आवास, जिला पदाधिकारी आवास के साथ-साथ न्यायालय परिसर और अन्य इलाकों में बंदर पकड़ने का अभियान चलाया गया है। इस अभियान से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। बंदरों को पकड़ने का काम एक एजेंसी द्वारा की जा रही है। जो बंदरों को पकड़ने के बाद वन विभाग को सौंप देगी। वहीं, बंदरों को कैमूर के जंगलों में छोड़ दिया जायेगा जिससे उसे भी बेहतर परिवेश मिल जाएगा।

**नियमित रूप से चलेगा अभियान:** इस अभियान की जानकारी देते हुए नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि यह अभियान नगर के सभी इलाकों में चलाया जाएगा जो कि नियमित रूप से चलता रहेगा। जिससे लोगों को बंदरों से होने वाली परेशानी से निजात मिल जाएगा। अभियान के जरिए रविवार को काफी संख्या में बन्दर पकड़े गए हैं। बता दें कि पिछले कुछ दिनों पहले नगर परिषद द्वारा परिषद क्षेत्र में होने वाली समस्याओं की शिकायत के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी किया गया था। जिसके उद्घाटन समारोह में पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी ने पहली शिकायत बंदरों से मुक्ति दिलाने के लिए की था। जिसको लेकर उन्हें यह आश्वासन मिला था कि जल्द ही बंदरों को पकड़ने का कार्य शुरू होगा। वहीं, नगर परिषद ने अब यह कार्य शुरू कर दिया है।

**बंदरों को कैमूर के जंगलों में छोड़ने की योजना:** नगर परिषद की ओर से चलाये जा रहे इस अभियान में पकड़े गए बंदरों को कैमूर के जंगलों में छोड़ने की योजना बनाई जा रही है। बता दें कि बक्सर में पहले बड़ा वन क्षेत्र हुआ करता था लेकिन अब ऐसा नहीं है ऐसे में के बंदर रिहायशी इलाकों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच गए हैं। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसीलिए यहां से पकड़े गए बंदरों को जंगलों में छोड़ने से उसे रहने के लिए एक बेहतर परिवेश भी मिल जाएगा और आम लोगों को परेशानी से मुक्ति भी मिलेगी।

## जीविका दीदियों के विशाल सभा में पहुंचे विधायक

### कहा-दीदियों की मांग सही है, विधानसभा सत्र में आवाज उठाने की बात

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर स्थित किला मैदान में रविवार को बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ की विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडो से काफी संख्या में जीविका दीदीयां पहुंची। इसके अलावा कार्यक्रम में पहुंचे डुमरांव विधायक अजीत कुमार सिंह, राजपुर विधायक विश्वनाथ राम ने दीदीयों की मांगों को सही बताया। कार्यक्रम के दौरान डुमरांव विधायक ने कहा कि जीविका दीदीयों की सारी मांगें जायज है। विधानसभा सत्र शुरू होते हीं सदन में इस मांग उठाउंगा। इसके बाद जीविका दीदीयों ने दोनों विपक्षी दल के विधायकों को ज्ञापन सौंपा।

**कैडर मानदेय पॉलिसी नहीं बदला तो 2025 में सरकार बदल देंगे:** जीविका दीदीयों ने गीत के माध्यम से भी बिहार सरकार पर हमला बोला। कार्यक्रम में अध्यक्ष शिवजी पासवान ने कहा कि सामूहिक रूप से कैडर के लोग अब सड़क पर उतर कर आर-पार के मूड में है। इस मौके पर कैडरों ने शपथ ली कि सरकार ने कैडर मानदेय पॉलिसी नहीं बदला तो हम 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में सरकार बदल देंगे। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने बताया कि जीविका, मुख्यमंत्री की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। जिसने बिहार की सूरत बदलने का हरसंभव प्रयास किया है। ग्रामीण क्षेत्रो में बदलाव की बयार जो आज चिख रही है उसमें जीविका का एक बड़ा योगदान है लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज जीविका में कार्यरत लगभग 1.5 लाख मानदेय भुगतान पद्धति बिल्कुल बंधुआ मजदूर वाली है। जिसमें 90% महिला कैडर शामिल हैं।

**सरकार के प्रति अंसतोष व्याप्त:** जीविका प्रबंधक से कई बार अनुरोध करने पर भी अभी तक उसमें कोई पहल नहीं हो पाया है। जीविका कैडरों के बीच जीविका प्रबंधक और सरकार के प्रति अंसतोष व्याप्त है। सभी कैडर अल्प मानदेय पर काम करने वाले गरीब तबके के लोग है। उनके सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। कैडर मानदेय भुगतान हेतु जारी आदेश को अविलम्ब बदला जाय। इस दौरान जिले के सभी प्रखंडों से जीविका दीदीयां शामिल हुई।

# सेक्स रैकेट मामले में कार्रवाई से मॉल के मैनेजर नाराज

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में मॉल के बेसमेंट में हुए सेक्स रैकेट स्कैंडल के खुलासे को लेकर स्थानीय मैनेज ने आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने V2 का छवि खराब करने का आरोप लगाया है। मॉल ततारपुर थाना क्षेत्र के आशा आनंदपुर चौक पर स्थित है। स्कैंडल का पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा करते हुए 5 लोगों को जेल भेजा था। इसमें एक मॉल का संचालक भी है। ये खबर पूरी तरह से लोगों में फैल गई। इसके बाद से मॉल में कस्टमर नहीं पहुंचने के कारण प्रबंधक को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। रविवार को स्थानीय मैनेज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। उन्होंने बताया कि मॉल को बेसमेंट से कोई लेना-देना नहीं है। इस तरह के आपत्तिजनक काम का प्रबंधन को भी इसके बारे में जानकारी नहीं थी। उन्होंने संवाददाता को संबोधित करते हुए कहा कि मॉल में सेक्स रैकेट पर्दाफाश शीर्षक प्रसारित के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसके कारण कस्टमर यहां कम पहुंच रहे हैं। लाखों रुपए का इससे नुकसान हुआ है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि भागलपुर पुलिस प्रशासन से लिखित शिकायत कर आपत्ति जाहिर करेंगे। दरअसल, 25 सितंबर को ततारपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मॉल के नीचे बनाए गए बेसमेंट में सेक्स रैकेट का कारोबार होता है। ततारपुर थाने की पुलिस ने 25 सितंबर को V2 मॉल के बेसमेंट में छापा मारा। यहां पर 2 लड़के और 2 लड़कियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था।

## बीएन कॉलेज में आज से होगा इंटर कॉलेज टूर्नामेंट

**भागलपुर**। राजभवन द्वारा पटना में आयोजित होने वाली चांसलर ट्रॉफ' कबड्डी (महिला/पुरूष) का ट्रायल सोमवार से बीएन कॉलेज में होगा। पहला उद्घाटन ट्रायल मैच बीएन कॉलेज और पीबीएस कॉलेज बांका के बीच होगा। उद्घाटन कुलपति प्रो. जवाहर लाल करेंगे। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि जिन कॉलेजों को चयन ट्रायल में हिस्सा लेना है। वे बीएन कॉलेज के शिक्षक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह के वाट्सएप नंबर पर 08368156607 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए सभी कॉलेजों और पीजी एथलेटिक्स के अध्यक्ष को पत्र भेजा गया है।

## भागलपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के जगदीशपुर थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष गणेश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद भी उपस्थित हुए। इसके अलावा बैठक में मेला कमेटी के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान थाना अध्यक्ष ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। उन्होंने बैठक में आए लोगों का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल, मेला स्थान, मुख्य स्थान पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। इसमें पुलिस मित्र का सहयोग भी लिया जाएगा। बैठक के दौरान उन्होंने मेला कमेटी के सदस्यों से भी सुझाव मांगे। इस पर जगदीशपुर मेला कमेटी के सदस्य भारतीय भूषण झा ने बताया कि मुख्य बाजार पर सजाने वाले दुकानों को नल के पार नहीं होना है। क्योंकि इससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इस काम के लिए स्थानीय पुलिस से भी सहयोग मांगी जाएगी। इस बैठक में इंस्पेक्टर रामचंद्र यादव, दरोगा बम बम कुमार, हरिनंदन कुमार, जनप्रतिनिधि मुखिया, प्रतिनिधि घनश्याम मंडल, मुखिया समेत कई लोग मौजूद रहे।

## स्कूलों में हर शनिवार को लगेगी शिक्षा चौपाल

**भागलपुर**। जिले के सरकारी स्कूलों में अब प्रत्यके शनिवार को शिक्षा चौपाल लगाया जाएगा। इसमें जिले के 27 कस्तूरबा स्कूलों को को भी शामिल किया गया है। शिक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि कार्यक्रम का फोटो अपने संबंधित अधिकारी को जरूर अवगत कराए। प्रखंड स्तर के स्कूलों में प्रखंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षा चौपाल का फोटो भेंजेगे। फोटो नहीं भेजने पर स्कूल की रेटिंग नहीं दी जाएगी। शिक्षा चौपाल में शिक्षकों को बच्चों के लिए क्या करना चाहिए इसके बारे में अभिभावक अनुशंसा करेंगे। वहीं घर पर बच्चों के शिक्षा की बेहतरी के लिए अभिभावकों का क्या दायित्व है। इसपर शिक्षक अभिभावकों को जरूरी सुझाव देंगे। शिक्षा चौपाल में बच्चों की प्रगति में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। इसके लिए ग्रामीणों को आमंत्रण दिया जा रहा है। डीपीओ मो .जमाल मुस्तफा ने कहा कि इसके तहत उच्च प्राथमिक स्कूलों में कक्षा छह से आठ तक के बच्चों के लिए शिक्षा चौपाल आयोजित की जायेगी। इस दिन अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी-सह -शिक्षा चौपाल में विद्यार्थियों द्वारा किये गये कार्यों (मॉडल) की प्रदर्शनी लगायी जाएगी।

## वैशाली में खेली जा रही राज्यस्तरीय अंडर-19 खो खो बालक प्रतियोगिता

**भागलपुर**। राज्यस्तरीय अंडर-19 खो खो बालक प्रतियोगिता वैशाली में हुई। भागलपुर की टीम रविवार को बक्सर में 16.9 अंको से हराकर फाइनल में पहुंची। सोमवार को उसका मुकाबला मेजबान जिला वैशाली से होगा। भागलपुर की टीम दिलखुश कुमार की कप्तानी में अंडर-19 की टीम खेल रही है।

## सेवानिवृत्ति शिक्षकों को ग्रेज्युटी व पेंशन को नहीं करनी होगी भागदौड़

**भागलपुर**। अब जिले के सभी प्रखंड के सेवानिवृत्ति शिक्षकों की विदाई जिला शिक्षा कार्यालय परिसर से दी जाएगी। यह जिले में पहली बार लागू होगा। जिला शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार एचएम सहित स्कूल के सभी कर्मी उपस्थित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि हर माह जिले से किसी न किसी स्कूल के शिक्षक सेवानिवृत्त होते हैं।

## पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VI 'क'
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अर्जन निदेशालय),या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

### प्रारंभिक अधिसूचना
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

अधिसूचना संख्या :–730(C)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–25.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–कबरा खुर्द, थाना सं0–267, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ** निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–कबरा खुर्द, थाना सं0–267, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.1225 एकड़** यानि **0.4542** हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–कबरा खुर्द, थाना सं0–267, कुल रकबा–1.1225 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 175 | 976 | टांड दो | रैयती | 0.0241 | शहुद आलम वो उमैर आलम वो जुबेर आलम वो अहसन आलम वो एकबाल आलम पिता महबीब आलम वो पनवा कुवंर पति स्व0 बासुदेव राम (विवादित) | | | | |
| 2 | 1 | 264 | टांड दो | रैयती | 0.0525 | अकलीया बीबी पिता कुतुबुद्दीन | | | | |
| 3 | 1 | 265 | टांड दो | रैयती | 0.1055 | अकलीया बीबी पिता कुतुबुद्दीन | | | | |
| 4 | 150 | 263 | टांड दो | रैयती | 0.2619 | शेख अब्दुल रहिम वो शेख अजीमुद्दीन पिता शेख मुन्शी | | | | |
| 5 | 150 | 262 | टांड दो | रैयती | 0.4324 | शेख अब्दुल रहिम वो शेख अजीमुद्दीन पिता शेख मुन्शी | | | | |
| 6 | 178 | B/1369 | बांध | गै0मा0 | 0.2461 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| कुल :– | | | | | 1.1225 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 337449 Palamu(24-25)#D

## पलामू समाहरणालय
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

### प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :–730(F)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–25.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–अघौरा, थाना सं0–261, थाना–मोहम्मदगंज, अंचल–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर ( मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–अघौरा, थाना सं0–261, थाना–मोहम्मदगंज, अंचल–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **3.0525** एकड़ यानि 1.2353 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–अघौरा, थाना सं0–261, कुल रकबा–3.0525 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 87 | 605 | टाड दो | रैयती | 0.134 | राम प्रसाद मेहता व राम दास महतो व रक्षया मेहता व नन्कु महतो पिता मुखदेव महतो जाति कोईरी | – | – | – | – |
| 2 | 47 | 606 | टाड तीन | रैयती | 0.1689 | बिगु कहार पिता सहदेव कहार वो मुनर चौधरी पिता देवधारी चौधरी वो शान्ति देवी पति महेन्द्र चौधरी, जाति कहार | – | – | – | – |
| 3 | 17 | 608 | टाड दो | रैयती | 0.1428 | कृमण मुरारी सिंह पिता रघुनाथ सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 4 | 49 | 609 | टाड तीन | रैयती | 0.2068 | विश्वनाथ सिंह पिता बलदेव सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 5 | 35 | 610 | टांड तीन | रैयती | 0.0998 | धनराज कुंवर पति राम कवल सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 6 | 12 | 611 | टाड दो | रैयती | 0.2545 | कुण्डल सिंह व ईश्वरी सिंह व राम कवल सिंह पिता.......... जाति राजपुत व जनार्धन सिंह व मनुज सिंह पिता विक्रमा सिंह जाति राजपुत व राम परीखा सिंह पिता दलजित सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 7 | 38 | 612 | टांड दो | रैयती | 1.136 | नयवत सिंह पिता परसु सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 8 | 38 | 613 | टांड तीन | रैयती | 0.0491 | नयवत सिंह पिता परसु सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 9 | 49 | 616 | टांड दो | रैयती | 0.0822 | विश्वनाथ सिंह पिता बलदेव सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 10 | 17 | 615 | टाड दो | रैयती | 0.006 | कृमण मुरारी सिंह पिता रघुनाथ सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 11 | 12 | 617 | टाड दो | रैयती | 0.0449 | कुण्डल सिंह व ईश्वरी सिंह व रामेश्वर सिंह व राम कवल सिंह पिता......., व जनार्धन सिंह व मनुज सिंह पिता विक्रमा सिंह व राम परीखा सिंह पिता दलजित सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 12 | 35 | 618 | धनहर दो | रैयती | 0.056 | धनराज कुंवर पति राम कवल सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 13 | 17 | 619 | टाड दो | रैयती | 0.0033 | कृमण मुरारी सिंह पिता रधुनाथ सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 14 | 35 | 637 | टांड दो | रैयती | 0.0275 | धनराज कुंवर पति राम कवल सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 15 | 91 | 636 | टाड़ दो | रैयती | 0.0208 | राम वृक्ष सिंह व रामनन्दन सिंह पिता धर्मजित सिंह वो सुरेन्द्र सिंह पिता सरयू सिंह वगैरह, जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 16 | 35 | 638 | टाड़ तिन | रैयती | 0.1047 | धनराज कुंवर पति राम कवल सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 17 | 58 | 635 | टाड तिन | रैयती | 0.2308 | भगवत सिंह पिता जतन सिंह वो सचिंता सिंह वो शिव कुमार सिंह पिता बुद्धिनारायण सिंह वगै0 जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 18 | 27 | 632 | टाड तिन | रैयती | 0.1772 | मुलक राज कुंवर व राम प्यारी देवी पिता राम नरेश सिंह एवं कामेश्वर सिंह पिता रामाधार सिंह व मुनी सिंह व सुनी सिंह अयोध्या सिंह वो सरोज सिंह पिता सत्येन्द्र कुमार सिंह वो बबिता देवी पति श्याम सुन्दर सिंह वगै0 जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 19 | 109 | 639 | टाड दो | गै0मा0 | 0.0735 | अनावाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 20 | 109 | 640 | दोन दो | गै0मा0 | 0.0027 | अनावाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 21 | 109 | 641 | परती नई काबिल आबाद | गै0मा0 | 0.0136 | अनावाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 22 | 109 | 642 | टाड दो | गै0मा0 | 0.0174 | अनावाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| कुल :– | | | | | 3.0525 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.337453 Palamu(24-25):D

## पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :–730(D)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–25.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हैदरनगर, थाना सं0–303, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–हैदरनगर, थाना सं0–303, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **3.5852** एकड़ यानि 1.4509 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–हैदरनगर, थाना सं0–303, कुल रकबा–**3.5852** एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 349 | 253 | टांड दो | रैयती | 0.3855 | जगेसर सिंह पिता द्वारिका सिंह वो सीतराम सिंह पिता महेश्वरी सिंह वो हरिहर सिंह पिता करमदेव सिंह वो रामशीष सिंह वो रामश्रय सिंह वो विनोद सिंह वो प्रमोद सिंह पिता कपिलदेव सिंह वो नथुनी सिंह पिता शिवलोचन सिंह | | | | |
| 2 | 348 | 254 | टांड दो | रैयती | 0.1390 | सीताराम सिंह पिता महेश्वरी सिंह वो जगेसर सिंह पिता द्वारिका सिंह वो हरिहर सिंह पिता करमदेव सिंह वो रामशिष सिंह वो रामश्रय सिह वो विनोद सिंह वो प्रमोद सिंह पिता कपिलदेव सिंह वो नथुनी सिंह पिता शिवलोचन सिंह | | | | |
| 3 | 1087 | 255 | टांड दो | रैयती | 0.1427 | अमीना बीबी पति अब्दुल रहीम खां वो नौशर अली पिता अफसर अली वो नाजिया प्रवीण पति सलीम खां | | | | |
| 4 | 974 | 251/5563 | टांड दो | रैयती | 0.0635 | रामाशिष सिंह वो राम अक्षेया सिंह वो विनोद सिंह वो प्रमोद सिंह पिता कपीलदेव सिंह | | | | |
| 5 | 349 | 251 | टांड दो | रैयती | 0.0950 | जगेसर सिंह पिता द्वारिका सिंह वो सीतराम सिंह पिता महेश्वरी सिंह वो हरिहर सिंह पिता करमदेव सिंह वो रामशीष सिंह वो रामश्रय सिंह वो विनोद सिंह वो प्रमोद सिंह पिता कपिलदेव सिंह वो नथुनी सिंह पिता शिवलोचन सिंह | | | | |
| 6 | 348 | 257 | टांड दो | रैयती | 0.0282 | सीताराम सिंह पिता महेश्वरी सिंह वो जगेसर सिंह पिता द्वारिका सिंह वो हरिहर सिंह पिता करमदेव सिंह वो रामशिष सिंह वो रामश्रय सिह वो विनोद सिंह वो प्रमोद सिंह पिता कपिलदेव सिंह वो नथुनी सिंह पिता शिवलोचन सिंह | | | | |
| 7 | 334 | 278 | टांड दो | रैयती | 0.1278 | जगदीश पिता रामेसर विश्वकर्मा | | | | |
| 8 | 349 | 279 | टांड दो | रैयती | 0.0805 | रोस्तम हवारी पिता नईम हवारी | | | | |
| 9 | 349 | 280 | टांड दो | रैयती | 0.0947 | रोस्तम हवारी पिता नईम हवारी वो अपसाना प्रवीण पति कमरू अंसारी वो सदाम हुसैन पिता कमरूद्दीन अंसारी | | | | |
| 10 | 1087 | 281 | टांड दो | रैयती | 0.0965 | रामाधार सिंह पिता देवा सिंह वो बिहारी सिंह पिता प्रगास सिंह | | | | |
| 11 | 349 | 282 | धनहर दो | रैयती | 0.1608 | ताहिर हुसैन पिता स्व0 साकिर हुसैन | | | | |
| 12 | 349 | 283 | बांध | रैयती | 0.0225 | जगेसर सिंह पिता द्वारिका सिंह वो सीतराम सिंह पिता महेश्वरी सिंह वो हरिहर सिंह पिता करमदेव सिंह वो रामशीष सिंह वो रामश्रय सिंह वो विनोद सिंह वो प्रमोद सिंह पिता कपिलदेव सिंह वो नथुनी सिंह पिता शिवलोचन सिंह | | | | |
| 13 | 1052 | 284 | धनहर दो | रैयती | 0.0865 | रामप्रसाद साह पिता शितल साह वो मो हैदर अली पिता मो0 अख्तर अली वो आमना बीबी पति सदरूद्दीन मियां | | | | |
| 14 | 230 | 285 | धनहर दो | रैयती | 0.0680 | कोदु प्रसाद पिता धनेसर प्रसाद | | | | |
| 15 | 230 | 286 | धनहर दो | रैयती | 0.0972 | कोदु प्रसाद पिता धनेसर प्रसाद | | | | |
| 16 | 321 | 287/5438 | धनहर दो | रैयती | 0.0828 | छठनी देवी पति कुलदीप मिस्त्री | | | | |
| 17 | 63 | 288 | धनहर दो | रैयती | 0.0448 | अब्दुल अहमद खां पिता अब्दुल गफार खां | | | | |
| 18 | 752 | 386 | धनहर दो | रैयती | 0.3257 | वंशीधर सिंह वो ओमकार सिंह पिता रामबेलाश सिंह वो वृजकिशोर सिंह वो कुन्दन सिंह पिता रामबेलाश सिंह | | | | |
| 19 | 401 | 406 | धनहर दो | रैयती | 0.0122 | रहीम खां वो जाफर खां पिता स्व0 गफ्फार | | | | |
| 20 | 885 | 404 | धनहर दो | रैयती | 0.0964 | मंसुर खां वो मनीहर खां वो सुलेमान खां पिता कादीर खां वो रेयासत खां पिता नाजीर खां वो नसीर बीबी पति मंसुर खां (विवादित) | | | | |
| 21 | 67 | 387 | धनहर दो | रैयती | 0.0470 | अब्दुल हक खां पिता अब्दुल समद खां | | | | |
| 22 | 760 | 388 | धनहर दो | रैयती | 0.0423 | फैयाज खां पिता अब्दुल समद खां | | | | |
| 23 | 356 | 389 | धनहर दो | रैयती | 0.0552 | जफरूद्दीन खां वो शहीद खां वो क्युम खां पिता सतार खां वो मखमली बीबी पिता शहीद खां वो हुसनआरा बीबी पति क्यामुदिन खां | | | | |
| 24 | 885 | 403 | धनहर दो | रैयती | 0.0373 | मंसुर खां वो मनीहर खां वो सुलेमान खां पिता कादीर खां वो रेयासत खां पिता नाजीर खां वो नसीर बीबी पति मंसुर खां (विवादित) | | | | |
| 25 | 1396 | 390 | धनहर दो | रैयती | 0.1377 | हाजरा बीबी पति अब्दुल अहमद खां, जाति पैठान वो बदरून निशा पिता गुलाम समद खां | | | | |
| 26 | 68 | 391 | धनहर दो | रैयती | 0.1322 | अब्दुल अहमद खां वो अब्दुल समद खां वो अब्दुल वारीफ खां पिता गफार खां वो यासमीन बानो पति नूर सईद | | | | |
| 27 | 1299 | 401 | धनहर दो | रैयती | 0.0032 | खदीजा एरम पति मुमताज अहमद | | | | |
| 28 | 68 | 392 | धनहर दो | रैयती | 0.0870 | अब्दुल अहमद खां वो अब्दुल समद खां वो अब्दुल वारीफ खां पिता गफार खां वो मो0 अनवर पिता स्व0 इशहाक | | | | |
| 29 | 936 | 393 | धनहर दो | रैयती | 0.0720 | रहमतुल्ला खां वो करमतुल्ला खां वो कुईसा बीबी पिता हीदायततुल्ला खां वो चाँद प्रवीण पति लेयाकत अली खां | | | | |
| 30 | 869 | 400/5629 | धनहर दो | रैयती | 0.0024 | फुजैल अहमद वो इरशाद अहमद पिता स्व0 मो0 जउवाद | | | | |
| 31 | 640 | 2065 | धनहर दो | रैयती | 0.0017 | मु0 फुलजहाँ बीबी पति जहुर खां वो मनसुर खां वो मनजुर खां वो मनहर खां वो नूर मोहम्मद खां पिता कादीर खां (विवादित) | | | | |
| 32 | 936 | 2064 | सहन | रैयती | 0.0263 | जीशान अली पिता लेयाकत अली खां | | | | |
| 33 | 858 | 2060 | मकान | रैयती | 0.0246 | मुस्ताक खां वो मोहम्मद उमर खां वो इमामुदीन खां वो चासनी खां वो जसमिउद्दीन खां वो जहरू बीबी पिता मोहम्म्दयार खां वो मोहम्मद नसिर खां पिता तुजा खां | | | | |
| 34 | 858 | 2058 | मकान | रैयती | 0.0476 | मुस्ताक खां वो मोहम्मद उमर खां वो इमामुदीन खां वो चासनी खां वो जसमिउद्दीन खां वो जहरू बीबी पिता मोहम्म्दयार खां वो मोहम्मद नसिर खां पिता तुजा खां | | | | |
| 35 | 858 | 2057 | मकान | रैयती | 0.0004 | मुस्ताक खां वो मोहम्मद उमर खां वो इमामुदीन खां वो चासनी खां वो जसमिउद्दीन खां वो जहरू बीबी पिता मोहम्म्दयार खां वो मोहम्मद नसिर खां पिता तुजा खां | | | | |
| 36 | 1206 | 2046 | टांड़ दो | रैयती | 0.0093 | शकुर अली वो एहसान अली वो रहमान अली वो मुहम्म्द जुमराती वो मोहम्मद कुरवान पिता सुमान अली | | | | |
| 37 | 1415 | 252 | बांध | गै0मा0 | 0.0739 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 38 | 1415 | 231 | बांध | गै0मा0 | 0.0411 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 39 | 1415 | 2040 | बांध | गै0मा0 | 0.0119 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 40 | 1415 | 2041 | पोखरा | गै0मा0 | 0.0295 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 41 | 1416 | 2044 | कब्रीस्थान | गै0मा0 | 0.0188 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 42 | 1416 | 2043 | इमाम बाड़ी | गै0मा0 | 0.2160 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 43 | 1416 | 2048 | कब्रीस्थान | गै0मा0 | 0.009 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 44 | 1416 | 2042 | कब्रीस्थान | गै0मा0 | 0.0470 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 45 | 1415 | 2045 | पुरानी परती | गै0मा0 | 0.1615 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| कुल :– | | | | | 3.5852 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू | अपर समाहर्त्ता, पलामू | उपायुक्त, पलामू

PR 337451 Palamu(24-25).D

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**साहिबगंज, एजेंसी।** साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता सदर एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार ने की. एसडीओ ने लोगों से दुर्गा पूजा सौहार्द के साथ मनाने की अपील की. शांति समिति के सदस्यों ने दुर्गा पूजा के आयोजन में आपसी सहयोग करने की बात कही. एसडीओ ने कहा कि पूजा के दौरान जिला प्रशासन अलर्ट मोड में रहेगा. सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों या शांति भंग करने का प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निबटेगी. डीजे बजाने पर प्रतिबंधित रहेगा. चौक-चौराहों व संवेदनशील इलाकों में पुलिस बलों की तैनाती रहेगी.

### सेल रांची यूनिट्स के 10 कर्मी केदारताल के लिए रवाना

**रांची, एजेंसी।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची यूनिट्स के 10 कर्मचारी रविवार को केदारताल पर्वतारोहण के लिए रवाना हुए. इस पर्वतारोहण अभियान की ऊंचाई लगभग 4,754 मीटर (15,598 फीट) है जो शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण है. केदारताल ट्रैक अपनी चुनौतीपूर्ण पथरीली चढ़ाइयों और जंगली इलाके के लिए जाना जाता है. मौके पर सेल रांची यूनिट्स के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एसजे जाचक ने ध्वजांकन किया और पर्वतारोहियों को उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि यह यात्रा साहस, प्रतिबद्धता और टीमवर्क का प्रतीक है और सेल के कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगी.

### सुंदरनगर थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**जमशेदपुर, एजेंसी।** सुंदरनगर थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक जादूगोड़ा सुरेश प्रसाद ने की. जहां मौके पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिंन्हा, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा समेत शांति व पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे. वरीय पदाधिकारियों ने सभी पूजा समितियों से पूजा के नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया. सभी पंडालों में अग्निशमन की व्यवस्था, वॉलिंटियर की प्रतिनियुक्ति, रात 10 बजे के बाद माइक नहीं बजाने, दिन में केवल भक्ति गाने ही बजाने का दिशा निर्देश दिया गया. अधिकारियों ने कहा बाइकर्स गैंग पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी. पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए भी कहा गया. साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान सभी पंडालों में और विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजाने के लिए कहा गया.

### टाटा कंपनी को देनी होगी डूंगरी के ग्रामीणों को बिजली-पानी व सुविधाएं - विधायक



**धनबाद, एजेंसी।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने डूंगरी मौजा के ग्राम थान, आदर्श उच्च विद्यालय, डुमरी जामाडोबा में रविवार को ग्रामीणों की पानी बिजली व अन्य समस्याओं के लेकर बैठक की. इस दौरान डूंगरी के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से विधायक को अगत कराया. कहा - टाटा कंपनी ने खनन कार्य कर ग्रामीणों की जमीन बर्बाद कर दी है. ग्रामीण खेती नहीं कर पा रहे हैं. कंपनी फसल क्षतिपूर्ति के नाम पर खानापूर्ति करती है. विधायक इस पर पहल करे. विधायक पूर्णिमा सिंह ने कहा कि टाटा कंपनी को डूंगरी मौजा के रैयतों व ग्रामीणों को बिजली पानी अन्य मूलभूत सुविधाएं देनी होंगी. उन्होंने कहा कि टाटा प्रबंधन से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्याओं का निदान कराया जायेगा. मौके पर भीम महतो, कुंदन महतो, जोहार महतो, दिनेश सिंह, अमित महतो, फेकन तुरी, अजय तुरी, दिलीप महतो, धनेश्वर महतो, उत्तम महतो, विशाल महतो, छोटेलाल महतो, संतोष महतो, कविता देवी, छवि देवी, आशा देवी, चंपा देवी, करुणा देवी, गीता देवी, रीता देवी, खुशबू देवी आदि थे.झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने रविवार को जामाडोबा कालीमेला स्थित बाबा सुदेश्वरनाथ शिव मंदिर में मत्था टेका. उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुई.

# झारखंड का समुचित विकास होने तक चैन से नहीं बैठेंगे: केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान




**धनबाद, एजेंसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान रविवार को जनाक्रोश रैली में शामिल होने धनबाद पहुंचे. कोयला नगर नेहरू स्पोर्टस कांपलेक्स में आयोजित रैली में चिराग ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव झारखंड का भविष्य तय करेगा. इसलिए इस बार ऐसी कोई गलती नहीं करनी है, जिससे आने वाले पांच साल तक पछताना पड़े. उन्होंने कहा कि यह संकल्प कर आया हूं कि जब तक झारखंड का समुचित विकास नहीं होगा, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे. हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पांच साल से झारखंड में विकास रुक गया है. भ्रष्टाचार चरम पर है.

सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड की जनता को शर्मसार किया है. मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए. इस बार एक-एक वोट सोच समझ कर देना है. इस चुनाव में ऐसी पार्टी के ऐसे विधायक को चुनना है जो विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य व युवाओं की चिंता करे. जात-पात, धर्म से ऊपर उठकर बेहतर झारखंड बनाना है. इसमें सभी का साथ चाहिए. आज बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के लिए लोगों को दूसरे राज्य जाना पड़ता है. अब झारखंड को ऐसा राज्य बनाना है जहां से किसी को बाहर न जाना पड़े.

आरक्षण और संविधान को कोई खतरा नहीं

विपक्ष पर निशाना साधते हुए चिराग पासवान ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कई तरह के झूठ फैलाये गए. कांग्रेस ने कहा कि अगर एनडीए सत्ता में आता है तो आरक्षण और संविधान समाप्त हो जाएगा. जब तक चिराग जिंदा है, तब तक आरक्षण और संविधान को कोई खतरा नहीं है. उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में उन्हें कई तरह से तोड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वह टिके रहे और बिहार में पांच में से पांच सीटों पर जीत दर्ज की. कहा कि उनका जन्म अविभाजित बिहार में हुआ था इसलिए झारखंड भी उनकी जन्मभूमि है. अब झारखंड का विकास करने आया हूं. अपने पिता स्व. रामविलास पासवान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने जनसेवा में अपनी जान कुर्बान कर दी. कोरोना के समय दूसरे प्रदेशों से पैदल आने वालों की सेवा को प्राथमिकता दी. इस कारण उनका निधन हो गया. अपने पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं. लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रधान ने कहा कि यदि विधानसभा चुनाव में एनडीए में लोजपा को सम्मानजनक सीटें मिलती हैं, तब तो गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेंगे. अन्यथा लोजपा प्रदेश की 81 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है.

रैली की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप पासवान ने की जबकि मंच संचालन बेलाल खान ने किया. मौके पर झारखंड प्रभारी सह जमुई सांसद अरुण भारती, सह प्रभारी खगड़िया सांसद राजेश वर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र द्विवेदी, प्रमोद सिंह, आशा पासवान, ममता रंजन, मुंद्रिका पासवान, ज्ञानचंद गौतम आदि मौजूद थे.

### बोकारो में भी हुआ जोरदार स्वागत

इससे पहले रांची से बोकारो पहुंचने पर नयामोड़ में चिराग पासवान का लोजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया. गाजा बाजा के साथ जेसीबी से फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया गया. मौके पर जिला प्रभारी रामकुमार वर्मा, संजय श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, महानगर अध्यक्ष सुमन कुमार पासवान, निखिल प्रशांत, प्रेमचंद कुमार, सत्येंद्र यादव, प्रेम कुमार राय आदि उपस्थित थे.

## फूड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट में डीएमएफटी क्षेत्रों के 20 छात्रों के लिए कंप्रिहेंसिव कोर्स शुरू

**देवघर, एजेंसी।** फूड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट में डीसी विशाल सागर ने शुक्रवार से शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कंप्रिहेंसिव कोर्स का शुभारंभ किया. इस अवसर पर डीसी ने फूड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट के बच्चों से मुलाकात की और उन्हें मिल रही सुविधाएं से अवगत हुए. बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी. डीसी ने कहा कि यह पहल केवल प्रशिक्षण नहीं है, यह भविष्य निर्माण एक कड़ी है. जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि युवाओं को प्रशिक्षित और शिक्षित कर रोजगार से जोड़ा जाये. प्रशिक्षण के साथ ही सफल ग्रेजुएट्स को प्लेसमेंट के लिए तैयार किया जायेगा. उन्हें शिक्षा से रोजगार की ओर सुगम रूपांतरण में मदद मिलेगी. यह समग्र दृष्टिकोण न केवल व्यक्तिगत आजीविका को बढ़ाने का लक्ष्य रखता है, बल्कि कुशल पेशेवरों को तैयार करके स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने का कार्य करेगा. इस क्रम में डीसी ने फूड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट में होटल मैनेजमेंट से संबंधित चार पाठ्यक्रमों में फूड प्रोडक्शन, बेकरी एवं कन्फेक्शनरी, फूड एंड बेवरेजेज तथा हाउसकीपिंग कोर्स को लेकर सत्र में की गयी विभिन्न गतिविधियों व कार्यों की जानकारी ली. चयनित छात्रों को निःशुल्क शिक्षा, आवासन व भोजन दिया जायेगा

कोर्स में डीएमएफटी क्षेत्र के 20 चयनित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, आवासन व भोजन की सुविधा दी जायेगी.

## तुपकाडीह में 200 झारखंडी कलाकार-साहित्यकार हुए सम्मानित



**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिले के तुपकाडीह स्थित श्रमिक हाई स्कूल मैदान में रविवार को झारखंडी कलाकार-साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का आयोज न अंबेडकर क्लब, पैंथर क्लब व जय हिंद कला मंच ने संयुक्त रूप से किया था. उदघाटन तीर्थनाथ आकाश व अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया. खोरठा के प्रखर विद्वान व धरा-गगन सिद्धांत के प्रणेता दिवंगत डॉ एके झा समेत अन्य दिवंगत कलाकारों व साहित्यकारों की तस्वीर पर माल्यार्पणकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. राज्य के लगभग 200 कलाकारों व साहित्यकारों को शॉल, प्रशस्ति पत्र व पौधे देकर सम्मानित किया गया. तीर्थनाथ आकाश ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के निर्माण में खोरठा कलाकारों का भी अहम योगदान रहा है. गीतकार विनय तिवारी ने कहा कि खोरठा के सभी कलाकारों, साहित्यकारों को एक मंच पर आकर खोरठा के विकास के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है.कार्यक्रम का संचालन श्याम केवट 'चित्रकार' ने किया. सम्मानित होने वाले कलाकारों-साहित्यकारों में मनोज देहाती, गौतम कुमार महतो, कैलाश देहाती, अमन राठौर, कैलाश जैक्शन, सतीश दास, रॉबिन दास, राकेश दास, पायल राजवंशी, आनंद केरवार, धनुषधारी गोस्वामी, रमेश दास, आशा कुमारी, गुंजा कुमारी, दीपक दीवाना उर्फ ढुलकु, विनोद महतो रसलीन, प्रेमचंद कालिंदी, हबीब नाज, अशोक महतो, शिवानी जैक्सन, राजेश दीवाना, रवीना महतो, वर्षा ऋतु, हनी चंद्रवंशी, पिंकी सिंह, सीमा महतो, चांदनी महतो, मिथुन झारखंडी, मुकेश साव, उमेंद्र कुमार,निमाय महतो, मुकेश साव, विश्वनाथ गोस्वामी, विनय तिवारी, महेंद्रनाथ गोस्वामी 'सुधाकर', गिरिधारी गोस्वामी आकाशखूंटी, डॉ नागेश्वर महतो, दीपक सवाल, डॉ मुकुंद रविदास आदि शामिल हैं.

## दुर्गा पूजा से पहले रांची में माहौल बिगाड़ने का प्रयास धार्मिक स्थलों के पास प्रतिबंधित मांस से हुआ बवाल



**रांची, एजेंसी।** राजधानी के विभिन्न इलाके में एक धार्मिक स्थलों के पास सहित तीन क्षेत्र में रविवार को प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा मिलने की सूचना पर लोग आक्रोशित हो गये. घटना से आक्रोशित लोगों ने घंटों जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया. घटना की सूचना मिलने पर लोअर बाजार सहित अन्य थाना की पुलिस के अलावा ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, जिला प्रशासन के अधिकारी, सिटी डीएसपी और कोतवाली डीएसपी सहित अन्य अधिकारी पहुंचे.

इस दौरान पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया. लेकिन आक्रोशित लोग आरोपी को चिह्नित कर गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे. जब पुलिस के द्वारा 48 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तार का आश्वासन दिया गया, तब जाकर लोग शांत हुए और आवागमन सामान्य हुआ. इसी बीच पुलिस ने नगर निगम की टीम को बुलाकर मांस के टुकड़ों को थड़पखना, चडरी सरना स्थल के समीप और मेन स्थित के धार्मिक स्थल के पास से हटवाया.

मिली जानकारी के अनुसार एचबी रोड थड़पखना स्थित एक धार्मिक स्थल के पास दिन के सवा ग्यारह बजे एक बोरे में प्रतिबंधित मांस फेंके जाने की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये. इस बात की जानकारी धीरे- धीरे अन्य लोगों को मिली, जिसके बाद थड़पखना के पास बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे. घटना से आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आये और नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया. सड़क पर बांस- बल्ली लगाकर लालपुर-अल्बर्ट एक्का चौक मार्ग को जाम कर आवागमन बाधित कर दिया.

इस दौरान घटना स्थल के दोनों ओर बड़ी संख्या में दो पहिया, चार पहिया और स्कूल बसें जाम में फंसी रही. घटना की सूचना मिलने पर रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय, श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव, भैरव सिंह सहित अन्य लोग पहुंचे. आक्रोशितों से घटना की जानकारी लेने के बाद नेताओं ने भी इसका विरोध किया. जिसके बाद गुस्साये लोग सड़क पर बैठकर प्रदर्शन और नारेबाजी करने लगे. इसी बीच बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और आक्रोशितों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया. जिसके बाद नेताओं के हस्तक्षेप और पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी के आश्वासन पर दिन के दो बजे के बाद मामला शांत हुआ और आवागमन सामान्य हुआ.

घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि थड़पखना के पास सड़क पर प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा गिरने की सूचना मिलने के बाद इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा गया. फुटेज में दिखा कि 11.02 बजे ट्रैक्टर से एक बोरे गिरा. जिसमें प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा था.

## कांग्रेस के चुनावी अभियान का आगाज गांधी जयंती के दिन से, हर गांव-टोला में संवाद यात्रा निकाली जायेगी




**रांची, एजेंसी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस गांधी जयंती के दिन यानी दो अक्टूबर से अपने औपचारिक चुनावी अभियान की शुरुआत करेगी. इसके लिए राज्य के नेताओं की चार टीम बनाई गई हैं, जो पहले चरण में उन क्षेत्रों में अभियान चलाएगी जहां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे. इसके बाद सीट बंटवारे के बाद दूसरे चरण में गठबंधन उम्मीदवारों के लिए अभियान चलाया जाएगा. वहीं, विधानसभा स्तर पर हर गांव-टोला में संवाद यात्रा निकालेगी. 15 अक्टूबर से जिला स्तर के नेता पंचायत में अभियान चलाएंगे. इसके माध्यम से सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा.

**झारखंड में बांग्लादेशी को खोजनेवाले भाजपा के नेता 18 वर्षों तक राज करने के दौरान सो रहे थे :** प्रदेश कांग्रेस कैंपेनिंग कमेटी के चेयरमैन सुबोधकांत सहाय ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान ये जानकारी दी. उन्होंने कहा कि चुनाव में जाने के लिए हमारे पास सरकार के किए हुए कार्य पूंजी के रूप में हैं. हमारी नीतियों में भविष्य के विकास की झलक है. आज झारखंड में बांग्लादेशी को खोजनेवाले भाजपा के नेता 18 वर्षों तक राज करने के दौरान सो रहे थे. इन्हें चुनाव के समय ही ऐसे मुद्दे दिखते हैं. उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ के घोटाले के आरोप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर एफआईआर दर्ज हुआ है. उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए.

**घोषणा पत्र पर हेमंत से भी सलाह-मशवरा करेंगे : बंधु तिर्की :** मेनीफेस्टो कमेटी के चेयरमैन बंधु तिर्की ने कहा की घोषणा पत्र तैयार करने के लिए पूरे प्रदेश में चौपाल लगाकर लोगों की राय ली जा रही है. इसमें यह व्यवस्था की जाएगी कि हर छह माह में मेनिफेस्टो के सोशल ऑडिट की व्यवस्था हो. नीतिगत,आर्थिक, सामाजिक सभी पहलुओं की समीक्षा कर घोषणा पत्र के बिंदु तैयार किए जाएंगे. जिलावार वहां के स्थानीय मुद्दे, राज्य स्तर के मुद्दे, जमीन के मुद्दे एवं अन्य विसंगतियों पर चर्चा की जाएगी. चार अक्टूबर तक प्रदेश कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित करेंगे, जिसे संकलित कर राष्ट्रीय नेतृत्व को समीक्षा हेतु भेजा जाएगा. वहां से अनुमति मिलते ही इसे घोषित किया जाएगा. घोषणा पत्र तैयार होने के बाद मुख्यमंत्री से मिलकर हम अपने और उनके घोषणा पत्र पर चर्चा कर इसे अमलीजामा पहनाएंगे. मौके पर प्रदीप कुमार बलमुचू, राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुंजनी, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, शांतनु मिश्रा आदि उपस्थित थे.

## नेशनल लोक अदालत: 9 अरब 60 करोड की रिकॉर्ड रिकवरी

**धनबाद, एजेंसी।** नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया। इस नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड 9 अरब 60 करोड रूपए की रिकवरी की गई। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान की परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है, नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है।हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम, शाति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है।

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। शुरूआती चार घंटे में एक लाख सात हजार विवादों का निपटारा मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 12 बेंच का गठन किया गया है। जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया।

## इलाज के दौरान कोलकर्मी की मौत, नियोजन के लिए प्रदर्शन

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद की बोर्रागढ़ कोलियरी में कार्यरत विजय उरांव की मौत शुक्रवार की रात दुर्गापुर के अस्पताल में हो गयी. नियोजन को लेकर शव रख कर्मियों ने कोलियरी में प्रदर्शन किया.

बीसीसीएल पीबी एरिया अंतर्गत बोर्रागढ़ कोलियरी में जनरल मजदूर के पद पर कार्यरत विजय उरांव की इलाज के दौरान दुर्गापुर के एक अस्पताल में शुक्रवार की रात मौत हो गयी. शनिवार को मजदूरों ने जनता श्रमिक संघ के बैनर तले ने कोलियरी कार्यालय के समीप मृतक का शव रख उनके आश्रित को नियोजन व मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. आंदोलन का नेतृत्व संघ के अमर सिंह कर रहे थे.बताया जाता है कि 18 सितंबर को ड्यूटी के दौरान शाम चार बजे विजय उरांव की तबीयत बिगड़ गयी थी. उस समय कर्मियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी से आउटकर उन्हें घर भेज दिया था. घर पहुंचने के बाद स्थिति और खराब हो गयी. परिजनों ने उसे केंद्रीय अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया. हालत गंभीर देख केंद्रीय अस्पताल से दुर्गापुर रेफर कर दिया. वहां इलाज के क्रम में शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गयी.

## झारखंड की सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगा अटल विचार मंच




**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि अटल विचार मंच झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारेगा। चुनाव आयोग से मंच को मान्यता नहीं मिली है। इसमें लंबी प्रक्रिया है। प्रयास है कि सभी 81 सीटों पर प्रत्याशी उतारें। विस चुनाव में उनका मुद्दा झारखंड का समुचित विकास, राजनीति में ईमानदारी, नैतिकता और अटल जी के रास्ते पर चलना है। झारखंड में ईमानदारी व नैतिकता की कमी है।

अटल विचार मंच किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगा। अपने बलबूते चुनावी समर में उतरेगा। वे रविवार को सर्किट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश और झारखंड की राजनीति में मुफ्त में देने का प्रचलन चला है, जिसके वे खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि अटल विचार मंच का गठन 14 दिन पहले हुआ है। उनके पास समय कम है।

यशवंत सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में केस दर्ज किया गया है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो कौन-कौन इलेक्टोरल बॉन्ड में फंसेंगे, इसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं। देश में भ्रष्टाचार की जांच नहीं हो रही है।

**किसी के साथ गठबंधन नही:** अटल विचार मंच किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगा। अपने बलबूते चुनावी समर में उतरेगा। उन्होंने कहा कि देश और झारखंड की राजनीति में मुफ्त में देने का प्रचलन चला है, जिसके वे खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि अटल विचार मंच का गठन 14 दिन पहले हुआ है। उनके पास समय कम है।

**इलेक्ट्राल बांड में कई लोग फंसेंगे:** यशवंत सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में केस दर्ज किया गया है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो कौन-कौन इलेक्टोरल बॉन्ड में फंसेंगे, इसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं। देश में भ्रष्टाचार की जांच नहीं हो रही है।

## झारखंड में मानसून कमजोर, एक-दो दिन होगी विदाई

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मानसून अब पूरी तरह से कमजोर पड़ गया है। अगले एक से दो दिन में विदाई हो जाएगी। इस बीच प्रदेश में तेज धूप की वजह से उमस भरी गर्मी बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज किसी भी जिले में बारिश की संभावना नहीं है। झारखंड में ये स्थिति अगले दो दिन तक रहेगी।हालांकि, दुर्गा पूजा के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से ठंडी हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग की माने को इस बार झारखंड में ला-नीना का असर देखने को मिलेगा। ऐसे में इस साल कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

झारखंड में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के खत्म होते ही तेज धूप निकलने लगी है। सुबह 10 बजे ही प्रदेश का तापमान 30 डिग्री से ऊपर जा रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## त्योहार पर लापरवाही

किसी पर्व के अवसर पर कोई अकाल मौत दुखी ही नहीं करती, बल्कि विचलित कर देती है। बिहार में जीवित्पुत्रिका या जितिया या जीउतिया का व्रत-पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है और माताएं अपने बच्चों को लेकर नदियों-सरोवरों के तट पर जाती हैं, जहां स्नान, ध्यान, दान की परंपरा श्रद्धापूर्वक निभाई जाती है, पर ऐसे पावन अवसर पर बिहार भर में डूबने की अलग-अलग घटनाओं में करीब पचास मौतों ने झकझोर कर रख दिया है। जान गंवाने वालों में 36 से ज्यादा बच्चे हैं, सात महिलाएं हैं और बाकी पुरुष। यह पहली बार है कि जीवित्पुत्रिका के अवसर पर ऐसी त्रासदी हुई है। पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, औरंगाबाद, कैमूर, बक्सर, सीवान, रोहतास, सारण, पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, गोपालगंज और अरवल जिलों से डूबने की घटनाएं सामने आई हैं। एक जैसी स्थितियों के चलते इतनी मौतें हुई हैं और मौत के कारणों के विस्तार में जाना चाहिए और तभी हम जान सकेंगे कि ऐसा क्या गलत हुआ और इससे कैसे बचा जा सकता है। यह अच्छी बात है कि राज्य सरकार तत्काल चार-चार लाख रुपये की मुआवजा राशि देने में जुट गई है, मगर इस बात का मौका मुआयना जरूर करना चाहिए कि घाटों पर क्या इंतजाम थे? क्या सुरक्षा के जरूरी इंतजामों की अनदेखी हुई है? निस्संदेह, बिहार के आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) का काम बढ़ गया है। केवल मुआवजा बांट देने से काम पूरा नहीं हो जाएगा। यह अच्छी बात है कि डीएमडी ने खोज और बचाव कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल अर्थात एनडीआरएफ और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की कई टीमों को लगाया है। बचाव कार्य की सराहना होनी चाहिए, मगर जिन लोगों ने लापरवाही बरती है, उन पर शिकंजा भी कसना चाहिए। पूरब के व्रत-पर्व में अनेक मौके आते हैं, जब नदियों के पास जाने की अनिवार्यता होती है। आजकल नदियों में पानी बढ़ा हुआ है और तटों की सीमारेखा ही नहीं, रूपरेखा भी बिगड़ी हुई है। ऐसे में, उफनती नदियों के पास क्या लोगों को बड़ी संख्या में जाने देना चाहिए था? जहां यदा-कदा सेतु बनते ही टूट जाते हों, वहां तटों-घाटों की गुणवत्ता की चर्चा भला कैसे की जाए? यह प्रश्न सहज ही उभरता है, जब तट-घाट सुरक्षित नहीं थे, तब बच्चों को उनके निकट क्यों जाने दिया गया और क्यों नहाने के लिए असुरक्षित छोड़ दिया गया? पर ध्यान रहे, दोष केवल सरकारी अधिकारियों का नहीं है।

## दवा के जोखिम!

मरीजों का पहला भरोसा अपने चिकित्सक और उसकी लिखी दवाइयों पर होता है। कई दफा वह डाक्टर से बिना परामर्श किए दवाएं खरीद लेता है। ये दवाइयां आम चलन में होती हैं। इनमें पेट दर्द, सर्दी, खांसी और बुखार आदि की दवाएं आम हैं। मगर केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन के हालिया गुणवत्ता परीक्षण में जिस तरह पचास से ज्यादा दवाइयों के नाकाम होने की खबर आई है, उससे साफ है कि इन दवाओं का सेवन जोखिम से भरा है। जांच में आम इस्तेमाल में आने वाली पैरासिटामोल, पैन डी, कैल्शियम और विटामिन डी की गोलियों के अलावा मधुमेह रोधी समेत पचास से अधिक दवाओं में कई कमियां पाई गईं, उन्हें 'मानक गुणवत्ता से रहित' बताया गया।जिन दवाइयों के किसी खास बीमारी का इलाज होने का दावा किया जा रहा था, उन्हें खतरे के वाहक के रूप में कैसे बेचा जाता रहा? पिछले महीने एक सौ छप्पन दवाओं पर रोक लगा दी गई थी जो एंटीबायोटिक्स, मल्टीविटामिन, दर्दनिवारक और सर्दी एवं बुखार में प्रयोग में लाई जा रही थीं। तब कहा गया था कि इसके इस्तेमाल से स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो सकता है।सवाल है कि जो दवाएं परीक्षण में नाकाम बताई गई हैं, अब तक उनका सेवन कितने लोग कर चुके होंगे और क्या उससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ा होगा! आए दिन गुणवत्ता से संबंधित जांच में दवाओं के नमूने फेल होते रहे हैं। हालांकि दवा कंपनियां ऐसे निष्कर्षों को बहुत तरजीह देने की जरूरत नहीं समझती हैं। अब एक बार फिर जांच के दायरे में रखी गई दवाओं को बनाने वाली कंपनियों से जवाब मांगा गया है और गुणवत्ता के अनुकूल साबित नहीं होने के बाद इनके इस्तेमाल को लेकर आम लोगों को सतर्क किया गया है।मगर चिंता की बात यह है कि गुणवत्ता की कसौटी पर किसी दवा के फेल होने या घोषित रूप से उसकी बिक्री प्रतिबंधित कर दिए जाने के बावजूद वैसी दवाएं बाजार में कैसे उपलब्ध होती हैं! सच यह है कि दवा दुकानों पर उसकी बिक्री को लेकर जमीनी स्तर पर शायद ही कोई रोकटोक होती है। समय-समय पर दवाओं के खतरनाक असर को लेकर अध्ययन सामने आते रहे हैं। ऐसे में इसका सिर्फ अंदाजा लगाया जा सकता है कि गुणवत्ता से रहित दवाइयों के दुष्परिणामों से कितने लोग प्रभावित हो रहे होंगे।

# बढ़ती हुई जनसंख्या और सीमित संसाधनों का जोखिम

(चेतनादित्य आलोक)

यदि संसाधनों का वितरण आबादी के अनुपात में हुआ होता अथवा कहा जाए कि जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों के अनुकूल ही हुआ होता तो युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण करोड़ों लोगों को खाद्य सामग्री का अभाव नहीं झेलना पड़ता। बेतहाशा बढ़ती हुई जनसंख्या आज दुनिया की सबसे बड़ी परेशानियों में से एक बन चुकी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण दुनिया के कई देशों में संसाधनों का बंटवारा ठीक तरह से नहीं हो पाता है। वहीं, कई देशों में वहां की बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में उपलब्ध संसाधन अब कम पड़ने लगे हैं। जाहिर है कि यदि किसी भी देश की जनसंख्या लगातार तीव्र गति से बढ़ेगी तो उसी अनुपात में वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी बढ़ेगा। इसे भारत के संदर्भ में देखा जाए तो 13 सितंबर 2024 को भारत की जनसंख्या लगभग 1,453,567,738 थी, जो विश्व की कुल जनसंख्या (लगभग 8,176,283,486) का करीब 18 प्रतिशत है। गौरतलब है कि विश्व के महज ढ़ाई प्रतिशत भू?भाग पर दुनिया की कुल जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा जीवन यापन करने के लिए विवश है। जरा सोचिए कि ऐसे में क्या देश में मौजूद प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो इसी वर्ष अप्रैल के अंत में जारी संयुक्त राष्ट्र की 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' के अनुसार आज दुनिया भर के कुल 59 देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने के लिए मजबूर हैं। रपट के अनुसार युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण 2022 में 2.4 करोड़ से भी अधिक लोगों को खाद्य सामग्री के अभाव में भूखे रहना पड़ा था। यदि संसाधनों का वितरण आबादी के अनुपात में हुआ होता अथवा कहा जाए कि जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों के अनुकूल ही हुआ होता तो युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण करोड़ों लोगों को खाद्य सामग्री का अभाव नहीं झेलना पड़ता। गौरतलब है कि यूक्रेन और सूडान से कई

*1931 की जनगणना में जब सामने आया कि भारत में 1921 से 1931 के बीच प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की दर से जनसंख्या बढ़ी है तो सभी चौंक गए, लेकिन 1951 के बाद यह दर लगातार बढ़ती हुई लगभग दो प्रतिशत के आसपास पहुंच गई। वैसे हम इस बात के लिए थोड़ा संतोष व्यक्त कर सकते हैं कि 1970 के दशक से देश की जनसंख्या वृद्धि दर में निरन्तर गिरावट दर्ज की जाती रही है।*

देशों को गेहूं समेत अन्य खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति की जाती है, तब उन आयातक देशों के निवासियों का पेट भरता है। देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र की रपट इस बात की ओर भी साफ संकेत करती है कि जैसे?जैसे विश्व भर में जनसंख्या बढ़ती गई वैसे?वैसे ही भूखे लोगों की संख्या में भी लगातार वृद्धि होती गई। बता दें कि भोजन के अभाव को लेकर रपट जारी करने की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र ने 2016 में की थी और 2016 की पहली रपट की तुलना में हालिया रपट में विश्व भर में भूखे लोगों की संख्या में चार गुणा की वृद्धि हो चुकी है। जाहिर है कि यदि जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया गया और विश्व भर में मनुष्य की आबादी इसी प्रकार लगातार और बेतहाशा बढ़ती रही तो दुनिया में भुखमरी की समस्या एक विकराल रूप ले सकती है, जिससे निपटना अत्यंत ही कठिन हो जाएगा, इसमें दो मत नहीं हो सकता, बल्कि सच कहा जाए तो उप सहारा अफ्रीका के देशों समेत कम संसाधनों वाले गरीब देशों में शायद परिस्थितियां इतनी बिगड़ जाएं कि वहां भुखमरी की समस्या से निपटना असंभव ही हो जाए। गौर करें तो बढ़ती आबादी के कारण दुनिया भर में संसाधनों का बेतहाशा दोहन लगातार जारी है। इसके परिणामस्वरूप ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों यथा कोयला, तेल और प्राकृतिक गैसों आदि पर दबाव अत्यधिक बढ़ गया है, जो भविष्य के लिए बड़े खतरे का संकेत है। इनके अतिरिक्त बढ़ती हुई जनसंख्या के अनुपात में सभी नागरिकों के लिए भोजन, वस्त्र, आवास, पेयजल, दवाइयां इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था करना भी किसी सरकार के लिए सरल कार्य नहीं है। अंग्रेजी अर्थशास्त्री थॉमस रॉबर्ट माल्थस ने सन् 1798 में गणितीय रूप से भोजन और मानव जनसंख्या के बीच के संबंध को प्रदर्शित करते हुए जनसंख्या वृद्धि पर एक निबंध लिखा था। अपने उस लेख में माल्थस ने तर्क दिया था कि जब भी खाद्य आपूर्ति बढ़ती है, तो जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ती है और उपलब्ध संसाधनों की प्रचुरता को समाप्त कर देती है, जिसके परिणामस्वरूप मानव पीड़ा बनी की बनी रह जाती है, जब तक कि मानव जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया जाता। तात्पर्य यह कि यदि तीव्र गति से और लगातार बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया गया तो वह उपलब्ध खाद्य उत्पादन की क्षमता से बहुत आगे निकल जाएगा और संसाधनों के अभाव में भुखमरी, कुपोषण, बीमारी, गरीबी एवं लाचारी जैसी समस्याएं लगातार बनी रहेंगी। देखा जाए तो माल्थस की बातों से हमने कोई सबक नहीं ली, जिसका परिणाम यह हुआ कि आज दुनिया की कुल आबादी 08 अरब से भी अधिक हो चुकी है। इसका एक दूसरा पक्ष यह भी है कि जनसंख्या बढ़ने और संसाधनों के घटने से देशों पर कर्ज का बोझ बढ़ने लगता है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रपट के अनुसार सितंबर 2023 तक भारत पर कुल कर्ज का बोझ 205 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। वहीं, विश्व आर्थिक मंच की 2021 में जारी एक रपट के अनुसार शिक्षा गुणवत्ता में भारत का स्थान 90वां है। जनसंख्या संबंधी संयुक्त राष्ट्र की 15 नवंबर 2022 को जारी एक रपट के अनुसार वर्ष 2050 तक एशिया महाद्वीप की आबादी लगभग पांच अरब हो जाएगी और सदी के अंत तक दुनिया की आबादी 12 अरब तक पहुंच जाएगी। रपट में यह भी बताया गया था कि 2024 तक भारत और चीन की जनसंख्या बराबर हो जाएगी और 2027 में भारत चीन को पछाड़कर विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा, जबकि संयुक्त राष्ट्र की रपट के आकलन को झुठलाते हुए अप्रैल 2023 में ही चीन को पछाड़कर भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। फरवरी 2024 में संयुक्त राष्ट्र ने ही अपनी एक और रपट जारी कर इसकी सूचना भी सार्वजनिक की थी। हालांकि 2011 के बाद भारतवर्ष में जनगणना नहीं हुई है। वैसे 1888 में भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड डफरिन ने भी जनसंख्या वृद्धि को एक समस्या के रूप में देखा था। उन्होंने तब यह आशंका प्रकट की थी कि भारत में कृषि उत्पादन कम है और अकाल इसलिए पैदा होता है, क्योंकि यहां जनसंख्या बहुत आकि है और लोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद 1871 से 1941 तक भारत की जनसंख्या की औसत वृद्धि दर 0.60 प्रतिशत रही, जबकि इस दौरान दुनिया का औसत 0.69 प्रतिशत ही था। हालांकि 20वीं सदी के पहले दो दशकों में जनसंख्या वृद्धि दर अपेक्षाकृत कम रही।

# अरविंद केजरीवाल के निशाने पर संघ क्यों?

(उमेश चतुर्वेदी)

बीते लोकसभा चुनाव अभियान के बीच केजरीवाल ने कुछ ऐसा ही सवाल जनता के बीच उछाला था। तब उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी गृहमंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं। लगे हाथों उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भी मोदी पर हमला बोला था। दिल्ली के भूतपूर्व मुख्यमंत्री हो चुके अरविंद केजरीवाल के सवालों के घेरे में इन दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के ताजपोशी के अगले ही दिन 'जनता की अदालत' में पहुंचे केजरीवाल ने सीधे-सीधे संघ प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछ लिया। लोकतांत्रिक भारतीय समाज किसी से भी तार्किक सवाल पूछने की अनुमति देता ही है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केजरीवाल के निशाने पर सचमुच मोहन भागवत ही हैं? इसका जवाब केजरीवाल के अतीत के ऐसे ही कुछ सवालों के जरिए तलाशा जा सकता है। बीते लोकसभा चुनाव अभियान के बीच केजरीवाल ने कुछ ऐसा ही सवाल जनता के बीच उछाला था। तब उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी गृहमंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं। लगे हाथों उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भी मोदी पर हमला बोला था। तब उन्होंने कहा था कि योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री नहीं बनाया जाएगा। साफ है कि केजरीवाल के निशाने पर मोदी हैं। लेकिन अतीत के जितने चुनावों में उन्होंने सीधे मोदी पर हमला बोला, उन चुनावों में केजरीवाल को फायदे की बजाय उलटा नुकसान ही हुआ। 2014 के आम चुनावों में वे सीधे ही वाराणसी के चुनावी मैदान में मोदी से दो-दो हाथ करने उतर गए थे। तब मीडिया के एक वर्ग और राजनीति के एक हिस्से ने उन्हें खूब तवज्जो दी थी। लेकिन मोदी के सामने वे कहीं ठहर नहीं पाए थे। अपवाद दिल्ली विधानसभा के अतीत के दोनों चुनाव रहे, जिसमें उन्होंने सीधे मोदी को निशाना बनाया और लोगों का रिकॉर्ड समर्थन हासिल करते रहे। चूंकि कुछ ही महीने बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव हैं। इस बीच केजरीवाल अपनी आधी कैबिनेट के साथ जेल यात्रा कर आए हैं। उनके मंत्री रहे सत्येंद्र जैन अब भी जेल में ही हैं। मनीष सिसोदिया 14 महीने के बाद जमानत पर जेल से बाहर हुए हैं। उनके तेज-तर्रार सांसद संजय सिंह भी जेल यात्रा कर चुके हैं। शराब नीति घोटाले में इतनी जेल यात्राओं के बाद केजरीवाल और उनकी पार्टी की वैसी छवि नहीं रही, जैसी 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में रही। दिल्ली का सार्वजनिक परिवहन हांफ रहा है। दिल्ली के लोग सार्वजनिक सहूलियतों के लिए तरस रहे हैं। एमसीडी में केजरीवाल के नारे के साथ दिल्ली नगर निगम पर आम आदमी पार्टी का कब्जा हो चुका है। लेकिन एमसीडी की कार्यप्रणाली में गुणवत्तापूर्वक बदलाव होता नजर नहीं आ रहा है। बारिश में तकरीबन पूरी दिल्ली तालाब बनी रही। राजधानी दिल्ली के लिए शर्म की ही बात कही जाएगी कि 48 लोग बारिश के पानी से तालाब बनी दिल्ली में डूबकर मर गए। इन घटनाओं के चलते केजरीवाल के पुराने जलवे की दीवार में दरार पड़ चुकी है। इसी दरार के साथ केजरीवाल को विधान सभा के चुनाव में उतरना है, इसलिए उन्होंने अपने आजमाए नुस्खे को एक बार फिर आजमाने का फैसला किया है। इसलिए मोदी पर वे हमलावर तो हैं, लेकिन सीधे हमले से बच रहे हैं। पहले योगी आदित्य और अब मोहन भागवत का बहाना, केजरीवाल की उसी रणनीति का हिस्सा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आमतौर पर ऐसे आरोपों और सवालों की ना तो सफाई देता है और नही जवाब। इसलिए उम्मीद कम ही है कि केजरीवाल के आरोपों और सवालों का मोहन भागवत या संघ का कोई अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी जवाब देगा। संघ को ऐसी बातों को नजरंदाज करने का परीक्षित अभ्यास है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज किसी प्रिय व्यक्ति के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित रहेंगे। काम का भार भी आज कुछ ज्यादा अनुभव करेंगे। आपने जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम निकालना होगा। घर में भी सुमति का माहौल बनेगा। खुशी-खुशी काम बनेंगे। घर की समस्याएं अपने आप हल हो जाएंगी। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य में वृद्धि होगी।

### वृष
आज लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपको करियर के मामले में किसी बहुप्रतिक्षित शुभ परिणाम से भी हर्ष होगा। रात का समय प्रियदर्शन-हास्य विनोद में व्यतीत होगा, जिससे आपके दिमाग को भी रिलेक्स मिलेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। परिवार में सुख समृद्धि होगी और भाग्य में वृद्धि होगी। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मिथुन
आज दिन मिलाजुला प्रभाव रखेगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें। व्यक्तिगत मतभेदों को व्यवसायिक मामलों के बीच में लाने से हानि हो सकती है। किसी अन्य निकट के व्यक्ति से कोई कहासुनी हुई है तो उसे बातचीत से सुलझाया जा सकता है।

### तुला
आज दिन सफलता से भरा होगा। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। खर्च में कटौती करना बहुत आवश्यक है। जायदाद या किसी अन्य मूल्यवान वस्तु की सौदेबाजी करने से पहले उसके सारे वैधानिक दस्तावेजों का अच्छी तरह अध्ययन कर लें। आपके कारोबार में दिन सफलता से भरा होगा। आपके लिए भाग्य में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य विकास के योग हैं और कारोबार में सुख समृद्धि बढ़ेगी। नई खोजों में भी रुचि बढ़ेगी। पुराने कलत्र-मित्रों के मिलने से नई आशाओं का संचार होगा, घर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा। आपके सुख में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

### धनु
आज आपका दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल गिरेगा। बच्चे खेल कूद में तो पत्नी हास्य रस में विभोर रहेगी। दूसरों की मदद करने से सकून मिलेगा। शाम में किसी विद्वान प्रशासक से मिलने का अवसर प्राप्त हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में लाभ के योग हैं।

### कर्क
आज लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। आपके लिए आस-पास की यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यापार में प्रगति से आपको काफी हर्ष होगा। वैवाहिक जीवन भी आनंद में बीतेगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा महसूस होगा। घूमने फिरने के दौरान भी कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

### सिंह
आज संतान पक्ष से हर्ष और लक्ष्मी की बड़ी मात्रा में प्राप्ति से कोष वृद्धि कारक है। अपनी उत्तम कार्यशैली व मृदु व्यवहार का आज भी आपको लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल होंगे। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन खुश होगा।

### कन्या
आज सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। पिता व उच्चाधिकारियों से शाबासी मिलेगी। सायंकाल से लेकर रात्रि देर तक जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। थकान से परेशानी हो सकती है।

### मकर
आज आपका दिन लोकप्रियता में बीतेगा। किसी राजनयिक से निकटता व दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा। विद्यार्थियों को सलाह है कि अपना अधिक से अधिक समय अध्ययन में लगाएं। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय पाठ पूजा व किसी धार्मिक अनुष्ठान में व्यतीत होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### कुंभ
आज दिन लाभ और समृद्धि से भरा होगा। आपके विरोधी परास्त होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनीतिक सहयोग भी मिलेगा किन्तु वाणी पर संयम रखें। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें, वरना आपको नुकसान सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रि पर्यन्त प्रणय सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। यात्रा में सावधान रहें। किसी मामले में परेशानी से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

### मीन
आज भाग्य साथ दे रहा है। आपको कोई उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। कोई पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ का हर्ष हो सकता है। रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलेगी। आपके लिए अनाचाही यात्रा का योग है। यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी, प्रियजनों से भेंट संभव है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5508

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5507

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5508

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| | ■ | 10 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 11 | | | ■ | 12 | 13 | |
| 14 | | | ■ | 15 | ■ | | ■ |
| | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| 20 | 21 | | | ■ | ■ | 22 | |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1966 के दिन इस भारतीय महिला ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था (5)
5. अव्यक्त मधुर ध्वनि (2)
7. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
8. एक ही समय होने वाला (5)
10. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
11. निजका, आत्म का (3)
12. संज्ञा या सर्वनाम की वह स्थिति जो वाक्य में क्रिया के साथ उसका संबंध बतलाती है, करने वाला (3)
14. पहर-पहर पर बजने वाला घंटा, जल्दी-जल्दी बजने वाला शब्द, भोर का घंटा (3)
16. साज या वाद्य बजाने की क्रिया (3)
18. भ्रम, संदेह, संशय, भय (2)
20. रत्न, मणि, नग, नगीना (4)
22. अल्प, थोड़ा, न्यून (2)
23. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
24. सद्गति को प्राप्त करवाना (3)

**(ऊपर से नीचे**
1. पढ़ने वाला, पाठक, कुलाध्यक्ष (3)
2. नृत्य में उसके काल और क्रिया का परिणाम (2)
3. रिसाने में प्रवृत्त करना (4)
4. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
5. एक युग प्रवर्तक देवता, पुराणानुसार 432000 वर्षों तक इस देवता का अधिकार रहेगा (2)
6. अत्यंत दुबला-पतला, लंबी गर्दन वाला एक जलपक्षी (4)
9. वेश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक (3)
10. निश्चित, बेफिक्र, असावधान (5)
11. एक सूर्यवंशी राजा का नाम जो दशरथ के पिता थे (2)
13. यह नाम सितार वादन के साथ जुड़ा है (5)
14. घोर शब्द करना, आर्तनाद करना (4)
15. निरूत्तर, चुप होने का भाव (2)
17. एक प्रकार की बांस की चटाई (3)
19. हसरत, तमन्ना, अभिलाषा, वांछा (3)
21. अपान वायु, हवा (2)

### वर्ग पहेली 5507 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि | हि | र | से | न | ■ | क | म |
| ला | ल | ■ | वा | क | प | ट् | ता |
| न | ग | ज | ■ | ब | ल | ■ | धि |
| ■ | ना | न | प | ज | ■ | डं | का |
| सो | ■ | ■ | ह | न | न | ■ | र |
| ह | ल | च | ल | ■ | सी | धा | ■ |
| ब | ला | ■ | वा | जि | ब | ■ | धा |
| त | ट | ■ | न | ■ | ■ | मौ | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

# प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' में छाया उत्तराखंड

निज संवाददाता | देहरादून




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव किसी से छिपा नहीं है। उनके 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तराखंड का उल्लेख कई बार हुआ है। आगामी 3 अक्टूबर को 'मन की बात' के दस साल पूरे होने पर यह साफ हो गया है कि पीएम मोदी का उत्तराखंड से एक गहरा संबंध है। उन्होंने राज्य के महिलाओं, युवाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा किए गए कार्यों को प्रेरणादायक बताते हुए बार-बार देश का ध्यान इस ओर आकर्षित किया।

**हर गांव में धन्यवाद प्रकृति अभियान की अपील**

'मन की बात' के 114वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने उत्तरकाशी जिले के सीमांत गांव झाला का जिक्र किया, जहां ग्रामीण प्रतिदिन दो-तीन घंटे सफाई कार्य में लगाते हैं। यह मुहिम 'धन्यवाद प्रकृति' अभियान के नाम से शुरू की गई है, जिसमें गांव का सारा कचरा एकत्र कर एक निर्धारित स्थान पर रखा जाता है। प्रधानमंत्री ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे देश के हर गांव में शुरू करने का आह्वान किया।

**जखोली की महिलाओं ने जलस्रोत पुनर्जीवित किए**

रुद्रप्रयाग जिले के जखोली ब्लॉक के लुठियाग गांव की महिलाओं ने जल संरक्षण की दिशा में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने चाल-खाल (छोटी झीलें) बनाकर बारिश के पानी को इकट्ठा किया, जिससे गांव के सूख चुके जलस्रोत फिर से जीवित हो गए। इससे न सिर्फ पेयजल की समस्या हल हुई, बल्कि सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध हुआ। प्रधानमंत्री ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

**कोरोना टीकाकरण के लिए पैदल चलने वाली पूनम नौटियाल**

प्रधानमंत्री ने बागेश्वर जिले की एएनएम पूनम नौटियाल का जिक्र किया, जिन्होंने कोरोना महामारी के दौरान कठिन पहाड़ी क्षेत्रों में प्रतिदिन 5-7 किमी पैदल चलकर लोगों को टीके लगाए। प्रधानमंत्री ने उनके समर्पण की सराहना करते हुए बताया कि कैसे पूनम ने टीकाकरण के सामान को अपने कंधों पर उठाकर लोगों तक पहुंचाया और वैक्सीन के प्रति जागरूक किया।

**स्वच्छता में जुटे सुरेंद्र बगवाड़ी**

गुप्तकाशी के सुरेंद्र प्रसाद बगवाड़ी, केदारनाथ के तीर्थ पुरोहित, स्वच्छता अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उनके इस समर्पण की सराहना की, जिसमें सुरेंद्र ने गदेरे की सफाई की और इसे आगे बढ़ाने का काम किया।

**बोली-भाषा को संरक्षित कर रहा रं समाज**

प्रधानमंत्री ने धारचूला के रं समाज द्वारा अपनी बोली-भाषा को संरक्षित करने के प्रयासों की तारीफ की। उन्होंने इसे दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक पहल बताते हुए रं समाज की इस अद्भुत मुहिम का उल्लेख किया।

**पवित्र स्थलों को प्लास्टिक कचरे से मुक्त कर रहे मनोज**

रुद्रप्रयाग के मनोज बैंजवाल द्वारा पवित्र स्थलों को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने के प्रयास को प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से सराहा। उन्होंने तुंगनाथ, बासुकीताल और अन्य स्थानों की सफाई करके आरती का आयोजन शुरू किया और अन्य लोगों को भी इसमें शामिल किया।

**घोड़ा लाइब्रेरी के जरिए शिक्षा का प्रसार**

नैनीताल जिले के कुछ युवाओं ने 'घोड़ा लाइब्रेरी' की शुरुआत की, जिसमें दुर्गम क्षेत्रों में बच्चों को मुफ्त में किताबें पहुंचाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस अनोखी पहल की प्रशंसा की और इसे बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतरीन कार्य बताया।

**उफ्रेखाल में 10 साल से सूखा नाला हुआ पुनर्जीवित**



पौड़ी जिले के बीरोंखाल ब्लॉक के उफ्रेखाल गांव में रिटायर्ड शिक्षक सचिदानंद भारती ने 30 हजार से अधिक चाल-खाल बनाकर जल संरक्षण किया। इसका परिणाम यह हुआ कि 10 साल से सूखा पड़ा नाला फिर से पुनर्जीवित हो गया। प्रधानमंत्री ने उनके इस कार्य की सराहना की और इसे पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया।

**प्रधानमंत्री के दिल में उत्तराखंड**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उन्होंने 'मन की बात' के जरिए उत्तराखंड की जनता और परंपराओं का उल्लेख कर इसे देश-दुनिया में पहचान दिलाई है।

## संक्षिप्त समाचार



### लड्डू विवाद के बीच तिरुपति मंदिर पहुंच गए सीजेआई चंद्रचूड़, परिवार सहित लिया प्रसाद

**तिरुपति, एजेंसी।** तिरुपति बालाजी के लड्डुओं पर विवाद के बीच सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ रविवार को तिरुमाला श्रीवरी मंदर पहुंच गए। उन्होंने श्री वेंकटेश्वर की पूजा अर्चना की। सीजेआई अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी के मंदिर पहुंचे थे। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की तरफ से उनका सम्मान किया गया और उन्हें प्रसादम भी दिया गया। खास वैकुंठ पंक्ति से मंदिर में प्रवेश करने के बाद सीजेआई गर्भगृह में पहुंचे और भगवान वेंकटेश की पूजा की। दर्शन के बाद सीजेआई चंद्रचूड़ और उनके परिवार को रंगनायकुला मंडपम के पुजारी ने आशीर्वाद दिया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने उन्हें भगवान वेंकटेश का पोर्ट्रेट और प्रसाद दिया। इससे पहले सीजेआई तिरुचानूर के स्त्री पद्मावती अम्मावरू मंदिर पहुंचे थे। बता दें कि कुछ दिन पहले ही सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाए थे कि उनकी पूर्ववर्ती जगनमोहन रेड्डी की सरकार में तिरुपति के प्रसाद में गाय की चर्बी की मिलावट की जाती थी। उन्होंने कहा था कि जांच के बाद रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रसादम बनाने में इस्तेमाल होने वाले घी में गाय और सुअर की चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। जगनमोहन रेड्डी ने इस भी आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि राजनीतिक लाभ की वजह से झूठ फैलाया जा रहा है। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है और सोमवार को सुनवाई होने वाली है। इस मामले को लेकर सुब्रमण्यम स्वामी और तिरुमाला तिरुपति देवस्तानम के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी ने कोर्ट में याचिकाएं फाइल की हैं।

### ओडिशा में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 55 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा की मोहन माझी सरकार ने शीर्ष पुलिस अधिकारियों का रविवार को बड़े पैमाने पर फेरबदल किया। 21 जिलों के पुलिस अधीक्षक (स्क) समेत 55 से अधिक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया। एक नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी गई। इसके अनुसार, 1988 बैच के सीनियर आईपीएस अधिकारी ए. के. राय को डीजी (जेल और सुधार सेवाएं) नियुक्त किया गया है। 1993 बैच के विनयतोष मिश्रा को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध शाखा) बनाया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार, आरपी कोचे को खुफिया विभाग का नया निदेशक बनाया गया। अरुण बोथरा को एडीजी (रेलवे और तटीय सुरक्षा) और सौम्येंद्र कुमार प्रियदर्शी को नया एडीजी (आधुनिकीकरण) नियुक्त किया गया। एक अन्य अधिसूचना में सरकार ने कहा कि उसने पिनाक मिश्रा को भुवनेश्वर का नया पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नियुक्त किया है। साथ ही, सुरेशदेव दत्त सिंह को भुवनेश्वर-कटक कमिश्नरेट पुलिस का नया आयुक्त नियुक्त किया गया है। यह फेरबदरल ऐसे समय हुआ है जब सेना के कैप्टन से मारपीट और अधिकारी को थाने में हिरासत में लेने का मामला गरमाया हुआ है। गृह विभाग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, सुरेशदत्त सिंह फिलहाल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रूप में तैनात हैं, वो संजीव पांडा की जगह लेंगे। सेना के कप्तान और उनकी प्रेमिका से जुड़े मामले से निपटने के लिए उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था। इस तरह पांडा को हटा दिया गया है। और बीजू पटनायक राज्य पुलिस अकादमी में वह ट्रेनिंग एंड डायरेक्टर एडीजी के पद पर तैनात हुए हैं। पांडा के डिप्टी प्रतीक सिंह डीसीपी भुवनेश्वर के रूप में काम कर चुके थे। उन्हें मामले को विवादास्पद तरीके से हैंडल करने के कारण एसपी (ग्रामीण) कटक के पद से हटा दिया गया है। इसी तरह, गंजम के एसपी जगमोहन मीना की कटक कमिश्नरेट पुलिस के डिप्टी सीपी के रूप में तैनाती हुई है।

## अब क्रॉसिंग रिपब्लिक में मदद के बहाने हिंदू से ईसाई, गाजियाबाद में धर्मांतरण का तीसरा केस; दिल्ली का पादरी फरार



**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के नंदग्राम और मोदीनगर के बाद अब क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि दिल्ली का एक पादरी स्कूल परिसर में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण करा रहा था। हिंदू संगठन की सूचना के बाद पुलिस ने छापेमारी की। पादरी मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने दो सगे भाइयों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस का कहना है कि पादरी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को डूंडाहेड़ा स्थित शांतिनगर के एकता पब्लिक स्कूल में धर्मांतरण कराए जाने की सूचना दी गई थी। पुलिस ने छापेमारी की और दो भाइयों पंकज और सचिन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह स्कूल में केयर टेकर के रूप में काम करते हैं और उनका परिवार स्कूल में ही रहता है।

रविवार को वह अपने घर में प्रार्थना का कार्यक्रम कराते हैं। जहां दिल्ली का पादरी राजू आकर लोगों को बाइबिल के बारे में ज्ञान देता है। मौके से पुलिस को बाइबिल की किताब भी मिली। एसीपी के अनुसार आरोपियों के घर में प्रत्येक रविवार को आसपास के लोगों की भीड़ जुटती थी। जहां राजू नामक पादरी बीमारी का इलाज करने और गरीबों की मदद करने बहाने उन्हें धर्मांतरण के लिए प्रेरित करता था।

एसीपी वेव सिटी ने बताया कि पंकज के भाई सचिन ने छह महीने पहले ही ईसाई धर्म अपनाया है। दिल्ली के पादरी राजू के संपर्क में आकर उसने धर्मांतरण किया था। इसके बाद पंकज का भाई भी करीब चार महीने से लोगों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने लगा था। जांच में सामने आया कि सचिन अपने घर में प्रार्थना करने से पहले मोहल्ले में रहने वाले अन्य व्यक्ति के घर जाया करता था।

## यमुना एक्सप्रेसवे को केजीपी से जोड़ने का रास्ता साफ, दनकौर के पास बनेगा इंटरचेंज

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के जगनपुर-अफजलपुर के पास यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) को जोड़ने का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने यहां प्रस्तावित इंटरचेंज के निर्माण की अनुमति दे दी है। अनुमति के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने भी निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि इसके निर्माण में एक वर्ष का समय लगने का अनुमान है।




यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए इंटरचेंज को बनाने का काम वर्ष 2023 में शुरू हुआ था। प्राधिकरण ने निजी कॉन्ट्रैक्टर को इसे बनाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। प्रदेश के तत्कालीन मुख्य सचिव ने इसका शिलान्यास किया था। इसके निर्माण में 122 करोड़ रुपये खर्च होने थे। दावा किया जा रहा था कि एयरपोर्ट शुरू होने से पहले इसे तैयार कर दिया जाएगा, लेकिन थोड़े दिनों बाद ही डेवलपर कंपनी ने इसके निर्माण में लगने वाली मिट्टी पर खर्च होने वाले 22 करोड़ रुपये का एस्टीमेट डाल दिया और काम रुक गया। 22 करोड़ का पेंच फंसने के चलते कई महीने तक निर्माण नहीं हो सका, बाद में प्राधिकरण ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हीं से इंटरचेंज बनाने के लिए सहमति बनाई, लेकिन इसके लिए शासन की अनुमति की आवश्यकता थी। कई महीनों से अनुमति का इंतजार जारी था, लेकिन अब शासन ने इसके लिए अनुमति दे दी है, जिससे इसके निर्माण का रास्ता खुल गया है।

**2019 में पहली बार हुआ था कंपनी का चयन**

वर्ष 2019 में सबसे पहले इस इंटरचेंज को बनाने का काम शुरू हुआ था, लेकिन किसानों के विवाद के चलते कंपनी काम नहीं कर पाई। करीब चार साल का समय किसानों के साथ विवाद ना सुलझने की वजह से बर्बाद हो गया, जोकि वर्ष 2023 में सुलझ गया था, लेकिन उसके बाद संबंधित ठेकेदार कंपनी ने 22 करोड़ की मांग रख दी, जिसके चलते एक बार फिर से काम रुक गया।

## बेटे-बेटी से पुलिस पूछताछ पर बोले बघेल, किया जा रहा प्रताड़ित; मां को भी किया था परेशान

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने बेटे चैतन्य और बेटी दीप्ति से पुलिसिया पूछताछ को लेकर कहा कि मेरे पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जाएगा। कहा कि पहले भी मेरी मां को परेशान किया गया था। इस संबंध में बघेल ने वीडियो जारी कर कैप्शन में लिखा, मैं बहुत सारी बातें मीडिया को बताता नहीं हूं। इसलिए आप लोगों को पता नहीं चल पाता है। मैं जितना अधिक जनता से जुड़े मुद्दे उठाऊंगा, ये लोग मेरे परिवार को प्रताड़ित करेंगे। पहले भी मेरी मां को परेशान किया था। रायपुर में मीडिया से चर्चा में बघेल ने कहा, जब मैं मुख्यमंत्री था, तब हम उदयपुर सम्मेलन में जा रहे थे। इसी एयरपोर्ट में हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था। उस दिन मेरा बेटा इडी कार्यालय में बैठा था। हम आज से निशाने पर नहीं हैं। अब तो डबल इंजन की सरकार बन गई है। उन्होंने कहा, मेरे बच्चों की शादी हुई तो इडी ने सभी बैंकों के खाते खंगाले कुछ नहीं मिला। हम 5-6 साल से निशाने पर हैं। उससे पहले जब रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब भी निशाने पर थे।

## दो बच्चों के बाप को युवती से हुआ प्यार, भेद खुलने पर कराया अबॉर्शन

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद में दो बच्चों के पिता ने अपने आपको अविवाहित बताकर एक युवती से शादी कर ली , लेकिन भेद खुलने पर उसका गर्भपात करा दिया और बंधक बना लिया। आरोप है कि उसके आधार कार्ड में पति का नाम बदलवाकर उसका सौदा दूसरे युवक से दो लाख में कर दिया। छह माह बाद वह उसके चंगुल से निकल भागी और उसके तथा उसके साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र की डीएलएफ कॉलोनी निवासी खूशबू ने बताया कि लोनी की उत्तरांचल कॉलोनी में रहने वाले प्रदीप ने खुद को अविवाहित बताते हुए 25 जनवरी 2023 में उसके साथ शादी की थी, लेकिन जब भेद खुला तो उसने धोखे से उसका गर्भपात करा दिया। इसके बाद वह उसे परेशान करने लगा तथा उसे छह माह तक एक कमरे में बंधक बनाए रखा।

आरोप है कि प्रदीप ने उसके आधार कार्ड में पति का नाम बदलवाकर कपिल करा दिया तथा कपिल नामक युवक से से दो लाख रुपये में उसका सौदा कर दिया। किसी तरह वह उसके चंगुल से निकल भागी और अपनी जान की आशंका जताते हुए आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र में रहने वाली महिला दीपा से एक दंपति ने सरकारी नौकरी लगवाने और बच्चों का केंद्रीय विद्यालय में दाखिला कराने के नाम पर 4.38 लाख रुपये ठग लिए। धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़िता ने पैसे मांगे तो आरोपियों ने इंकार कर दिया। आहत होकर महिला ने घर में फांसी लगा ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदा लगाने की पुष्टि के बाद पति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पति ने बताया की रुपये देने के बाद भी बच्चों का एडमिशन और नौकरी न लगने पर उसकी पत्नी तनाव में रहने लगी। इस कारण 13 सितंबर को दीपा ने आत्महत्या कर ली।

## कांग्रेस ने गुरुग्राम को बनाया मिलेनियम सिटी, बीजेपी ने क्राइम सिटी, भूपेंद्र सिंह हुड्डा का अटैक

**गुरुग्राम एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने गुरुग्राम को वर्ल्ड क्लास मिलेनियम सिटी के तौर पर विकसित किया था। भाजपा ने 10 साल में इसे क्राइम सिटी बना डाला है। बदमाशा बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देते हैं और सरकार मूक दर्शक बनी तमाशा देखती रहती है। यही वजह है कि यहां निवेश लगातार घटता जा रहा है और उद्योग व कारोबारी पलायन करने को मजबूर हैं।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में फिर से कानून व्यवस्था का राज स्थापित किया जाएगा। हुड्डा गुरुग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार मोहित ग्रोवर के समर्थन में रविवार को भीम नगर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता से ग्रोवर के लिए वोट की अपील की। जनसभा में बीजेपी के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल के भाई राकेश अग्रवाल, भतीजे दीपक अग्रवाल और इनेलो हलका अध्यक्ष विक्रम कटारिया ने कांग्रेस ज्वाइन की।

हुड्डा ने तीनों का कांग्रेस में स्वागत किया और पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। वरिष्ठ नेता जीएल शर्मा और पूर्व विधायक सुखबीर कटारिया ने भी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डाबर,गजे सिंह कबलाना,नरेश सहरावत, मनमोहन डंग, सुशील भारद्वाज सहित कांग्रेस के सभी नेता उपस्थित रहे। वहीं भाजपा के केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। ये घोषणा भाजपा कर चुकी है, लेकिन कांग्रेस में अब तक मुख्यमंत्री का ऐलान क्यों नहीं हुआ है। इसके पीछे कांग्रेस में अंदरूनी कलह है। ये बात केंद्रीय आवास एवं शहरी मंत्री ने सेक्टर-17 में बीजेपी प्रत्याशी मुकेश शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा का अनुसूचित जाति समाज लोकसभा चुनाव में भाजपा से दूर हो गया था, लेकिन विधानसभा चुनाव में वापस जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस में अनुसूचित जाति से जुड़ी एक वरिष्ठ महिला नेता ने हरियाणा का मुख्यमंत्री बनने की बात कह दी थी। इससे अनुसूचित जाति को बेहद पीड़ा हुई थी। इस कारण अब इस समाज ने भाजपा में दोबारा अपनी आस्था जता दी है।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल: प्राकृतिक खेती को बढ़ावा

**शिमला, एजेंसी।** राज्य के किसानों व बागवानों के समग्र विकास एवं समृद्धि के लिए खेती की लागत को कम करने, आय एवं उत्पादकता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को व्यापक प्रोत्साहन दे रही है। मानव एवं पर्यावरण पर रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचाव एवं पर्यावरण व बदलते जलवायु परिवेश के समरूप कृषि का मार्ग प्रशस्त करने के लिए शुरू की गई इस योजना के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।



हिमाचल सरकार ने दस वर्षों में प्रदेश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'आत्मनिर्भर हिमाचल' की परिकल्पना की है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बजट में प्राकृतिक खेती से रोजगार को बढ़ावा देने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना के तीसरे चरण में एक नई योजना 'राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना' की शुरूआत की है, जिसमें किसानों को जोड़ा जाएगा। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर खरीदने और पूरे देश में गेहूं व मक्का के लिए सबसे अधिक 40 और 30 रुपये का समर्थन मूल्य तय किया गया है तथा इसके तहत प्रत्येक प्राकृतिक खेती किसान परिवार से 20 क्विंटल तक अनाज खरीदा जाएगा। इतना ही नहीं, प्राकृतिक खेती के उत्पादों को बाजार मुहैया करवाने और उनके विपणन के लिए इस वर्ष 10 नए किसान-उत्पादक संघ बनाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त गाय का दूध 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदने का निर्णय लिया गया है। हिमाचल इस क्षेत्र में मॉडल राज्य के रूप में उभरा है तथा अन्य राज्य भी प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं।

हिम-उन्नति योजना को राज्य में क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण के साथ लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य रासायन मुक्त उत्पादन और विपणन करना है।

## हरियाणा चुनाव: कांग्रेस के 10 बागी नेता पार्टी से निष्कासित, अंबाला कैंट से चित्रा सरवारा भी शामिल

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बागी नेताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने अंबाला कैंट से बागी उम्मीदवार चित्रा सरवारा समेत कुल 10 नेताओं को कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यह कदम कांग्रेस की ओर से चुनाव में अनुशासनहीनता और पार्टी के खिलाफ गतिविधियों को लेकर उठाया गया है। बता दें कि चित्रा सरवारा अंबाला शहर से कांग्रेस उम्मीदवार निर्मल सिंह की बेटी हैं। उन्होंने अंबाला कैंट से कांग्रेस का टिकट मांगा था, लेकिन कांग्रेस ने एक ही जिले में पिता-पुत्री दोनों को टिकट देने से इनकार कर दिया था।

इस फैसले के बाद चित्रा सरवारा ने पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। उनके निष्कासन के बाद अंबाला कैंट का चुनावी मुकाबला और दिलचस्प हो गया है, जहां भाजपा की ओर से वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अनिल विज 7वीं बार चुनाव लड़ रहे हैं।

# ड्रॉ टेस्ट मैच को भारत ने जीत की ओर मोड़ा

**कानपुर, एजेंसी।** भारत ने कानपुर टेस्ट को ड्रॉ से जीत की ओर मोड़ दिया है। बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट में सोमवार को चौथे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर 26 रन बनाए। टीम अब भी भारत से 26 रन पीछे है। टीम इंडिया ने आज अपनी पहली पारी 285 रन के स्कोर पर डिक्लेयर कर दी थी।



भारत को 52 रन की बढ़त मिली थी। शादमान इस्लाम और मोमिनुल हक नाबाद हैं। भारत के लिए दोनों विकेट रविचंद्रन अश्विन ने लिए। उन्होंने जाकिर हसन के बाद हसन महमूद को आउट किया। बांग्लादेश पहली पारी में 233 रन बनाकर सिमट गया था। ग्रीन पार्क स्टेडियम में बारिश के कारण दूसरे और तीसरे दिन का खेल नहीं हो सका।

# रोहित और जायसवाल ने कानपुर के ग्रीनपार्क में रचा इतिहास

**कानपुर, एजेंसी।** रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर 30 सितंबर 2024 को इतिहास रचा। रोहित और यशस्वी ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी की शुरुआत करते हुए 3 ओवर में ही टीम का स्कोर 50 रन पर पहुंचा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम गेंद में 50 रन पूरे करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय टीम इंग्लैंड का जुलाई 2024 में ही बनाया गया रिकॉर्ड पीछे छोड़ा।

भारत ने इस टेस्ट मैच में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किये। भारत के इस तरह इतिहास रचने पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज बेन डकेट के मजे लिये।




लखनऊ सुपरजायंट्स ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'भारत के टेस्ट इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का सारा श्रेय बेन डकेट को जाता है।' लखनऊ सुपरजायंट्स ने पोस्ट के साथ मीम भी शेयर किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की इस पोस्ट पर इंस्टाग्राम यूजर्स ने भी खूब मजे लिये।

दरअसल, फरवरी 2024 में भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक से शतक तक पहुंचने में सिर्फ 42 गेंद ली थीं। दिन का खेल खत्म होने के बाद बेन डकेट ने यशस्वी जायसवाल के आक्रामक रवैये की सराहना की थी। हालांकि, साथ ही दावा किया था कि इंग्लैंड के नए क्रिकेट दर्शन ने खिलाड़ियों के बीच अधिक आक्रामक खेल शैली को बढ़ावा दिया है।

लगभग दो साल पहले बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की जोड़ी के एक साथ आने के बाद से इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति ने उन्हें काफी लाभ पहुंचाया है।

बेन डकेट का मानना है कि कोच ब्रेंडन मैकुलम की इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति के बिना, यशस्वी जायसवाल के साथ-साथ विश्व स्तर पर अन्य खिलाड़ी भी आक्रामक खेल शैली अपनाने के लिये इतना उत्साहित नहीं होते। इसके बाद इंटरव्यू में यशस्वी जायसवाल ने कहा था, 'मैं इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। मैं बस वही करने की कोशिश करता हूं, जो मैदान पर कर सकता हूं।'

## सार समाचार

### भारतीय महिला टीम ने अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज को हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय महिला टीम पूरी तरह से तैयार है और इस टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले भारतीय महिला टीम ने अभ्यास मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज की टीम को हराने में सफलता हासिल की।

दुबई में भारत और वेस्टइंडीज के बीच अभ्यास मैच का आयोजन किया गया जिसमें जेमिमा रोड्रिक्स की अर्धशतकीय पारी और पूजा वस्त्रकार की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने 20 रन से जीत दर्ज की। इस मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और इसके बाद भारत ने पहले खेलते 20 ओवर में 8 विकेट पर 141 रन बनाए।

वेस्टइंडीज महिला टीम को जीत के लिए 142 रन का टारगेट मिला था, लेकिन भारत की कसी हुई गेंदबाजी के सामने ये टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 121 रन ही बना पाई और 20 रन से मैच गंवा दिया।

#### जेमिमा रोड्रिक्स की अर्धशतकीय पारी

पहली पारी में भारत की तरफ से बेस्ट स्कोरर जेमिमा रोड्रिक्स रहीं जिन्होंने 40 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 52 रन की शानदार पारी खेली।

भारत की तरफ से दूसरी बेस्ट स्कोरर यास्तिका भाटिया रहीं जिन्होंने 24 रन की पारी खेली। इस मैच में शेफाली वर्मा ने 7 रन जबकि स्मृति मंधाना ने टीम के लिए 14 रन का योगदान दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक रन बनाया। दिप्ती शर्मा के बल्ले से 13 रन निकले। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने बेहतरीन गेंदबाजी की और 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए।

### शंकर दास ने 7 साल बाद गोलकोंडा मास्टर्स गोल्फ में जीता खिताब



**हैदराबाद, एजेंसी।** कोलकाता के गोल्फर शंकर दास ने रविवार को यहां अंतिम दौर में 64 के शानदार कार्ड के साथ एक करोड़ रुपए की इनामी राशि वाले तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स में 3 शॉट से जीत हासिल की। उन्होंने इस जीत के साथ ही सात साल के खिताबी सूखे को खत्म किया।

तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे दास ने कुल 18 अंडर 262 (70-64-64-64) का स्कोर बनाया। उन्होंने इस दौरान आखिरी 53 होल में एक भी बोगी नहीं लगाई। उन्हें इस जीत से पुरस्कार के तौर पर 15 लाख रुपए मिले और वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 42वें से 14 स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अंगद चीमा 15 अंडर 265 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने चौथे दौर में 69 का कार्ड खेला। गुरुग्राम के वीर अहलावत (68) 14 अंडर 266 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# आयरलैंड ने साउथ अफ्रीका को हरा रचा इतिहास

## रग्बी खेलने वाले ने टी-20 इंटरनेशनल में जड़ा शतक, भाई के साथ मारा मैदान

**अबू धाबी, एजेंसी।** आयरलैंड ने इतिहास रचा है. उसने अबू धाबी में खेले दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में साउथ अफ्रीका को हरा दिया है. ये पहली बार है जब टी-20 इंटरनेशनल में आयरलैंड ने साउथ अफ्रीका पर जीत दर्ज की है. इसी के साथ 2 टी-20 की सीरीज 1-1 की बराबरी पर खत्म हो गई. पहला टी-20 मैच 8 विकेट से जीतने वाली साउथ अफ्रीका को आयरलैंड ने दूसरे टी-20 में 10 रन से हराया. आयरलैंड की इस जीत में उसकी ओर से खेल रहे दो भाइयों की भूमिका निर्णायक रही. रग्बी खेलकर क्रिकेट में आए बड़े भाई ने पहले बल्ले से हल्ला बोलते हुए शतक ठोका. फिर छोटे भाई ने साउथ अफ्रीका के रनचेज में गेंद से रंग में भंग डालने का काम किया.

सीरीज के दूसरे और आखिरी टी-20 में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता और आयरलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए उतारा. आयरलैंड ने इस मौके को मानों दोनों हाथों से लपका. रॉस अडेयर और पॉल स्टर्लिंग ने ओपनिंग विकेट के लिए 137 रन जोड़े. ये साझेदारी स्टर्लिंग के विकेट के साथ टूटी जो 52 रन बनाकर आउट हुए.



### रग्बी खेल चुके रॉस अडेयर ने जड़ा पहला टी-20 शतक

पॉल स्टर्लिंग तो आउट हो गए पर रॉस अडेयर विकेट पर अब भी जमे थे और अपने शॉट्स खुलकर खेल रहे थे. 30 साल के रॉस अडेयर ने अपने स्पोर्ट्स करियर की शुरुआत रग्बी से की थी. वो पहले रग्बी खेला करते थे. लेकिन, कुछ ऐसी इंजरी हुई जिसके चलते उन्हें वो खेल छोड़ क्रिकेट का रुख करना पड़ा. साउथ अफ्रीका के खिलाफ 30 साल के रॉस अडेयर ने तेज-तर्रार बैटिंग की नुमाइश करते हुए शतक जड़ दिया. उन्होंने 172.41 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग करते हुए 58 गेंदों पर 100 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के और 5 चौके शामिल रहे. रॉस अडेयर के टी-20 करियर का ये पहला शतक रहा, जिसके दम पर आयरलैंड की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 195 रन बनाए.

### मार्क अडेयर रहे सबसे सफल गेंदबाज, 4 ओवर में लिए 4 विकेट

साउथ अफ्रीका के सामने 196 रन बनाने का लक्ष्य था, जिसका पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका ने पहले दो विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारियां तो की लेकिन उसके बाद आयरलैंड के गेंदबाज मार्क अडेयर का गेंद से कहर देखने को मिला. मार्क ने साउथ अफ्रीका के रनचेज में रंग में भंग डालने का काम किया. नतीजा, ये हुआ कि वो अपनी टीम के सबसे सफल गेंदबाज तो बने ही साथ ही साउथ अफ्रीका को जीत के लक्ष्य तक पहुंचने से रोकने वाले भी साबित हुए. साउथ अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 185 रन ही बना सकी और 10 रन से दूसरा टी-20 मुकाबला हार गई. साउथ अफ्रीका के गिरे 9 में से 4 विकेट मार्क अडेयर के नाम रहे, जो उन्होंने 4 ओवर में 31 रन खर्च करते हुए लिए. साउथ अफ्रीका ने आयरलैंड को टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार हराया है.

# आईपीएल 2025:

## आरसीबी पहले और दूसरे नंबर पर इस खिलाड़ी को करेगी रिटेन, मैक्सवेल और डुप्लेसिस का क्या होगा?




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में आरसीबी की टीम बदली-बदली सी नजर आने वाली है। इस बार टीमों को 6 खिलाड़ियों को रिटेन (आरटीएम के इस्तेमाल के साथ) करने की अनुमति मिली है, जिसमें एक अनकैप्ड खिलाड़ी किया जा सकता है। आरसीबी आईपीएल 2025 की नीलामी में नए कप्तान की तलाश में होगी क्योंकि वो फॉफ डुप्लेसिस के विकल्प की तलाश में हैं। इसके अलावा आरसीबी कुछ खिलाड़ियों को जरूर रिटेन करेगी जो उनकी टीम के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

### कोहली होंगे टॉप रिटेनर

आरसीबी इस बार जिन दो खिलाड़ियों को पहले दो स्थान के लिए रिटेन कर सकती है उसमें पहला नाम निश्चित तौर पर विराट कोहली का होगा जो इस टीम के स्टार बल्लेबाज हैं।

आईपीएल 2024 में कोहली ने इस टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए और टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाने में उनका बड़ा योगदान रहा था। यानी विराट कोहली पहले स्थान के लिए रिटेन किए जाते हैं तो उन्हें 18 करोड़ रुपये मिलेंगे। कोहली के बाद कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें ये टीम रिटेन करना चाहेगी, लेकिन फ्रेंचाइजी चाहेगी कि इसके लिए उन्हें सही मूल्य चुकाना पड़े।

### सिराज होंगे दूसरे रिटेनर

आरसीबी ने आईपीएल 2024 में कैमरन ग्रीन को मुंबई इंडियंस से 17.5 करोड़ रुपये में ट्रेड किया था, लेकिन वो शायद ही इस खिलाड़ी पर इतने पैसे खर्च करने को तैयार होंगे। ऐसे में आरसीबी उनके लिए आरटीएम का इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन ऐसा तब होगा जब ग्रीन नीलामी में जाएंगे। बात अब आरसीबी के दूसरे रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ी की हो तो वो तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज हो सकते हैं। सिराज भारत के लिए नियमित रूप से खेल रहे हैं और बेहतरीन गेंदबाजी भी करते हैं। यानी अगर वो इस टीम के लिए दूसरे रिटेनर हुए तो उन्हें 14 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### अंतिम 3 पोजिशन के लिए कई खिलाड़ी दावेदार

आरसीबी के पास शीर्ष दो रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ी कोहली और सिराज हो गए तो फिर इनके पास तीन स्थान बचते हैं। इन तीन स्थानों के लिए इस टीम में कई दावेदार होंगे।

इसके लिए रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, फॉफ डुप्लेसिस जैसे खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। वहीं आरसीबी अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में अनुज रावत का चयन कर सकती है। इस बार सभी टीमों के पर्स में 120 करोड़ होंगे और आरसीबी के पास भी इतनी ही रकम होगी। आरसीबी को नए कप्तान की भी तलाश है और अगर केएल राहुल को लखनऊ सुपर जाइंट्स रिटेन नहीं करती है तो फिर आरसीबी उन पर बड़ी रकम खर्च कर सकती है।

# पूरन ने तूफानी शतक से टीम को जिताया




**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीपीएल 2024 में निकोलस पूरन का एक और जोरदार प्रहार देखने को मिला है. सीपीएल की पिच पर उन्होंने अपने एक और शतक की तूफानी कहानी लिखी है. 29 सितंबर को गयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ उन्होंने एक के बाद एक छक्के बरसाए, रनों की आंधी ला दी और ऐसा करते हुए अपनी टीम ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को बड़ी जीत दिलाई. निकोलस पूरन ने सिर्फ शतक ही नहीं जड़ा या उसके दम पर टीम को जीत ही नहीं दिलाई बल्कि ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए एक रिकॉर्ड भी तोड़ा.

मुकाबले में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी की, जिसका पहला विकेट तो सिर्फ 1 रन पर गिर गया लेकिन असली खेल उसी के बाद शुरू हुआ क्योंकि निकोलस पूरन क्रीज पर आ चुके थे. निकोलस पूरन ने आते ही रनों की आतिशबाजी शुरू कर दी, जिस नजारे का लुत्फ हर किसी ने भरपूर उठाया. यहां तक कि उनके साथ विकेट पर खड़े जेसन रॉय ने भी.

### निकोलस पूरन ने जेसन रॉय के साथ तोड़ा पार्टनरशिप का रिकॉर्ड

निकोलस पूरन और जेसन रॉय के बीच दूसरे विकेट के लिए 152 रन की पार्टनरशिप हुई, जो कि ञ20 में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए किसी भी विकेट के लिए हुई सबसे बड़ी साझेदारी का नया रिकॉर्ड है. इससे पहले ये रिकॉर्ड ड्वेन ब्रावो और हाशिम अमला के नाम था, जिन्होंने 150 रन जोड़े थे.

59 गेंदों पर पूरन का शतक, 8 छक्के और 9 चौके

निकोलस पूरन के साथ 152 रन की साझेदारी में जेसन रॉय ने सिर्फ 34 रन बनाए. रॉय के आउट होने के बाद भी निकोलस का बल्ला बरसता रहा. उन्होंने 59 गेंदों का सामना करते हुए 109 रन बनाए, जिसमें 8 छक्के और 9 चौके शामिल रहे.

ये निकोलस पूरन का सीपीएल 2024 में पहला और पूरे सीपीएल करियर का तीसरा शतक रहा. 17वें ओवर में निकोलस का विकेट गिरा, जिसके बाद और किसी बल्लेबाज ने कुछ खास नहीं किया. कप्तान काइरन पोलार्ड 19 रन बनाकर नाबाद रहे. ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 211 रन बनाए.

# वनडे मैच में सबसे तेज अर्धशतक मैथ्यू शॉर्ट के नाम

- तोड़ जेम्स फॉकनर का 9 साल पुराना रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के ओपनर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की वनडे सीरीज के 5वें मुकाबले में बेहद तेज गति से रन बनाए। हालांकि वो इस मैच में अर्धशतक लगाकर आउट हो गए, लेकिन उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान एक शानदार रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड वनडे मैच में वो अब सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए और जेम्स फॉकनर का 9 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ने में सफलता हासिल की। मैथ्यू शॉर्ट ने 5वें वनडे में ओपनिंग करते हुए अपनी टीम के लिए तेज गति से रन बनाए और 30 गेंदों पर 4 छक्के और 7 चौकों की मदद से 58 रन की पारी खेल डाली।

शॉर्ट का स्ट्राइक रेट इस पारी के दौरान 193.33 का रहा। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने अर्धशतक सिर्फ 23 गेंदों पर पूरा किया और वो ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड वनडे मैच में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

# युजवेंद्र चहल के इंटरनेशनल करियर पर लगा ब्रेक !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम को अगले महीने (अक्टूबर) तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है. इस टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान 28 सितंबर (शनिवार) को कर दिया गया. टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे. टीम में युवा खिलाड़ियों को जगह दी गई है. जबकि सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया गया है.

**टी20 वर्ल्ड कप के बाद से चहल नजरअंदाज:** इस टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी शामिल किया गया है. 33 साल के वरुण ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच टी20 वर्ल्ड कप 2021 में खेला था. वरुण को युजवेंद्र चहल पर तवज्जो दी गई है, जो उन्हीं की तरह लेगब्रेक गेंदें फेंकते हैं. वैसे चहल का एक बार फिर भारतीय टीम से बाहर रहना फैन्स को काफी हैरान कर रहा. चहल टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम का पार्ट थे, जहां उन्हें कोई मैच खेलने को नहीं मिला था. उस टी20 वर्ल्ड कप के बाद चहल टीम से ही गायब हो चुके हैं. चहल को जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी नहीं चुना गया था. साथ ही वो श्रीलंका टूर के लिए भी सेलेक्ट नहीं हुए थे. अब बांग्लादेश सीरीज से भी उन्हें बाहर का रास्ता दिखा गया. देखा जाए तो चहल काफी महीनों से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेल पाए हैं, जबकि कुछ दौरों पर वो टीम का हिस्सा रहे. 34 साल के युजवेंद्र चहल ने भारत के लिए अपना आखिरी टी20 मुकाबला पिछले साल अगस्त में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था. वहीं उनका आखिरी ओडीआई मैच पिछले साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ था. चहल को पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी. साथ ही 2024 की तरह 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में भी चहल कोई मैच नहीं खेल पाए थे, जो काफी चौंकाने वाला है.




**टी20 में भारत के सबसे सफल गेंदबाज:** युजवेंद्र चहल ने साल 2016 में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था. चहल भारत के लिए अब तक 72 वनडे और 80 टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खेल चुके हैं. वनडे इंटरनेशनल में चहल के नाम पर 27.13 की औसत से 121 विकेट दर्ज हैं, जिसमें दो पांच विकेट हॉल शामिल रहे. वहीं टी20 इंटरनेशनल में चहल ने 25.09 की औसत से 96 विकेट हासिल किए हैं.

इस दौरान उनका बेस्ट प्रदर्शन 25 रन देकर छह विकेट रहा है. टी20 इंटरनेशनल में चहल भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं. चहल ने अबतक भारत के लिए एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है.

## न्यूज बाइट्स

### दूसरी बार शराब पीने के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई एक साल कैद

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद की एक अदालत ने सोमवार को दूसरी बार शराब पीने के एक मामले में आरोपी को एक साल कैद की सजा सुनाई। यह सजा द्वितीय उत्पाद अनन्य कोर्ट के विशेष न्यायाधीश नीतीश कुमार की अदालत ने सुनाई। कोर्ट ने ओबरा निवासी अभियुक्त सरफराज आलम को एक वर्ष साधारण कारावास की सजा सुनाई। गौरतलब है कि 29 जुलाई 2023 को उत्पाद थाना के एएसआई दिलीप कुमार ऋषि ने कुटुम्बा चेकपोस्ट के पास से शराब के नशे में ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने के बाद उसे गिरफ्तार किया था। इस घटना को लेकर उत्पाद थाना में धारा 37 के तहत केस दर्ज किया गया था। यह जानकारी उत्पाद विभाग के विधि परामर्शी-1 शेखर कुमार ने दी। मामले में सरकार की ओर से स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने कोर्ट में बहस में भाग लिया।

### भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष की पत्नी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** भाजपा के हसपुरा मंडल के पूर्व अध्यक्ष सह निर्वाचन इकाई के जिला संयोजक अमन कुशवाहा की धर्मपत्नी संगीता देवी के निधन पर सोमवार को उनके पैतृक गांव धमनी में आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में गोह के विधानसभा प्रभारी सिद्धनाथ मिश्रा, जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा, मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, उपहारा मंडल अध्यक्ष राजीव विद्यार्थी, दीनानाथ विश्वकर्मा, दीपक उपाध्याय, भोला यादव, विक्कु त्रिपाठी, ज्योति नारायण सिंह, सुनील शर्मा, मोहन शर्मा, चितरंजन सिंह, नंदन यादव, चंद्रकांत मुन्ना, आनंद गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, सुरेश आर्य, ब्रजेश गुप्ता सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्त्ता शामिल रहे। सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना की।

### मई बुजुर्ग गांव में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के पोगर पंचायत के मई बुजुर्ग गांव में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का सीडीपीओ स्नेहा सिंह, मुखिया शंकर दयाल यादव, श्याम सुंदर यादव, प्रमोद यादव, नागेंद्र यादव एवं भीम यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।सीडीपीओ ने बताया कि 6 वर्ष के तक बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओ, किशोरियों, बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास यहां होगा। उन्होंने बताया कि सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था का विकास, पोषण वाटिका, एलईडी और ऑडियो विजुअल एवं वाई-फाई से लैस, आरओ पानी का सुविधा दिया गया है।

#### नहाने के दौरान हुआ हादसा, घर से करीब 100 मीटर दूर मिला शव

# नहर में डूबने से दो बच्चों की मौत

**निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद के फेसर में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना फेसर थाना क्षेत्र के दरियापुर नहर की है। मृतक किशोर की पहचान दरियापुर गांव निवासी सुनील साव के बेटे सचिन कुमार (12) और सरवन कुमार केसरी के बेटे राजधानी कुमार (12) के रूप में हुई है। दोनों आपस में चचेरे भाई थे। घटना को लेकर फेसर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रवि कुमार ने बताया कि रविवार की शाम करीब 5 बजे के आसपास दोनों किशोर साइकिल से गांव से कुछ दूर स्थित वाकण नहर की ओर गए थे। काफी रात होने पर घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित बाकन नहर के पास साइकिल और दोनों का कपड़ा मिला। लेकिन, दोनों किशोर गायब थे। बताया जाता है कि नहाने के दौरान हादसा हुआ है। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष सूरज कुमार, पीएसआई ज्योति कुमारी दलबल के साथ पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से दोनों किशोर को खोजने के लिए लगाया। करीब 30 मिनट बाद दोनों किशोर का शव बरामद हुआ। रात 10 बजे के आसपास ही पुलिस ने कागजी प्रक्रिया में जुड़ कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में लग गए। जानकारी के अनुसार मृतक राजधानी कुमार के पिता सरवन कुमार केसरी बाहर (अन्य राज्य) में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। वहीं, दूसरे मृतक सचिन कुमार के पिता सुनील साव गांव पर ही रहकर खेती-बाड़ी करते हैं। दोनों मृतक किशोर मां-बाप के इकलौते संतान थे। आपस में चचेरे भाई थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थिति में दोनों का शव बरामद हुआ है। उससे प्रतीत होता है कि दोनों की नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण मौत हुई है। क्योंकि दोनों का शव बगैर कपड़ा का बरामद किया गया है।

## सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में नैक एक्रीडिएशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



सोमवार को सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में नैक एक्रीडिएशन प्रोसेस पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में उपस्थित मुख्य अतिथियों को एनसीसी सीटीओ मनजीत कुमार और एनएसएस पदाधिकारी डॉ. निहारिका कुमारी के नेतृत्व में एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया। कार्यशाला का आरंभ महाविद्यालय गौरव गान और विश्वविद्यालय गौरव गान के साथ हुआ, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हर्षोल्लास से भाग लिया। इसमें पम्मी, मेघा, कुसुम, हर्ष, मनीषा, बुसरा, और गोल्डी ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साह से भर दिया। इसके बाद कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने स्वागत भाषण में नैक एक्रीडिएशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अगर किसी महाविद्यालय का नैक एक्रीडिएशन नहीं है, तो उसे यूजीसी के तहत 12ए और 12बी से वंचित किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. डॉ. शशी प्रताप शाही ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। उन्होंने कार्यशाला के आयोजन के लिए महाविद्यालय को बधाई दी और कहा कि नैक प्रक्रिया से घबराने की जरूरत नहीं है। नैक की मांग है कि महाविद्यालय लगातार शैक्षणिक और प्रशासनिक सुधार के कार्यों में लगा रहे, चाहे वह फैकल्टी डेवलपमेंट हो, रिसर्च हो, या अन्य शैक्षणिक गतिविधियां।

## दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने की पूजा समितियों के साथ शांति समिति की बैठक

**निज संवाददाता | रफीगंज(औरगाबाद)**



रफीगंज थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समितियो के सदस्यों के साथ शांति समिति का बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर मधु कुमारी जबकि संचालन थानाध्यक्ष गुफरान अली ने किया। इंस्पेक्टर एवं थाना अध्यक्ष ने बताया कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए प्रशासन मुस्तैद रहेगी, जिसमें समिति के सदस्यों का भी सहयोग जरूरी है। डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया। सभी पूजा समिति के सदस्यों को बताया गया कि पंडाल में आग से बचाव को लेकर बालू व पानी उपलब्ध रखें। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों ने प्रशासन एवं अधिकारियों से मांग किया कि पूरा शहर के नगर गली चौक चौराहो के सभी बिजली के खंभे पर लाइट लगाने, थाना के पुराना गेट से सूर्य मंदिर तक सड़क मरम्मत कराने , फेसरा रोड में धावा नदी तक लाइट लगाने, डीहवार स्थान से रेलवे स्टेशन ब्रिज तक सड़क बनाने एवं लाइट लगाने, लोहार गली से मेन रोड तक अतिक्रमण हटाने की मांग किया गया। इन समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को भी सौपा गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के उप चेयरमैन प्रतिनिधि दिलीप कुमार उर्फ कारू, पूर्व उप चेयरमैन हरेंद्र कुमार, शंकर शौडिक, प्रसाद सोनी, पवन सौंडिक, अशोक प्रसाद, विवेक सिंह, राहुल कुमार, कौशल कुमार, योगेंद्र ठाकुर, संजय कुमार, राजेंद्र पासवान एवं प्रदीप कुमार शामिल रहे।

## झाड़-फूंक न कर पाने पर ओझा की हत्या

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**



देव प्रखंड के देवा बिगहा गांव में अंधविश्वास और अंध श्रद्धा ने एक मासूम की जान ले ली और ओझा-गुनी के विवाद में एक व्यक्ति की निर्मम हत्या हो गई। एसडीपीओ अमित कुमार ने प्रेस वार्ता में इस पूरी घटना का खुलासा किया, जो 28 सितंबर 2024 को सामने आई। गांव में 2-3 दिन पहले गिरिजा भुईया के पुत्र की मृत्यु सांप के काटने से हो गई थी। इस घटना के बाद गिरिजा और उनके परिवारवालों ने गाँव के ओझा लखन भुईया पर आरोप लगाना शुरू कर दिया कि उसी ने मंत्रों से सांप बुलाकर उनके बेटे की जान ली है।

परिजनों का कहना था कि लखन भुईया झाड़-फूंक के बाद भी उनके बेटे को जिंदा नहीं कर सका, जिससे उनका गुस्सा और बढ़ गया। अंततः, शव के दफनाने के बाद, गिरिजा और उनके परिवारवालों ने लखन भुईया को जान से मारने की धमकी दे डाली। 28 सितंबर को, गिरिजा भुईया और उनके परिवार के सदस्य लखन भुईया के घर पहुंचे। वहाँ उन्होंने लखन के साथ गाली-गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद, वे लखन को जबरदस्ती अपने पुत्र के दफन स्थान पर ले गए, जहाँ फिर से उसकी पिटाई की गई।

### पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के देवहरा निवासी रौशन कुमार पिता दिनेश चौधरी को पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। रौशन कुमार पर गोह थाना में कांड संख्या 287/24 दर्ज था।

पुलिस ने बताया कि रौशन कुमार के घर से चोरी की बाइक बरामद हुई थी, लेकिन वह फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गोह पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद है।

## श्रम अधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में श्रमिकों को मिला योजनाओं का लाभ



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शहर के जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) के सभागार में श्रम संसाधन विभाग द्वारा सोमवार को श्रम अधिकार दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक पंचायत से एक-एक श्रमिक एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला में शामिल हुए। इस दौरान श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान दी गई। उपस्थित श्रमिकों को एक दिन की मजदूरी का भुगतान एवं मार्गव्यय भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 7 श्रमिकों के आश्रितों को स्वीकृत्यादेश की प्रति प्रदान की गई। बिहार प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के तहत मृत प्रवासी श्रमिक के परिजनों को एक लाख का चेक मगध प्रमंडल के उप श्रमायुक्त द्वारा प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत दो श्रमिकों को विवाह सहायता, 7 श्रमिकों के बच्चों को 10वीं एवं 12वीं कक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर नकद पुरस्कार, 10 श्रमिकों को साइकिल अनुदान एवं एक श्रमिक को पितृत्व लाभ प्रदान किया गया। साथ ही 10 निबंधित निर्माण श्रमिकों को निबंधन कार्ड के प्रति प्रदान की गई।

### श्रीकृष्ण सामाजिक सेवा संघ का सदस्यता अभियान आरंभ

गोह( औरंगाबाद )(एसएनबी )। श्रीकृष्ण सामाजिक सेवा संघ, गोह द्वारा सदस्यता अभियान की शुरुआत करने को लेकर तुलसी बिगहा स्थित कार्यालय मे राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व मे बैठक की गईं। बैठक में सदस्यता प्रभारी के रूप में प्रो. डा. राधा कृष्ण कुमार को मनोनीत किया गया। सदस्यता अभियान आगामी 6 अक्टूबर से 28 फ़रवरी तक तीन भागों में चलाया जाएगा, जिसमें प्रखंड प्रभारी अजय यादव, सुबोध कुमार और सुजीत कुमार सदस्यों के साथ मिलकर गोह प्रखंड के सभी 20 पंचायत मे कार्य करेंगे। श्रीकृष्ण सामाजिक सेवा संघ के उत्थान और आपसी सद्भाव, प्रेम, संस्कृति संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े कार्यों में जन-जन को जोड़ने की इस मुहिम को आगे बढ़ना चाहती हैं ताकि समाज के इस संगठन के माध्यम से सभी लोगों को सेवा पहुंचे।

## सीडीपीओ ने किया सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

**निज संवाददाता | मदनपुर(औरंगाबाद)**

मदनपुर प्रखंड की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी(सीडीपीओ) स्नेहा सिंह ने हरि बिगहा में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर मेहंदी, रंगोली, ड्राइंग एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 32 किशोरियों ने भाग लिया। महिला पर्यवेक्षक सबीना परवीन द्वारा 12 चयनित किशोरियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चयनित किशोरियों में अर्चना कुमारी, खुशी कुमारी फर्स्ट, पूजा कुमारी, सोनी कुमारी, स्वीटी कुमारी, रश्मि कुमारी, विनीता कुमारी, रूपा कुमारी और प्रिया कुमारी शामिल है।



बिहार सरकार
मुख्यमंत्री
बिहार

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस
(1 अक्टूबर, 2024)

संदेश

वृद्धजनों के प्रति प्रेम, आदर एवं सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है। हमारे बुजुर्ग अपने अनुभवों से समाज और नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाते हैं और घर–परिवार में रिश्तों की बुनियाद को मजबूती देते हैं। इनके मार्गदर्शन से हमारा परिवार एवं समाज उन्नत व समृद्धशाली बनता है।

वृद्धजन हमारे समाज के महत्वपूर्ण आधार स्तंभ हैं, परन्तु वर्तमान सामाजिक परिवेश में वृद्धजनों को गैर जरूरी मान लिया जाता है और उन्हें उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता है। वृद्धजनों तथा वर्तमान पीढ़ी के बीच वैचारिक अंतराल भी एक समस्या के रूप में सामने आया है। यह गंभीर चिन्ता का विषय है। इन विषम परिस्थितियों से वृद्धजनों के प्रति प्रेम, सम्मान जरूरी है और उनकी देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी है।

राज्य सरकार द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वृद्धजनों के जीवन को सुखमय बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है ताकि हमारे वृद्धजन सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा कई सामाजिक सुरक्षा योजनायें चलायी जा रही है जिससे वृद्धजन लाभान्वित हो रहे हैं।

मैं अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर राज्य के सभी वृद्धजनों को हार्दिक बधाई देता हूँ तथा उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करता हूँ। आईये, इस अवसर पर बुजुर्गों के प्रति समर्पण भाव से सेवा का संकल्प लें तथा उनके जीवन को सुखी बनाने का प्रण लें।

(नीतीश कुमार)

PR. No. 009543 (SWD)D. 2024-25



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस
(1 अक्टूबर, 2024)

संदेश

वृद्धजनों का आदर व सम्मान करना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है । उनके मार्गदर्शन एवं ज्ञान से हमारा परिवार व समाज सशक्त और सुदृढ़ बनता है।

पाश्चात्यीकरण के सामाजिक अंधानुकरण के परिणामस्वरूप हमारा समाज एकल परिवार आधारित बनता जा रहा है। इस कारण वरिष्ठ नागरिकों को भावनात्मक, सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वृद्धजनों की समुचित देख–रेख, उनकी सुरक्षा एवं साधिकार गरिमापूर्ण जीवन उपलब्ध कराना हम सभी का कर्त्तव्य है।

आइए, हम सब मिलकर **"अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस"** के अवसर पर वृद्धजन के प्रति अपने सामाजिक एवं नैतिक कर्त्तव्यों का पूर्णरूपेण निर्वहन करने तथा एक सशक्त एवं विकसित समाज व राष्ट्र के निर्माण में निष्ठापूर्वक अपना योगदान देने का संकल्प लें।

**राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर**

PR. No. 009486 (SWD)D. 2024-25

बिहार सरकार

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस
(1 अक्टूबर, 2024)

[संदेश]

वरिष्ठ नागरिकों का आदर एवं सम्मान करना भारतीय संस्कृति की प्राचीन परम्परा रही है। इनके प्रति सम्मान एवं सेवा का भाव भारतीयता के मूल में निहित है।

वरिष्ठ नागरिक अनुभव, मार्गदर्शन, कौशल और ज्ञान के अमूल्य स्रोत हैं। पुरातन काल से ही वरिष्ठ नागरिकों ने समाज में अतिमहत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे अनुभव से भरे जीवन के माध्यम से अर्जित ज्ञान का प्रतिनिधित्व करते हैं।

वरिष्ठ नागरिकों की समुचित देख–भाल तथा उनके गरिमामयी जीवन के लिए प्रयत्न करना हम सभी का सामाजिक एवं नैतिक कर्त्तव्य है। वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सादर सेवाभाव से परिवार में संस्कार एवं तदनुरूप समाज में समृद्धि तथा राष्ट्रीय गौरव का विकास होता है।

आईये, हम सभी **"अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस"** के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के प्रति अपने कर्त्तव्यों के निष्ठापूर्वक निर्वहन का संकल्प लें।

**मदन सहनी**
**मंत्री**
**समाज कल्याण विभाग, बिहार**

PR. No. 009487 (SWD)D. 2024-25